हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● बुधवार ● 25.06.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 331 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### सचिवालयों में लगातार चार दिन की छुट्टी

**रांची** : राज्य सरकार के सचिवालयों में लगातार चार दिन तो क्षेत्रीय कार्यालयों में तीन दिन की छुट्टी रहेगी। रथ यात्रा को लेकर सचिवालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में 27 जून को छुट्टी है। 28 जून को शनिवार होने के कारण सचिवालयों में साप्ताहिक छुट्टी है। 29 जून को रविवार एवं 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर सचिवालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में छुट्टी है। स्कूल कॉलेज भी रथ यात्रा और हूल दिवस को लेकर बंद हैं। इस तरह सचिवालयों में 27 जून से 30 जून तक लगातार चार दिन की छुट्टी है।

### झाप्रसे के 10 अधिकारियों को मिली अपर सचिव रैंक में मिली प्रोन्नति

**रांची** : राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों को संयुक्त सचिव से अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा आज अधिसूचना जारी कर दी गयी। मालूम हो कि इसमें कुछ अधिकारी जल्द ही रिटायर होनेवाले हैं।

# ट्रंप की अपील हवा में, संघर्षविराम के बाद भी गरजे ईरानी मिसाइल

## इजराइल बोला-अब खैर नहीं... 'कांप उठेगा तेहरान'



एजेंसी

**तेहरान** : ईरान और इजराइल के बीच संघर्षविराम लागू होने के कुछ वक्त के भीतर ही इजराइल ने दावा किया कि ईरान ने उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी हैं जिनका वह कड़ा जवाब देगा। इजराइल के इस बयान के साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अस्थायी संघर्षविराम पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पश्चिम एशिया में जारी 12 दिनों के संघर्ष को समाप्त करने के लिए इजराइल और ईरान द्वारा संघर्षविराम को स्वीकार किए जाने के बाद मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल में विस्फोटों की आवाजें गूंजने लगीं और सायरन बजने लगे। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने और शासन के लक्ष्यों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए गहन अभियान फिर से शुरू करने का निर्देश दिया।

संघर्षविराम समझौते की घोषणा मंगलवार सुबह की गई। इससे पहले ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी हमला किया था। ट्रंप की घोषणा और संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी वहीं ईरान ने भी मंगलवार सुबह इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए। इजराइल ने कहा कि उसने संघर्षविराम के कुछ घंटों बाद सुबह-सुबह मिसाइलों की बौछार को रोक दिया है। मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के वित्त मंत्री बेत्जेल स्मोट्रिच ने 'एक्स' पर लिखा, ''तेहरान कांप उठेगा।''

### ईरान जारी रखेगा परमाणु कार्यक्रम कहा- हमें कोई नहीं रोक सकता है

**तेहरान** : ईरान की परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका और इजरायल के हालिया हमलों से हुई क्षति के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इस्लामी ने कहा, हमारा परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और इसे कोई नहीं रोक सकता। पुनर्निर्माण की योजनाएं तैयार हैं। यह बयान इजरायल द्वारा 13 जून से शुरू हुए सैन्य हमलों और अमेरिका द्वारा 21 जून को फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों पर इ-2 स्टील्थ बॉम्बर्स से किए गए हमलों के बाद आया है। इजरायल ने दावा किया कि उसने ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को "काफी हद तक नष्ट" कर दिया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को "शानदार सैन्य सफलता" करार दिया। हालांकि, सैटेलाइट इमेजरी से पता चलता है कि फोर्डो में आंशिक क्षति हुई, और ईरान ने दावा किया कि उसने हमलों से पहले अपने यूरेनियम भंडार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर लिया था।

### गंगाराम अस्पताल दिल्ली में गुरुजी से मिले हेमन्त सोरेन



**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को दिल्ली के गंगाराम अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पिता और झारखंड आंदोलन के प्रणेता शिबू सोरेन (गुरुजी) से मुलाकात की। गुरुजी इन दिनों स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार हेमन्त सोरेन दो दिनों तक दिल्ली में रहेंगे। इस दौरान वे इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। माना जा रहा है कि राजनीतिक विमर्श और आगामी रणनीतियों को लेकर भी चर्चा संभव है।

### लालू यादव लगातार 13वीं बार बने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष



एजेंसी

**पटना** : राष्ट्रीय जनता दल में चल रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पूरा हो गया। लालू प्रसाद यादव को लगातार 13वीं बार निर्वोरिध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने अधिसूचना जारी कर इसकी पुष्टि की है। निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि लालू प्रसाद यादव 13वीं बार राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। मंगलवार को नाम वापस लेने का समय दोपहर 3:00 बजे तक का था। लालू प्रसाद यादव ने सिर्फ नामांकन किया था। उन्होंने नामांकन वापस नहीं लिया जिसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने लालू यादव को निर्वाचित घोषित कर दिया। लालू प्रसाद यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन पत्र 5 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय परिषद की बैठक में दिया जाएगा।




एक नजर

## केडीसीए की वार्षिक आम सभा की बैठक संपन्न

**कोडरमा** : कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा 24 - 25 कोडरमा स्थित होटल सेलिब्रेशन में सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने की और संचालन केडीसीए के सदस्य सह अधिवक्ता जय पांडेय ने किया। बैठक में अध्यक्ष ने आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से केडीसीए अच्छा कार्य कर रहा है और आगे भी आप सबके सहयोग और विचार से सहमति बनाकर अच्छे कार्य किए जायेंगे। सचिव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि सत्र 24- 25 में कोडरमा जिला के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग में अच्छा प्रदर्शन किया। जिला की अंडर 14 टीम फाइनल खेली ,अंडर 16 टीम क्वार्टर फाइनल खेली, अंडर-19 में पीयूष सिंह ने शतक के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। अंडर 23 के खिलाड़ी रोहित भारती और विकास कुमार यादव ने जेएससीए द्वारा आयोजित जोनल टीम में अपना स्थान बनाया। सीनियर खिलाड़ी हर्ष सिंह ने रणधीर वर्मा ट्रॉफी में शतक लगाकर फिर से एक बार अपनी प्रतिभा साबित की। हमारी महिला टीम ने भी इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले अंडर 14 के खिलाड़ी सूरज मंडल ने दोहरा शतक लगाकर पूरे झारखंड में अपनी प्रतिभा साबित की । इसी प्रकार से कई ऐसे खिलाड़ी रहे जिन्होंने कोडरमा जिला से खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। कोषाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने बैठक में आय व्यय का ब्योरा दिया और कहा कि सीमित संसाधन के बावजूद केडीसीए व्यवस्था देने में कभी पीछे नहीं रहा। चाहे वह टर्फ विकेट का निर्माण हो या फिर टर्फ विकेट पर खिलाड़ियों को खेलने का मौका देना हो। उपस्थित सबों ने इसे सर्व सम्मति से स्वीकारा और कहा की क्रिकेट का एक अपना मैदान हो इसके लिए प्रयास करना चाहिए।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में नशा मुक्ति अभियान का किया गया आयोजन

**कोडरमा** : राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा द्वारा दिनांक 11.06.2025 से 23.06.2025 तक राज्यव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार के नेतृत्व में यह अभियान नशे के विरुद्ध समाज में चेतना फैलाने के उद्देश्य से संचालित हुआ। कार्यक्रम के तहत संस्थान में मादक पदार्थों की रोकथाम पर कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, रोल प्ले, कविता पाठ, चित्रांकन, निबंध लेखन एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही छात्राओं द्वारा संस्थान परिसर एवं उसके आस-पास मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा संगोष्ठी कार्यक्रम, ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्र और संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर अयोध्या कुमार ने भी साइकिल रैली के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई और युवा छात्राओं को इस कार्य के लिए उत्साहित किया। इस पूरे अभियान में सभी व्याख्याताओं को विभिन्न गतिविधियों की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिससे कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से सफल बनाया जा सका। कार्यक्रम के समन्वयक संतोष कुमार व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर, व्याख्याता मनोज यादव व्याख्याता अखिलेश कुमार व्याख्याता मनोरंजन कुमार व्याख्याता शाहीन अथर वही व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर संतोष कुमार ने निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम के रोकथाम हेतु कार्यक्रम के अंतिम दिन ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि ह्लसंस्थान की यह पहल न केवल छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए है, बल्कि इसका उद्देश्य गांव के उन लोगों तक भी पहुंचना है जो मादक पदार्थों का सेवन करते हैं।

# भाजपाइयों ने कानून व्यवस्था व योजनाओं में लूट के खिलाफ उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : झारखंड में बदहाल कानून व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए प्रखण्ड कार्यालय में उपायुक्त हजारीबाग के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है और आमजन भय और असुरक्षा में जीने को विवश हैं। ज्ञापन के माध्यम से भाजपा ने कहा कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। चौपारण प्रखंड की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यहां की अधिकांश सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं। भ्रष्ट अधिकारियों और बिचौलियों के गठजोड़ के कारण योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पार्टी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि आयुष्मान भारत योजना लगभग बंद पड़ी है और अस्पतालों में न डॉक्टर हैं, न दवाएं, न ऑक्सीजन और न एम्बुलेंस की सुविधा। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशन महीनों से रुकी हुई है, जिससे हजारों लाभार्थी संकट में हैं। ज्ञापन में सरकार पर जातिवाद और नियुक्तियों में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया। पार्टी ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार जनता के हित में ईमानदारी से काम नहीं करती, तब तक भाजपा जनांदोलन के माध्यम से अपनी लड़ाई जारी रखेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यक्रम प्रभारी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,जीप सदस्य आरती कौशल, रामस्वरूप पासवान, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, महामंत्री आशीष सिंह, अरविंद कुमार सिंह, कृष्णा साव, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकुंद साव, विकास यादव, जानकी यादव, सुनील शेखर, पप्पू रजक, विजय यादव, बंटी गुप्ता व अशोक केशरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि जनता की आवाज को सरकार तक पहुँचाना भाजपा का कर्तव्य है और यदि जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

## लालू प्रसाद यादव बने 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लालू प्रसाद यादव की 13 वीं बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजद नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है। राजद के वरिष्ठ नेता और कोडरमा से राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने लालू प्रसाद यादव को उनकी नेतृत्व क्षमता और पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा की है और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है। यादव ने बताया कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओ के संदेश दिया है कि वह पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी को और मजबूत बनाने और समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा करने के लिए काम करते रहेंगे।लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वापसी से राजद की मजबूती और भी बढ़ गई है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में एकजुट होकर काम करेंगे और पार्टी के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के 13 वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, डॉ जावेद अख्तर, सरफराज खान, मो मुबारक, घनश्याम तुरी, अशोक दास, रघुनाथ दास, कुलदीप यादव,डॉ कमाल खान, जैकी यादव, दीपक यादव, महेश यादव, बबलू यादव, परवेज खान समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

## इटखोरी में भाजपा का जनाक्रोश रैली व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**इटखोरी** : पूरे राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार व राज्य सरकार की दमनकारी नीति के विरुद्ध भाजपा द्वारा राज्यव्यापी आयोजित कार्यक्रम के तहत जनाक्रोश रैली व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन इटखोरी प्रखंड कार्यालय के समीप किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार सिंह संचालन प्रखंड महामंत्री शिव कुमार राणा ने किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास ने कहा कि झारखंड के इतिहास में सबसे अधिक भ्रष्ट सरकार वर्तमान सरकार है आज के दौर में हर जगह अपराधी हावी है खुलेआम पुलिस को चुनौती दी जा रही है लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन नींद में सोई हुई है और लोगों में भय का माहौल है। अगर भ्रष्टाचार में सुधार नहीं हुआ तो पार्टी के निदेशानुसार सभी कार्यालय में ताला लगाने का काम किया जाएगा और सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन की जाएगी। रामकुमार सिंह ने कहा व्यावसायिक लोगों को खुलेआम चुनौती जा रही है जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है।

तथा विकास काम ठप है। जनाक्रोश रैली की शुरूआत इटखोरी चौक से की गई जो थाना रोड होते हुए इटखोरी प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा और धरना में तब्दील हो गया। मौके पर मुख्य रूप से राजेंद्र राम,निरंजन सिंह, गौपाल सिंह टूनी सिंह, नगीन सिंह, रणधीर सिंह, ,बेचन साव, रामपति राम, सेवंती कुमारी, किशोर राणा, बैजनाथ साव, समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## कांग्रेस नेता ने नगर निगम क्षेत्र का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह एक बार फिर पूरी सक्रियता के साथ जनपथ पर उतरे। मंगलवार को उन्होंने शहर के कुम्हार टोली पार नाला, गांधी स्मारक पार नाला तथा अन्य जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालियों की जाम स्थिति, जल निकासी की अव्यवस्था, संकीर्ण पुलियों और झुके हुए बिजली के खंभों जैसी बुनियादी समस्याओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान जब वे वार्ड संख्या 25 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के पास पहुँचे, तो स्थानीय नागरिकों ने उन्हें नाली की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। नाली के गंदे पानी से फैलती दुर्गंध और मच्छरों की समस्या ने वहाँ की स्थिति को और गंभीर बना दिया था। मुन्ना ने न केवल स्थिति को गंभीरता से देखा, बल्कि तुरंत नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत और सफाई कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार वार्ड संख्या 24 में एक संकीर्ण पुलिया वर्षों से स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। हर वर्ष बारिश के दिनों में वहाँ जलजमाव की विकराल समस्या खड़ी हो जाती है, जिससे लोगों का दैनिक आवागमन बाधित होता है। इस विषय को भी सिंह ने पूरी गंभीरता से लिया और निगम के अभियंताओं से कहा कि पुलिया की नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गार्डवाल निर्माण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ हो। जबकि शहर के विभिन्न मोहल्लों में वर्षों से झुके हुए बिजली के पोल भी अब सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। इन पोलों के आसपास से गुजरने में लोग भय महसूस करते हैं। सिंह ने इस समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे चिन्हित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सभी खतरनाक पोलों को अविलंब दुरुस्त करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस निरीक्षण यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों, वार्ड प्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या उनके साथ थी। लोग अपनी-अपनी समस्याएं सामने रख रहे थे और मुन्ना सिंह उन्हें गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को त्वरित निर्देश दे रहे थे। कार्तिक राम, विनोद राम, सुनील केशरी, दीलचंन्द राम, मनिश सिंह, बबलू सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ में भाजपा ने किया आक्रोश रैली सह धरना प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच** : भाजपा नगर पंचायत के द्वारा एकदिवसीय सह आक्रोश रैली सह धरना प्रदर्शन डोमचांच प्रखंड परिसर में किया गया। जिसमें नेताओं ने नारा लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार होश में आओ पदाधिकारी की मनमानी नहीं चलेगी। कुछ देर के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पांडेय को भाजपा नगर पंचायत के द्वारा ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया जमीन के दाखिल खारिज में घूसखोरी बंद की जाए, जमीन का म्यूटेशन होने के बाद तुरंत रसीद निर्गत किया जाए, बिजली के लच्चर को तत्काल ठीक कराया जाए, नल जल योजना में घूसखोरी बंद किया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना में व्याप भ्रष्टाचार बंद किया जाए, डीप बोरिंग में व्याप्त भ्रष्टाचार बंद किया जाए, जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र में लापरवाही न बरती जाए, पेंशन योजना का अभिलंब भुगतान किया जाए।

# पीपीटी के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की उपायुक्त को दी गयी जानकारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला लीड पीरामल फाउंडेशन सिल्वेस्टर टोपनो के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत अलग-अलग क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित करने अधिकारियों को दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा नीति आयोग अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों में सूचकांक वार कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके उनके विभाग से संबंधित सूचकांक में प्रतिमाह आ रहे बदलाव पर विशेष ध्यान देने आंकड़ों का सही तरीके से आकलन व मूल्यांकन करने का निर्देश किया। मौके पर उपायुक्त ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए इस दिशा में कार्य करने को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रामगढ़** : उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर आधारित्त जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ सुरेंद्र कुमार दिनकर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी एसएसजी-2025 का आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा सर्वे किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं अन्य विभाग के द्वारा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत किये गये कार्यों तथा उसका उपयोग का अवलोकन किया जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

## मांडू विधायक पर जयराम महतो को अभद्र भाषा बोलने का गंभीर आरोप





**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत आरा कांटा निवासी दोह माता द्वारा कुजू ओ पी में आवेदन देकर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है। कि हरिवंश टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेलगांव रांची में आजसू पार्टी के आयोजित कार्यक्रम बलिदान दिवस में शामिल मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो से एक पत्रकार द्वारा जयराम महतो को लेकर सवाल पूछे जाने पर जेएलकेएम के सुप्रीमो जयराम महतो को निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो द्वारा अभद्र अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है। जिसे मांडू के जेएलकेएम कार्यकर्ता मैं काफी नाराजगी है नाराजगी दिखाते हुए जेएलकेएम के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता दाहो महतो द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने को लेकर तिवारी महतो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने को कहीं गई है।

## जल जमाव की गंभीर समस्या को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण उत्पन्न जलजमाव की गंभीर स्थिति को देखते हुए भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने उपायुक्त रामगढ़ को एक मांग-पत्र सौंपा। इस आवेदन के माध्यम से उन्होंने शहरी क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने और कई इलाकों में लोगों के घरों, दुकानों, अस्पतालों, स्कूलों तथा प्रमुख मार्गों पर जलजमाव के कारण आमजन जीवन प्रभावित होने की चिंता जताई। धनंजय कुमार पुटूस ने उपायुक्त से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर अविलंब आवश्यक कार्रवाई की जाए: जलनिकासी हेतु स्थायी एवं अस्थायी उपायों की त्वरित व्यवस्था की जाए। जलभराव से प्रभावित इलाकों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। जल निकासी के लिए आवश्यक संसाधनों जैसे मोटर पंप आदि की व्यवस्था की जाए। नगर परिषद और छावनी परिषद के संयुक्त समन्वय से स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर वे हमेशा सजग रहते हैं और इस विषय को लेकर भी आम जनता की आवाज को प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुँचा रहे हैं। यह आवेदन जनहित में दिया गया है और शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की गई है।

## सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**चौपारण** : प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन चौपारण प्रखंड स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चौपारण के अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। टूर्नामेंट में प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के सैकड़ों बच्चे भाग लेने के लिए उपस्थित हुए। मौके पर सीओ सजंय यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और उन्हें भविष्य में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। 17 वर्ष से कम आयु बालक वर्ग में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय टोइया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय ब्रह्मोरिया ने हासिल किया। बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय भटबिगहा की लड़कियों ने बाजी मारी, जबकि द्वितीय स्थान पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चौपारण रहा। वहीं 15 वर्ष से कम आयु समूह में कन्या मध्य विद्यालय चौपारण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन का संचालन प्रखंड संसाधन केंद्र चौपारण द्वारा किया गया था। बीपीएम मोहम्मद आरिफ ने पूरे मुस्तैदी से टूर्नामेंट का प्रबंधन किया। फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में शिक्षक डॉ. प्रदीप साहू, जनार्दन प्रसाद वर्मा, कमलेश कुमार कमल, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार दास, कैसर आलम, मृत्युंजय सिंह, बदीउज्जमा, सुबोध सिंह, सौरव सिंह, किशन कुमार, प्रदीप कुमार, निशु कुमारी, राजेश राम, बसंत कुमार, दिलीप कुमार, और जमुना कुमार सहित अन्य विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे। मंच संचालन जनार्दन प्रसाद वर्मा और सुबोध सिंह ने किया, जबकि पंजीकरण का कार्य डॉ. प्रदीप साहू, राजेश कुमार राम, बदीउज्जमा और मृत्युंजय सिंह ने किया। टूर्नामेंट के दौरान जिला परिषद सदस्य आरती कौशल ने भी शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जिससे खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

## मंडल कारा मे पड़ा छापा, कोई आपत्तिजनक समाग्री नही हुआ बरामद

**चतरा** : राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सोमवार देर रात अचानक मंडल कारा में छापेमारी की. पुलिस की टीम ने जेल के अंदर हर जगह छानबीन की। लेकिन जांच के दौरान कोई भी नशीला पदार्थ या आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली और पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। बता दें कि यह छापेमारी ऐसे समय में हुई है जब राज्य भर की जेलों में नशीले पदार्थों और अन्य अवैध सामानों की तस्करी की खबरें आम बात है। इसी के मद्देनजर वरीय अधिकारियों ने जेलों में औचक निरीक्षण के सख्त निर्देश दिए थे। चतरा पुलिस ने भी इन निदेर्शों का पालन करते हुए मंडल कारा में देर रात छापा मारा। पुलिस सूत्रों के अनुसार छापेमारी दल ने जेल के विभिन्न बैरकों, शौचालयों और अन्य संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। लेकिन कहीं से भी किसी प्रकार का नशीला पदार्थ, मोबाइल या अन्य निषिद्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। जेल के अंदर लाख सावधानियो के बाद भी नशीले पदार्थ पहुंचना जेल कर्मियों की संलिप्ता से इंकार नही किया जा सकता है जिेल से छूटने के बाद बाहर आये एक बंदी ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया की जेल के अंदर खैनी आम बात है। जब जेल मे कड़ाई बढ़ जाति हैं तो जेल के अंदर काम करने वाले नाई एंव सफाई कर्मी अपना खैनी के बहाने ले जाते हैं और मनचाहा दामों पर बेचते हैं। उन्होंने आगे बताया की बाहरी छापा पड़ने पर जेल के अंदर काम करने वाले कारा सिपाहियों के माध्यम से सभी बंदियों को सूचना दे दिया जाता हैं जिसके बाद सभी अवैध वस्तुओं को बाथरूम मे डाल दिया जाता हैं और नही तो सिपाही को ही जिम्मा लगा दिया जाता है।

# जनता दरबार में मंत्री ने सुनी 63 फरियादियों की समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कांग्रेस भवन में मंगलवार को जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता और आम लोगों की समस्याओं से अवगत हुईं। जनता दरबार में जन समस्याओं से अवगत होने तथा उसके निराकरण की दिशा में किए जाने वाले प्रयास की मॉनिटरिंग करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कहा कि आम लोगों का कांग्रेस पर विश्वास और भरोसे को देखते हुए सभी मंत्रियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस कार्यालय में किया जाये। उन्होंने कहा कि हर जनता दरबार के समस्याओं को पूरी तरह से सूचीबद्ध किया जा रहा है और समय-समय पर मंत्रियों की ओर से जनता दरबार में आए लोगों की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में की जा रही कार्रवाइयों का प्रगति प्रतिवेदन भी कांग्रेस मुख्यालय में भेजा जा रहा है।
जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हमारे समक्ष कई मामले सामने कई प्रखंडों में वर्षों से जमे पदाधिकारी के तबादले, सड़क निर्माण, चिकित्सा के अलावे अन्य मामले भी सामने आए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के थे बनने वाले सड़क निर्माण का मामला भी आया। इसपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया में समय लगता है। जनता दरबार कांग्रेस की बेहतरीन पहल है। इसमें जनता हमसे संवाद कर अपनी बातों को रखती है,हम हर समस्या के समाधान के लिए सजग हैं,हमारांची। 24 जून। जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस का पहल लगातार जारी है इस क्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह जनता दरबार में कार्यकर्ता एवं लोगों की समस्याओं से अवगत हुईं।
जनता दरबार में जन समस्याओं से अवगत होने तथा उसके निराकरण की दिशा में किए जाने वाले प्रयास की मॉनिटरिंग करने हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम लोगों का कांग्रेस पर विश्वास और भरोसे को देखते हुए सभी मंत्रियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस कार्यालय में किया जाये। उन्होंने कहा कि हर जनता दरबार के समस्याओं को पूरी तरह से सूचीबद्ध किया जा रहा है तथा समय-समय पर मंत्रियों द्वारा जनता दरबार में आए लोगों की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में की जा रही कार्रवाइयों का प्रगति प्रतिवेदन भी कांग्रेस मुख्यालय में भेजा जा रहा है।
जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हमारे समक्ष कई मामले सामने आए कई प्रखंडों में वर्षों से जमे पदाधिकारी के तबादले, सड़क निर्माण, चिकित्सा के अलावे अन्य मामले भी सामने आए हैं। ग्रामीण विकास से सड़क निर्माण का मामला भी आया है जिस पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सड़क निर्माण की प्रक्रिया में समय लगता है। जनता दरबार कांग्रेस की ओर से यह एक बेहतरीन पहल है। हम हर समस्या के समाधान के लिए सजग हैं। हमारा प्रयास है कि जो सामान्य प्रक्रिया के तहत दूर होने वाली समस्याएं हैं वे तुरंत दूर हो। कई समस्याओं पर विभिन्न जिलों के उपायुक्त और वरीय पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। मंत्री ने कहा कि जिन मुद्दों पर ज्यादा फॉलोअप कि आवश्यकता होगी उसे विभागीय स्तर पर करके प्रदेश कार्यालय को सूचित किया जाएगा।
जनता दरबार की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष 63 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। जनता दरबार में आए मामलों में पथ निर्माण से नौ, तबादलों के तीन, जमीन संबंधी आठ,अबुआ आवास से चार, कर्ज माफी से तीन, आर्थिक सहायता के संदर्भ में दो, इलाज संबंधी चार के अलावा अन्य विभिन्न मसलों पर लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।

## एक नजर

### एलएलबी की प्रवेश परीक्षा पांच जुलाई को

**रांची :** छोटानागपुर लॉ कॉलेज में एलएलबी–एलएलएम में एडमिशन के लिए फॉर्म जमा (रजिस्ट्रेशन) हो रहा है। इच्छुक और अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी एलएलबी के लिए 30 जून तक फॉर्म जमा कर सकते हैं। प्रिंसिपल डॉ. पंकज चतुर्वेदी ने मंगलवार को बताया एलएलबी की प्रवेश परीक्षा पांच जुलाई को आयोजित की जाएगी, जिसका रिजल्ट 22 जुलाई को जारी किया जाएगा। इसमें चयनित स्टूडेंट्स का एडमिशन 25 जुलाई से छह अगस्त तक किया जाएगा। जबकि इसकी कक्षाएं 18 अगस्त से शुरू होंगी। इसी प्रकार एलएलएम में प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई को होगी, जिसका रिजल्ट 31 जुलाई को जारी किया जाएगा।

### कल मनाया जायेगा एसोसिएशन अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस

**रांची :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता सह हिन्दी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने मंगलवार को कहा कि आगामी 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह दिवस नशे की लत और ड्रग्स तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज और व्यवस्था के लिए संकट है। इसलिए समाज से हर तरह के नशे की उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। सर्राफ ने नशा मुक्त समाज के लिए शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास केंद्रों को बढ़ावा देने की जरूरत बताई और युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें।

### हेमन्त सरकार के खिलाफ बीजेपी का प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन

**रांची :** झारखंड में हेमंत सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को प्रदेशव्यापी प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया। राज्यभर के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अलग-अलग नेताओं की अगुवाई में यह प्रखंड स्तरीय प्रदर्शन जारी है। रांची में भी कई प्रखंड में बीजेपी नेताओं के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि चाहे अंचल कार्यालय हो या प्रखंड स्तरीय कार्यालय सब भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है। बिना पैसे लिए कहीं भी काम नहीं होता है। बीजेपी ने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और आम जनता बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है। प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि अवैध बालू, पत्थर और कोयला खनन खुलेआम हो रहा है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

# डॉ पार्वती तिर्की को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार मिलने पर मंत्री ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की बेटी डॉ पार्वती तिर्की को उनकी कविता संग्रह फिर उगना के लिए वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार प्रदान किया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को रांची में उनसे मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने बकायदा अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल में कहा है कि डॉ पार्वती तिर्की को मिला यह सम्मान न केवल साहित्यिक क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि को दर्शाता है, बल्कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा भी दिलाता है।
उनकी यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व की बात है और उम्मीद की जाती है कि वे साहित्यिक दुनिया में आदिवासियत की मजबूत आवाज बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि डॉ तिर्की की रचनाएं आदिवासी जीवन, संघर्ष, प्रकृति और अस्मिता को गहराई से उकेरती हैं। उनकी लेखनी में अपनी जड़ों से जुड़ाव, सामाजिक संदेश और सांस्कृतिक चेतना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कविता 'फिर उगना' पुनर्जागरण, उम्मीद और पहचान की गूंज है। मंत्री ने बताया कि डॉ तिर्की से हुई भेंट में यह अनुभव हुआ कि वह साहित्य को समाज के परिवर्तन का माध्यम मानती हैं। उनकी यह उपलब्धि युवा पीढ़ी को अपनी परंपरा, भाषा और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा देती है।


# बंधु तिर्की ने की केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक से मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मंगलवार को नई दिल्ली में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक से मुलाकात की। इस दौरान बंधु तिर्की ने झारखंड में कांग्रेस के संगठनात्मक काम - काज और विस्तार को लेकर चर्चा किया।
पूर्व मंत्री ने संगठन सृजन को लेकर राज्य में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक चलाये जा रहे अभियान की जानकारी भी दी। झारखंड में कांग्रेस का संगठन कैसे प्रभावशाली बने और इसके साथ-साथ जनता से जुड़ी हुई समस्याओं का कैसे समय रहते समाधान हो इस पर सबसे ज्यादा फोकस करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।
मौके पर राज्य में गठबंधन वाली सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।
कांग्रेस का उद्देश्य राज्य की जनता से किए गए हर एक वायदे को समय पर धरातल पर उतारना है। इसे लेकर वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों में कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने और कार्यकताओं की भूमिका को रेखांकित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने बताया है कि कांग्रेस फिर एक बार अपने पुराने राजनीतिक इतिहास को रचने के लिए तैयार है। इसमें संगठन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
तिर्की ने कहा कि राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कांग्रेस के हर एक नेता और कार्यकर्ता ने लिया है। इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में कांग्रेस संगठन काम कर रही है।

# गुरुद्वारा सत्संग कमेटियां गठित नवनिर्वाचितों ने गुरुद्वारा में टेका मत्था



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रातू रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में मंगलवार को तीनों कमिटियों सत्संग सभा, गुरु नानक भवन कमेटी और गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नवनिर्वाचित सदस्य पदाधिकारियों ने श्री जपूजी साहिब के दरबार में मत्था टेक के आशीर्वाद किया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में अर्जुन देव मिढ़ा को प्रधान चुना गया। महेश सुखीजा उपप्रधान, सुरेश मिढ़ा और मनीष मिढ़ा को सचिव, हरजीत सिंह बेदी को कोषाध्यक्ष तथा आशु मिढ़ा और नवीन मिढ़ा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया।
गुरु नानक भवन कमेटी में प्रेम मिढ़ा अध्यक्ष, नरेश पपनेजा सचिव, कवलजीत मिढ़ा कोषाध्यक्ष, किशन गिरधर उपाध्यक्ष और नीरज गखड़ सह सचिव बनाए गए। गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी में चंदू गिरधर अध्यक्ष, अश्विनी सुखीजा सचिव, दिनेश गाबा कोषाध्यक्ष, मोहनलाल अरोड़ा उपाध्यक्ष और कमल धमीजा सह सचिव चुने गए। तीनों कमेटियों में कुल नौ सदस्यों को मनोनीत भी किया गया। सत्संग सभा में द्वारका दास मुंजाल, हरगोविंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, हरीश मिढ़ा और मनीष मिढ़ा; भवन कमेटी में अशोक गेरा और मनीष गिरधर; तथा स्कूल कमेटी में शैंकी मिढ़ा और कौशिक अरोड़ा मनोनीत किए गए। गुरुद्वारा साहिब में रोजाना प्रातः आयोजित दीवान में सभी निर्वाचित व मनोनीत सदस्यों ने श्री जपुजी साहिब जी के पाठ में भाग लिया। हजूरी रागी भाई महिपाल सिंह ने "हम कूकर तेरे दरबारि..." शबद का भावपूर्ण गायन किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने नई कमेटियों के कार्यकाल की अरदास की। दीवान का समापन हुकुमनामा और कढ़ाह प्रशाद के वितरण के साथ हुआ।

# निगम ने विद्यार्थियों के बीच 100 फलदार पौधों का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम की ओर से मंगलवार को अपर बाजार स्थित मारवाड़ी +2 उच्च विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच 100 फलदार पौधों का वितरण किया गया।
कार्यक्रम के दौरान रिलेशंस संस्था की ओर से मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण जागरूकता से जुड़ा सेमिनार भी आयोजित किया गया। सेमिनार में छात्रों को जलवायु परिवर्तन, पौधारोपण, और हरित जीवनशैली को लेकर जरूरी जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में नगर निगम के हॉर्टीकल्चर सुपरवाइजर राज कुमार, सुधाकर यादव और रौशन कुमार, वहीं विद्यालय की ओर से वरिष्ठ शिक्षक परितोष चौधरी और स्वाति भारती सहित कई शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे। सभी ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू, सहायक अभियंता सौरभ केशरी, विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और समाजसेवी दीपक दुबे बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

# ब्रम्हाकुमारी संस्थान में जगदम्बा सरस्वती स्मृति दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में मंगलवार को जगदम्बा सरस्वती स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजयोग अभ्यास किया गया। मौके पर कहा गया कि मां जगदम्बा ने अपने दिव्य व्यक्तित्व से हजारों नारियों को स्वयं परमपिता परमात्मा की ओर से इस सृष्टि के परिवर्तन के महान कार्य के लिए निमित्त बनाया। उन्होंने नव-सृजन की राह दिखाई। वह वर्तमान में भी नारी सत्ता की ओर से संचालित ब्रह्माकुमारी संस्थान के रूप में समस्त संसार को आलोकित कर रहा है।
इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा की देवी सरस्वती की वाणी जलतरंग की तरह अमृत बरसाती हुई सत्यता और निर्मलता से भरी थीं। नव सृष्टि के निर्माण के लिए संकल्पित ब्रह्म ज्ञान देवी सरस्वती, दुगुर्णों को मिटाने वाली दुर्गा, धन-सम्पदा से भरपूर करने वाली लक्ष्मी, विकारों को जाने वाली कालिका खप्पड़वाली जैसे अनेक गुणों की प्रतिमान थीं। गहन आध्यात्मिकता प्रेरणाओं से अति-प्रोत श्वेतवस्त्र धारणी सरस्वती मैया को ब्रह्म की एक पसली से निर्मित हुआ माना जाता है। निर्मला बहन ने कहा कि ब्रह्म की मानस पुत्री मातेश्वरी सरस्वती के जीवन में 'योग' और 'कर्म' का संतुलन का अद्भुत समन्वय था। गीता के अनुसार राजयोग साधना की यह स्थिति को स्पर्श कर लेती है तो योग कर्मकुशलता की सिद्धि प्राप्त हो जाती है। ऐसे साधक की किसी भी क्षण अपने संकल्प को शक्ति में परिवर्तित करने की क्षमता विकसित हो जाती है।
मातेश्वरी जी ने स्वयं परमपिता परमात्मा शिव द्वारा सिखाये गये राजयोग से कर्म योग से जीवन मुक्ति प्राप्त करके कर्म योग पर विजय प्राप्त कर लिया था। मातेश्वरी जी अभय वरदान प्राप्त करके कैंसर जैसी असाध्य शारीरिक बीमारी के भय को परास्त करते हुए अंतिम स्वांस तक मानवता की सेवा में तत्पर रहीं। मातेश्वरी जी अपने नश्वर भौतिक शरीर का परित्याग करने के कुछ क्षण पूर्व तक ईश्वरीय ज्ञानामृत की पावन ज्ञान-गंगा बनकर उपस्थित मनुष्यात्माओं को पवित्र बनाने के पुण्य कर्म में सलग्न रहीं।
उन्होंने बताया कि 24 जून 1965 को मातेश्वरी जी ने स्वयं को शारीरिक कर्म इंद्रियों के सीमाओं और बंधनों से मुक्त कर सम्पूर्णता को प्राप्त कर महाप्राण यात्रा पर प्रस्थान किया। मातेश्वरी श्री जगदम्बा की सूक्ष्म उपस्थिति अब भी ब्रह्मावासियों को जीवन-पथ पर अचल होकर कर्म योग के लिए प्रेरणा प्रदान कर रही है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। क्रम संख्या: 1। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-05, दिनांक: 20.06.2025। कार्य का नाम: चक्रधरपुर मंडल में अनबैलास्टेड डेक ब्रिज में एंटी-स्किड स्टेनलेस स्टील चेकर्ड प्लेट की आपूर्ति एवं फिक्स करना। निविदा मूल्य: ₹ 2,74,21,051.72। जमा बयाना राशि: ₹ 2,87,100। क्रम संख्या: 2। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-006, दिनांक: 20.06.2025। कार्य का नाम : एडीईएन/राउरकेला के अधीन राउरकेला पश्चिम यार्ड पर वर्तमान कॉलोनी एफओबी की मरम्मत (द्वितीय बुलावा)। निविदा मूल्य: ₹ 40,41,198.90। बयाना राशि: ₹ 80,800। निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। खुलने की तारीख: 14.07.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। द्रष्टव्य: ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/ईसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-307)


## संक्षिप्त खबरें

### जनजातीय समाज ने राज्यपाल से की मुलाकात, पेसा एक्ट को लागू करने की मांग



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को जनजातीय समाज के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को झारखंड पंचायत उपबन्ध पेसा एक्ट (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) नियमावली 2024 के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही इस नियमावली को झारखंड राज्य में प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से कहा कि यह नियमावली पारंपरिक ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करती है और धार्मिक और सामाजिक जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर धर्मांतरण की प्रवृत्ति पर भी नियंत्रण संभव बनाती है। शिष्टमंडल ने यह भी अवगत कराया कि रुढ़िजन्य जनजाति समुदाय इस नियमावली के समर्थन में है और इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है। शिष्टमंडल में महादेव मुंडा, पूर्णचन्द्र मुंडा, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, सोमदेव उरांव, नूतन कच्छप, सुकेन्द्र उरांव, फुलदेव भगत, कृष्णा भगत, लालसिंह मुंडा, सुरकू संगा, मनोज के साई, कृष्ण चन्द्र बोदरा, लाल सिंह हेंम्ब्रम, तुरन बोइपाइ एवं सुदर्शन भगत सहित अन्य शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित झारखंड भवन का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन में अतिथियों से जुड़ी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए एवं नियमित साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का मेंटेनेंस सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित झारखंड भवन स्थित अतिथि कक्ष, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप, विधायक सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल सहित झारखंड भवन नई दिल्ली के अन्य पदाधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### दलित, आदिवासी व पिछड़ों के अत्याचार, उत्पीड़न का हब बना भाजपा शासित राज्य : नायक

**रांची :** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि आज भाजपा शासित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा राज्य दलित आदिवासी पिछड़ो के अत्याचार, उत्पीड़न का हब बनता जा रहा है जो देश के लिए शुभ संकेत नही है। अगर इसी तरह इन वर्गो पर जुल्म, अत्याचार, व्याभिचार, उत्पीड़न होते रहे तो आने वाले दिनो मे जातिय संघर्ष की संभावना को रोका नही जा सकता। इस लिए प्रधानमंत्री इस पर अविलंब संज्ञान ले तथा जुल्मी अत्याचारीयों पर कारवाई करने का निर्देश दें ताकि जुल्मी, अत्याचारीयों के बढ़ते मनोबल को तोड़ा जा सके और इन वर्गो का उत्पीड़न पर रोक लग सके। श्री नायक ने आगे उदाहरण देते हुए कहा कि कर ही उत्तरप्रदेश मे पिछड़ा वर्ग के कथावाचक को भागवत कथा कहने पर सरे आम सर के बाल छिलाकर मुत्र मे नाकाम रगढवाने का कार्य किया तो दुसरी ओर दलित समाज के एक बुजुर्ग को गाय खरीद कर ले जा जा रहे लोगो को गौ रक्षक संगठन के मनुवादी लोगो ने आधा सर का बाल छिल कर ठेहुनी के बल चलाकर उत्पीड़न किया गया।

### 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, मेले के लिए लगने लगे झूले



**रांची :** राजधानी रांची में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 27 जून को निकाली जाएगी। रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी जाएंगे। इसे लेकर जगरनाथपुर मन्दिर समिति और जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां जोरों पर चल रही है। नौ दिनों तक लगनेवाले मेले के लिए झूले लगने लगी हैं और दुकानें सजने लगी हैं। रथयात्रा हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि को शुरू होती जो एकादशी तिथि तक चलती है। 10 दिनों तक चलनेवाले इस रथयात्रा में हजारों लोग भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए उमड़ते हैं। साथ ही रथ मेले में नौ दिनों तक भगवान का दर्शन करते हैं और लगनेवाले मेले में मनपसंद की चीजें खरीदते हैं। छह जुलाई को देवशयनी एकादशी के दिन जगन्नाथ मेले का समापन हो जाएगा। इसे घूरती रथयात्रा कहा जाता है।

### हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 159 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।
सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, मोहनलाल खंडेलवाल, ममता देवी खंडेलवाल, माधव खंडेलवाल, प्रिया खंडेलवाल, उपमंत्री अनिल नारनौली सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# राज्य में कानून व्यवस्था फेल : डॉ नीरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** भाजपा कोडरमा ग्रामीण, नगर और झुमरीतिलैया नगर कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें विधायक डॉ नीरा यादव सहित कई लोग शामिल हुए। इस धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है, सरकारी योजनाओं को लेकर सरकार विफल है। वृद्धा, विधवा सहित सभी पेंशन बंद है। मईया सम्मान योजना विफल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। लोग त्रस्त हैं वहीं राज्य की हेमंत सरकार मस्त है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जनहित का कोई काम नहीं हो रहा है, सभी लूट में व्यस्त हैं। राज्य में कोई सुरक्षित नहीं महसूस करता, हत्या और




अपराध की घटनाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस धरना प्रदर्शन से पूर्व जुलूस की शक्ल में सभी कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। राज्य की हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू पत्थर कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन राज्य के सभी प्रखंडों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, नगर अध्यक्ष सुधीर सेठ, मंडल अध्यक्ष सुनील मंडल, कोडरमा नगर अध्यक्ष अजय पांडेय, उत्तम कुमार, राजा यादव, दिनेश सिंह, अरशद खान, राजेंद्र सिंह, राजा यादव, चंद्रशेखर जोशी, शशिभूषण प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे। इधर भाजपा कार्यकताओं ने मरकच्चो प्रखंड में भी प्रदर्शन किया।

## कोडरमा में सरकार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

**कोडरमा :** कोडरमा राज्य में गिरते कानून व्यवस्था, आकंठ, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार, बिजली एवं पानी की बदहाल व्यवस्था एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर मंगलवार को प्रात: 11 बजे कोडरमा नगर, कोडरमा ग्रामीण एवं झुमरीतिलैया नगर के संयुक्त तत्वावधान में कोडरमा प्रखंड मुख्यालय में राज्य की हेमन्त सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर सेठ ने की संचालन अजय पांडेय ने किया जबकि धन्यवाद् ज्ञापन सुनील पंडित ने किया। प्रदर्शन के पूर्व कार्यक्रम प्रभारी विधायक डॉ नीरा यादव के नेतृत्व में पूर्णिमा टॉकिज से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकाली जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंची जहां यह सभा के रूप में तब्दील हो गई। मुख्य वक्ता विधायक डॉ नीरा यादव ने अपने संबोधन में कहा, हेमंत सरकार में कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है, भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है। सरकार जनहित के कार्यों के बजाय लूट और कमीशन खोरी में लगी हुई है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अगर सरकार ने जनता की समस्याओं की अनदेखी जारी रखी, तो पार्टी आने वाले समय में और भी उग्र आंदोलन करेगी और सड़क से सदन तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम को सह प्रभारी सुरेश यादव, वरीय नेता राजेंद्र सिंह, अरशद खान ने भी संबोधित किया और कोडरमा बीडीओ को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमन्त सरकार मुदार्बाद, भ्रष्टाचार बंद करो, जनविरोधी सरकार होश में आओ जैसे नारे लगाते नजर आए।

## वार्ता विफल एफएसएनएल मे होगा ऐतिहासिक हड़ताल : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड मे कार्यरत बिभागीय कर्मचारी, ठेकाकर्मी एवं सब कन्टेक्टर एम टी पी सी मजदूरों एवं युनियन चूनाव को लेकर जय झारखंड मजदूर समाज के द्वारा दिए गए मांगपत्र सह हड़ताल नोटिस पर आज एफ एस एन एल बोकारो युनिट प्रमुख को सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद द्वारा निर्देश पर आज बोकारो युनिट प्रमुख त्रिपुरारी भाष्कर कार्यालय मे जय झारखण्ड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के साथ युनियन प्रतिनिधिमंडल के साथ सभी 8 सूत्री मांगपत्र पर गहन बार्ता हुआ जो बिफल रहा ।मांगो मे युनियन चुनाव, एम टी पी सी सब कन्टेक्टर सहित सभी ठेकाकमीर्यों को प्रतिमाह ए डब्लू ए 4100/= रुपए का भुगतान, 2007 मे हुए वेज रिविजन का बकाया 9% का भुगतान, आवास लाईसेंस योजना शुरू करने ,सेवानिवृत के बाद दो बर्ष का आवास रिटेन्सन, 25 बर्ष के उपर के आश्रित को मुफ्त ईलाज सहित अन्य मांगो पर युनिट प्रमुख ने मुख्यालय भिलाई से बात कर टाल-मटोल किये जाने एवं हड़ताल को स्थगित करने का अनुरोध महामंत्री बि के चौधरी से किया जिसे इन्कार करते हुए घोषणा किया कि अब 27-28 जून को निश्चित रूप से एतिहासिक हड़ताल होगा ।बार्ता मे प्रबंधन के तरफ से बरीय प्रमुख ( कार्मिक एवं प्रशासन) अतुल कुमार सिंह, प्रबंधक ( औपरेसन), साहेब सिंह एवं युनियन के तरफ से संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, आई अहमद, भी के साह, बालेश्वर राय, शाखा अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, सुभाष चंद्र बाउरी,हरेंद्र पासवान, घनश्याम सिंह, मो कलामुउद्दीन खान,जे जे महात्रे राकेश सिंह, सी बी प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे ।

## अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कर व्यवसायियों के भय को दूर करे पुलिस : कुमार अमित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास के आस्था ज्वेलर्स में हुई भीषण डकैती कांड के अपराधियों की शीघ्र गिरफ़्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की माँग को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित बोकारो एस.पी हरविंदर सिंह से मिले। कुमार अमित ने एस.पी से कहा कि शहर में सरेआम हुई इस घटना से जिला के व्यवसायी दहशत में हैं। बोकारो वासियों में भी इसे लेकर गहरा आक्रोश है। बोकारो पुलिस शीघ्र इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ़्तारी कर डकैती का सामान बरामद करवाए जिससे जनता में कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रह सके। पुलिस इन अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करे जिससे अन्य अपराधियों में भी पुलिस का



खौफ हो सके। कुमार अमित ने कहा कि बोकारो में सरेआम ऐसी घटना अपराधियों का बढ़ा मनोबल का हीं परिणाम है। ज़िला मे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बोकारो पुलिस को पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सभी तरह के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा नेता ने एस.पी. से बोकारो पुलिस के द्वारा आए दिन वाहन चेकिंग के नाम पर आम लोगों को अनावश्यक परेशान न करने की भी माँग की। बोकारो एस.पी ने भी ज़िला में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई को करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर चास थाना प्रभारी सुषमा देवी के अलावे भाजपा नेता शिवशंकर राय, लालबाबू, करण गोराई, चंद्रप्रकाश एवं विशाल तिवारी भी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल सवार युवक ने खड़ी हाइवा में मारी टक्कर हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** मरकच्चो नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित पुरनाडीह बागिया के समीप सोमवार देर रात को मोटरसाइकिल सवार युवक द्वारा खड़ी हाइवा मे टक़्कर मारने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अब्दुल कूदुस पिता मुस्लिम अंसारी उम्र 40 वर्ष ग्राम लतबेध, थाना राजधनवार जिला गिरिडीह निवासी के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल सवार कोडरमा रेलवे स्टेशन से किसी को पहुंचाकर अपने घर लतबेध (राजधनवार) लौट रहा था इसी दौरान पुरनाडीह बगिया के समीप मुख्य सड़क पर खड़ी ब्रेक डॉन हाइवा बी आर 01 जी एम 6508 मे टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाईकिल सवार युवक




गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं घटना की सूचना मिलते हीं स्थानीय लोग ईकट्ठा हो गए और घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल ले जाया गया जहाँ रास्ते मे हीं मोटरसाईकिल सवार ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि थे। इस घटना से आहत होकर मृतक के परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। उक्त हाइवा पुरनाडीह के बगिया स्थित कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग के बीच सड़क पर खड़ी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त हाइवा सोमवार दोपहर 12:00 बजे से हीं मुख्य मार्ग पर ब्रेक डॉन खड़ी थी जिस जगह पर हाइवा खड़ी थी उस जगह पर किसी तरह के लाल झंडा या फिर किसी तरह के वाहन के ब्रेक डॉन वाहन से संबंधित कोई सिग्नल नहीं था। उक्त हाइवा चालक की लपरवाही की वजह से मोटरसाइकिल सवार युवक अपने जिन्दगी गवा दिया ।अब देखना यह होगा की इस वाहन पर बिभाग कर्रवाई करती है या नहीं बता दें की डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह, नवादा, रायडीह मोड़, नेरूपहाड़ी यदि अन्य जगहों पर मालवाहक वाहन मुख्य मार्ग के आधा सड़क पर खड़े कर देते हैं जिससे आए दिन भोले - भाले लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

## बिजुलिया बिनोद चौक में मांडु विधायक का किया पुतला दहन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मांडू विधानसभा के आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के द्वारा जेएलकेएम सुप्रिमो सह डुमरी विधायक जयराम महतों के खिलाफ आजसू के बलिदान दिवस पर अमर्यादित भाषा के प्रयोग के विरोध में जेएलकेएम पार्टी प्रतिनिधि अमित महतों झारखंड के नेतृत्व में चन्दनकियारी विधानसभा क्षेत्र के बिनोद चौक बिजुलिया मोड़ पर दर्जनो सर्मथक के साथ विधायक तिवारी महतो का पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा झारखंड में आजसू पार्टी के हार से विधायक ने अपनी मानसिकता खो चुकी है। इसे जेएलकेएम पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इसका जोरदार विरोध करेगी। इस अवसर पर महिला मोर्चा के लखी केटियार,युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष सुशांत मंडल, पुर्व मुखिया सुर्यकांत राजवार, रामु महतो, राजु महतो, छोटेलाल महतो, लुकमान अंसारी, रथु राजवार, कन्हैया राजवार, परिक्षित राजवार , उत्तम रजक सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## विद्यालय से संबंधित जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** मंगलवार को उपायुक्त ऋतुराज द्वारा शिक्षा विभाग का निरीक्षण कर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति, कर्मचारियों की उपलब्धता, नामांकन की प्रगति, शिक्षकों की दक्षता वृद्धि, तथा छात्र हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिसमें विभागीय कर्मियों के कार्य आवंटन और उपस्थिति, प्लस टू, हाई स्कूल, मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों की संख्या एवं स्थिति, विद्यालयों में शिक्षकों की



विषयवार उपलब्धता, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं आदर्श विद्यालय की वर्तमान स्थिति, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया और रिक्त सीटों की भराई, विद्यालय प्रबंधन समिति की सक्रियता एवं कार्ययोजना निर्माण, स्थापना समिति से संबंधित लंबित मामलों का निपटारा, शिक्षकों के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण की व्यवस्था, छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदनों का निष्पादन, जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान और विद्यालय से संबंधित समस्त रजिस्टरों का सुव्यवस्थित संधारण समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। उपायुक्त ऋतुराज ने निर्देश दिया कि शिक्षकों को नियमित रूप से स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण दिया जाए ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त सीटों को शीघ्र भरने और नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विद्यालय प्रबंधन समितियों को नियमित बैठक आयोजित कर विद्यालय विकास हेतु कार्ययोजना बनाने को कहा गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि सभी विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। ऋतुराज ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वे जिला कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर छात्रवृत्ति आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय से संबंधित जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विभागीय रजिस्टरों की स्थिति की भी समीक्षा की और सभी अभिलेखों के सुनियोजित संधारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवैध बालू लदा एक ट्रेक्टर को किया गया जब्त

**मरकच्चो :** यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल लागू होने बाद भी मरकच्चो थाना क्षेत्र स्थित केशो नदी से अवैध बालू का कारोबार धडल्ले से हो रहा है। वही मंगलवार सुबह अंचलधकारी परमेश्वर कुशवाहा ने थाना क्षेत्र के ग्राम जामु से अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रेक्टर को जब्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 10 जून को एनजीटी लागू होने के बाद नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लग गयी है। लेकिन इस आदेश को दरकिनार कर अवैध बालू का परिचालन हो रहा है। वही मंगलवार की सुबह बालू लदे एक ट्रैक्टर परिचालन कर रहा था जिससे बालू संबंधित कागजात की मांग किया गया परंतु ट्रेक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात नही दिखाया गया। जहां ट्रेक्टर को जप्त कर अग्रसर कारवाही हेतु थाना लाया गया।

### बोकारो रेड क्रॉस में ब्लड न मिलने पर मचा बवाल

**बोकारो :** बोकारो में मंगलवार को एक थैलेसीमिया मरीज को ब्लड नहीं मिलने से मामला अचानक तूल पकड़ गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में ब्लड लेने पहुंचे एक व्यक्ति को जब रक्त उपलब्ध नहीं कराया गया, तो उसने गुस्से में आकर संस्था के गेट पर ताला जड़ दिया। इसके बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और मामला गरमा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ब्लड की आवश्यकता को लेकर पहुंचे व्यक्ति की संस्था से बहस हो गई थी। बात बढ़ते-बढ़ते तालेबंदी तक पहुंच गई। हालांकि कुछ देर बाद ताला खोल दिया गया, लेकिन तब तक काफी संख्या में लोग वहां जमा हो चुके थे और हंगामा शुरू हो गया। इस पूरे घटनाक्रम पर संस्था के चेयरपर्सन देवेंद्र नाथ चौबे ने सफाई देते हुए कहा कि, ह्लहम रेड क्रॉस में आने वाले सभी जरूरतमंदों को यथाशीघ्र ब्लड उपलब्ध कराते हैं। रिपोर्ट तभी मांगी जाती है, जब किसी मरीज को एक ही महीने में दूसरी बार रक्त की जरूरत पड़ती है। वहीं, संस्था प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी ने आरोप लगाया कि ब्लड लेने वाला व्यक्ति अक्सर ऐसा हंगामा करता है और बार-बार संस्था को बदनाम करने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा, ह्लइस व्यक्ति को हर बार ब्लड मिला है, और आज भी जिस महिला को लेकर आया है जिसे ब्लड की आवश्यकता नहीं है। फिर भी वह संस्था में आकर हंगामा कर रहा है। यदि कोई समस्या थी, तो वह डीसी, सिविल सर्जन या किसी उच्च अधिकारी को शिकायत कर सकता था। लेकिन जानबूझ कर बदनाम करने की मंशा से ऐसा व्यवहार करना निंदनीय है।

### बालीडीह में चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चोरी की हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी देवेन्द्र दिगार (पिता स्व. मनु दिगार, निवासी छतनीटांड़, बालीडीह) अपने खुद के मोटरसाईकिल का नम्बर प्लेट (जे एच 10 बी 1834) चोरी की बाइक पर लगाकर उसका उपयोग कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में बालीडीह थाना कांड संख्या 207/25, दिनांक 22.06.25, धारा-112 (2)/303 (2)/319 (2)/3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अन्य संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। चोरी की हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाईकिल (नकली नम्बर प्लेट के साथ) पुलिस की सतर्कता से चोरी की बाइक की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### हैंड इन इंडिया ने बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम का किया आयोजन




**कोडरमा :** बेंदी पंचायत अंतर्गत चोरही चट्टान ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में हैंड इन इंडिया के द्वारा बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेंदी पंचायत के मुखिया दुलारी देवी, समाजसेवी वजीर भुइंया, हैंड इन हैंड इंडिया के परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार, उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव, प्रखंड समन्वयक नीतीश पांडे, शिक्षक सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी गोपाल सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि बच्चों के सभी अधिकारों को सुनिश्चित कर चोरही चट्टान को बाल मित्र ग्राम घोषित किया जाना बड़ी उपलब्धि। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सहित सहभागिता का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने लोगों से आगे भी बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियां को सक्रिय बने रहने की बात कही। वहीं परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार ने कहा कि बच्चे भविष्य है उनके वर्तमान को संवारना हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को समाजसेवी गोपाल सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजन विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया और सभी ने बच्चों के अधिकारों को पूर्णता बहाल रखने की बात कही। मौके पर हैंड इन हैंड इंडिया के कार्यकर्ता सोनी कुमारी, रेखा कुमारी, ममता कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव तथा धन्यवाद ज्ञापन राजन विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हैंड इन इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, लेखपाल सविता कुमारी, लिपिक दीपक कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### 11 सरकारी विद्यालयों में रोटरी क्लब ने पुस्तकालय का कराया निर्माण



**झुमरी तिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा आज 11 रोटरी पुस्तकालय का निर्माण के लिए जिले के 11 सरकारी विद्यालयों को अलमारी और प्रत्येक स्कूल को 100 शिक्षा की पुस्तक दी गई आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पटना से चलकर आई रोटरी 3250 की पूर्व जिला गवर्नर बिंदु सिंह थी राष्ट्रगान से सभा प्रारंभ की गई मंच पर उपस्थित रोटरी के पदाधिकारी एवं सभी पूर्व अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन किया। अध्यक्ष अमित कुमार एवं असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट किया प्रथम रोटरी महिला शिल्पी गुप्ता ने दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया आज के कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर नवीन जैन ने किया एवं रोटरी की सेवा क्षेत्र कार्यों को जनता के बीच रखा स्वागत गीत मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा किया गया आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत भाषण देते हुए रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा का अलख जगाने के लिए पुस्तकालय अति आवश्यक है शहर के दूर दराज सरकारी स्कूलों का चयन कर वहां पर पुस्तक लाइब्रेरी का निर्माण करा कर रोटरी कोडरमा अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है पूर्व अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने स्कूल में पुस्तकालय का महत्व क्या है इस पर अपनी बातों को रखा रोटेरियन मोहक सुल्तानिया ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडिजी रोटेरियन बिंदु सिंह ने कहा कि रोटरी कोडरमा की सेवा कार्यों की प्रशंसा करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है और इसी महत्व को देखते हुए 11 सरकारी स्कूलों में रोटरी लाइब्रेरी का निर्माण करना प्रशंसनीय कार्य है।

### राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में शोक सभा सह श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**बोकारो :** जिला राजद महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष स्व० हृदया देवी यादव जी का पार्थीव शरीर बोकारो जिला राजद कार्यालय सेक्टर 9 में पहुंचा उनके पार्थीव शरीर पर राजद का झंडा रखकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उनके द्वारा दल एवं समाज के लिए किए गए कार्यों को याद कर दो मिनट का मौन धारण कर उनके मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा की हमने जो जुझारू एवं संघर्षशील दल के प्रति समर्पित सच्चा नेता खोया है इससे दल को अपूर्णीय क्षति हुई है। प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था जिले में लचर है साथ ही 108 एम्बुलेंस सेवा में जरूरी सुविधाओं का अभाव है सरकर को इससे दुरुस्त करना चाहिए। शोक सभा में श्रधांजलि अर्पित करने वालों में युवा राजद जिला अध्यक्ष संतोष गिरी वरिष्ठ नेता सीताराम यादव महासचिव अशोक यादव ललन यादव सुनीता देवी रूबी देवी जितेंद्र नारायण यादव बोढ़न यादव सचिदानंद कुमार विरेंद्र यादव मनोज यादव अजय यादव राजकुमार राय उमेश तिवारी संदीप पासवान भारत जी कुंदन कुमार गुप्ता रामजीत यादव राजदेव पाल उमाशंकर लाला यादव मिथलेश यादव मालती देवी राजकुमारी आशा देवी बिजली देवी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग अपस्थित थे।

### बंद खदान क्षेत्र से अवैध रूप से भंडारित 16,000 घनफीट बालू जब्त



**बोकारो :** जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) रवि कुमार सिंह के निदेर्शानुसार मंगलवार दिनांक 24 जून 2025 को बोकारो जिला अंतर्गत चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मौजा-पुपुनकी, आश्रम रोड स्थित बंद खदान के समीप छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम को उक्त स्थल पर अवैध रूप से लगभग 16,000 घनफीट बालू खनिज भंडारित पाया गया, जिसे विधिवत रूप से जब्त कर चास मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द किया गया। इस संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उक्त छापामारी अभियान में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पु.अ.नि. रवि कुमार भारती, चास मुफ्फसिल थाना के अन्य पुलिसकर्मी एवं सुरक्षा बल सक्रिय रूप से मौजूद रहे। डीएमओ ने कहा कि प्रशासन की ओर से अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### किसानों के बीच मकई बीज का किया गया वितरण



**सरिया :** सरिया प्रखंड के सरिया खुर्द पंचायत के लिए बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत मकई बीज शत प्रतिशत अनुदान पर किसानों के बीच वितरण किया गया। जिसमें 88 किसान लाभान्वित हुए। मकई बीज लगाने के लिए समय पर दिया गया। इस संबंध में सहायक तकनीकी प्रबंधक अविनाश कुमार ने किसानों को बीज लगाने की विधि बताया। कहा कि यह एक उन्नत किस्म का बीज है। इसे वैज्ञानिक तरीकों से लाइन से लगावे और इसका भरपूर लाभ लें। इस बीज का उपयोग किसान भूल कर भी खाने के लिए ना करें। इसमें कई प्रकार के कीटनाशक दवाइयां मिलाई गई है। इसे आवश्यक रूप से अपने खेतों,बागानों में लगाने की अपील की। बताया कि एक विशेष समय में केंद्रीय टीम भी जांच करने या देखने के लिए आया करते हैं। उस समय वे अपने प्लॉट पर लगे मकई की फसल को दिखावें। जिससे कि फसलों की अच्छी उपज के लिए बीज में सुधार किया जा सके। इस मौके पर स्थानीय मुखिया भुवनेश्वर मंडल वार्ड सदस्य, एटीएम परिभाषित कुंडू मनीष कुमार मंडल सहित लाभान्वित किसान उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की हुई मौत

**सरिया :** मंगलवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे सरिया प्रखंड मुख्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई । घटना को लेकर बताया जाता है कि सरिया निवासी गौरव रजक अपने ससुर बरकट्ठा बेड़ो कला निवासी सहदेव बैठा के साथ अपने बाइक से सरिया बाजार से अपने नवनिर्मित घर सरिया कॉलेज की ओर जा रहा था। इसी बीच सड़क किनारे खड़ी एक 407 वहांन की चपेट में आकर मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना था कि बाइक सवार सरिया से बगोदर की ओर जा रहे थे । इसी बीच पीछे से आ रही एक तेज गति वाहन उसे अपने चपेट में लेकर चलते बना। जिसके कारण बाइक सवार असंतुलित होकर पूर्व में खड़े 407 वाहन से टकराकर सड़क पर गिर पड़े । जिससे सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्त स्राव होने लगा। घटना के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई । घटना की सूचना सरिया पुलिस को मिलते हैं मौके पर पहुंचकर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगोदर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों बाइक सवार की मृत्यु की पुष्टि बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विनय कुमार ने दी। वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना पर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

### जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी विधायक का पुतला किया दहन

**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा अनगडा प्रखंड गोंदली पोखर में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति कारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुधांशु कर महतो के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से पदयात्रा में तिवारी महतो मुदार्बाद जय राम महतो से माफी मांगो का नरा लगाते हुए निर्मल महतो चौक के समीप आजसू पार्टी मांडू विधायक तिवारी महतो का पुतला दहन किया गया आगे बता दें कि एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया के सामने विधायक जयराम महतो पर अभद्र भासा का प्रयोग किया गया था उसी को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। मौके पर पूर्व प्रत्यासी समुंदर पहान पार्टी के केंद्रीय उपाध्याछ जलेस्वर महतो, नारायण महतो, राम पोदो, रोशन महतो, अनिल कुमार महतो , शिव नारायण महतो आदि शामिल थे।

# यूपी और बिहार वालों को नौकरियां बेच रही है राज्य सरकार : कोचे मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि अबुआ सरकार का खिावा करनेवाली राज्य की हेमंत सरकार 25 से 30 लाख रुपये में उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को नौकरी बेच रही है। झारखंड के आदिवासियों के पास पैसे नहीं हैं, इसलिए यहां के लोग सरकारी नौकरियों से वंचित हैं। कोचे मुंडा राज्य सरकार की विफलताओं के खिलाफ मंगलवार को तोरपा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन के पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने नगर भवन से प्रखंड कार्यालय तक जुलूस निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस मेन रोड होते प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है। भाजपा ने सरकार को छह महीने का समय दिया था, पर सरकार की कार्यशैली में न कोई सुधार हुआ और न कानून व्यवस्था की स्थिति बदली। उन्होंने कहा कि बांग्लादेसी झारखंड की आदिवासी लड़कियों से शादी कर उएएनकी जमीन हड़प रहे हैं और जमीन हड़पने के बाद उनकी बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य में हर ओर भ्रष्टाचार और घूसखोरी का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि बिना पैसे दिये किसी सरकारी दफ्तर में कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि न तो वृद्धों का पेंशन मिल रही है और न विधवाओं को सम्मान राशि दी जा रही है। पूरे राज्य में विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि यहां की निकम्मी सरकार केंद्र द्वारा दी गई राशि का भी उपयोग नहीं कर पा रही है। सभा को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, शशांक शेखर राय, दीपक तिग्गा, कृष्णा भगत, सुबोध गुप्ता, विनोद धान, गंदौरी गुड़िया सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया इस आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पहान जिला परिषद अनुराधा मुंडा पूर्व जिला अध्यक्ष जलेंद्रा प्रशाद रांची जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी शामिल थे । पहान ने कहा कि इस राज्य में शवा तीन सौ करोड़ जनता निवास करते हैं झारखंड की स्थिति इतनी बत्तर हो गई है कि प्रखंड मुख्यालय में किसी भी काम के लिए बिना चड़ावा कोई काम नहीं होता है साथ ही पूरे राज्य में कोयला बालू अवैध खनन हो रहा है आगे मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड की जनता को झारखंड की जनता को महागठबंधन की सरकार ने ठगने का काम किया है अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित मोटेशन ओर प्लॉट एंट्री प्रति डिसमिल वसूली कि जाती है सरकार की जो योजना चलाई जा रही है सही तरीके से काम नहीं हो रहा है अगर बात करे तो अबुआ आवास की जिस भी किसी व्यक्ति को मिला है वह व्यक्ति मकान बना नहीं पा रहे क्योंकि बालू को अवैध तरीके से परिचालन किया जाता है और मन माना तरीके से बालू बेचा जा रहा और जाता है मौके पर राम शाय मुंडा संजय कुमार महतो मुख्य वक्ता आरती सिंह रामकुमार पाहन जालंधर कुमार नरेश साहू मनोज कुमार चौधरी दुर्गा महतो कामेश्वर महतो रामसे मुंडा अनुराधा मुंडा कुंती देवी सुरेश महतो सत्यदेव मुंडा मुनेश्वर मुंडा संजय भोक्ता अथवा में दिया अजय करमाली हरिहर महतो संजय नायक रामनाथ महतो गौरी शंकर मुंडा कमलाकांत मुंडा सोहराय बेदिया नंदलाल राम मोहन भोक्ता शिवधर रजवार रजवार सुनील महतो सुप्रेश महतो इत्यादि कोई शामिल थे।

## बलिदान दिवस पर एसबीयू में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विवि के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का सपना था कि पूरा कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। धारा 370 को हटाना उनके जीवन का मुख्य लक्ष्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसे हटाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बोलते हुए विवि के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने राष्ट्र हित में किए गए डॉ. मुखर्जी के कार्यों को याद किया और कहा कि उनकी विचारधारा में देश की एकता-अखंडता, सांस्कृतिक उत्थान और देश के नागरिकों का शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान भी समाहित है। कार्यक्रम के अवसर पर विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित हुए। एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

## बीआरसी सरिया ने फर्स्ट लिटिल चैंप्स फुटबॉल टूर्नामेंट का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** प्रखंड संसाधन केंद्र सरिया द्वारा मंगलवार को सरिया स्टेडियम में फर्स्ट लिटिल चैंप्स फुटबॉल टूनार्मेंट 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें पांचवी कक्षा तक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। शिक्षकों ने सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं से परिचय लिया। इसके पश्चात फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार की सुबह लगभग 11:00 बजे प्रारंभ हुई। विभिन्न विद्यालय के छात्रों ने फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। फाइनल मैच में मध्य विद्यालय मंदरामो तथा प्राथमिक विद्यालय खैराबाद की टीम उतरी। आधे घंटे के इस खेल में मध्य विद्यालय मंदरामो की छात्र टीम ने प्राथमिक विद्यालय खैराबाद को दो जीरो से हराया। वहीं उमवि चंद्रमारणी से पहुंची छात्राओं की टीम को वॉक ओवर में विजेता घोषित कर दिया गया। सभी रनर व विनर खिलाड़ियों तथा कप्तान को शील्ड तथा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार प्रभाकरण ने बताया कि विजेता घोषित दोनों टीमों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होना है। इस प्रतियोगिता में महेश पासवान तथा रामजी मुर्मू ने रेफरी की भूमिका निभाई। मौके पर सीआरपी प्रकाश पांडेय, वीरेंद्र पांडेय,महेश मिस्त्री, शारीरिक शिक्षक श्याम सुंदर, विमलेश तिवारी, पवन कुमार सिंह, मिथिलेश ठाकुर, नवल किशोर महतो, एलिट जोशी, तारकेश्वर मोदी, रविंद्र मंडल,राजेंद्र मोदी, पवन पांडेय, सुनील कुमार सिंह, एल एन पांडेय आदि मौजूद थे।

## राज्य में विधि व्यवस्था चौपट, घर से निकलने से डरती हैं बहू-बेटियां : नीलकंठ मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ग्रामीण और नगर मंडल के कार्यकताओं ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और नगर मडल अध्यक्ष अर्जुन पहान के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्यकें पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि लंबी-चौड़ी घोेषणाओं का सपना दिखा कर फिर एकबार राज्य की सत्ता पर काबिज होने वाली हेमंत सरकार की नीति और नीयत में कोई बदलाव नहीं आया है। अपने पिछले कार्यकाल में जिस प्रकार से राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संसाधनों की लूट, पंचायत से लेकर सचिवालय-मंत्रालय तक लूट भ्रष्टाचार ने अपना पैर जमाया है, वह दूसरे कार्यकाल में और मजबूत हो रहा है। विधि व्यवस्था की हालत ऐसी कि कोई सुरक्षित नहीं। हत्या, लूट आम बात हो चुकी है। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे। बहन-बेटियां घर से निकलने से डरती हैं। दुष्कर्म, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर कर रही हैं। जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि आज विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं, लेकिन शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, दवाई नहीं, ऑक्सीजन, एम्बुलेंस के अभाव में गरीब मरने को मजबूर हैं। अपराधी, दुराचारी, भ्रष्टाचारियों का हेमंत के राज हिम्मत बढ़ गई है। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, मंडल महामंत्री, विकास चौधरी, मंगा नाग, सुदर्शन भोगता, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सैकड़ों सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता भाकपा माले में हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** मंगलवार को जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्षरत कार्यकर्ताओं और आरटीआई एक्टिविस्टों की एक बड़ी संख्या आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन भाकपा माले में शामिल हो गई। ये सभी कार्यकर्ता झारखंड की राजधानी रांची के कांके विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं, जो वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, जल-जंगल-जमीन जैसे मुद्दों को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। इस सामूहिक राजनीतिक सहभागिता की औपचारिक घोषणा आज रांची स्थित ऐतिहासिक पुराने विधानसभा हॉल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम में भाकपा माले के सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो एवं बगोदर के पूर्व विधायक ने नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी की जनपक्षधर विचारधारा और जमीनी संघर्ष को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, सेंट्रल कमिटी सदस्य गीता मंडल, पांकी जिला परिषद खुशबू दांगी, जयंती चौधरी की उत्साहजनक उपस्थिति में सैकडों साथी ने भाकपा माले का दामन थामा।

कांके प्रखंड के नौजवान नेता सरफराज अंसारी ने कहा कि उन्होंने वर्षों से पारदर्शिता और जवाबदेही भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ी है, लेकिन अब समय आ गया है कि इस संघर्ष को संगठित राजनीतिक मंच के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए। युवा अधिकार कार्यकर्ता रेहान अंसारी ने कहा कि युवा लंबे समय से बेरोजगारी, शिक्षा और अधिकारों की अनदेखी का शिकार हैं। भाकपा माले से जुड़कर अब वे अपनी आवाज को प्रभावशाली ढंग से उठा सकेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता जफर अंसारी ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर ठोस बदलाव तभी संभव है जब हम संगठित होकर आंदोलन करें और जनराजनीति को मजबूत करें। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व ने बताया कि आने वाले दिनों में कांके क्षेत्र समेत अन्य इलाकों में जनसभाएं, जनसुनवाइयां और पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी ताकि आम लोगों की समस्याएं सीधे तौर पर उठाई जा सकें और जनआधारित राजनीति को मजबूत किया जा सके। सरफराज अंसारी, रेहान अंसारी, जफर अंसारी एवम् प्रो० भादी प्रकाश उरांव के नेतृत्व में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ इस कार्यक्रम में भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण की, इसी के साथ ही महिला अधिकार कार्यकर्ता सोनी देवी, जल-जंगल-जमीन आंदोलन के अग्रणी रूद्र कच्छप और शैक्षिक न्याय व संगठनात्मक चेतना के सूत्रधार साथ अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। इस तरह देखा जाएं सैकड़ों सामाजिक कार्यकताओं को शामिल होने से कांके क्षेत्र में जनचेतना की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय जनसंघर्षों को नया बल मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का सरिया प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन विधायक हुए शामिल



**सरिया :** मंगलवार को सरिया प्रखंड भाजपा कमेटी के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो भाजपा समर्थित नेता व कार्यकर्ता सरिया वन विभाग कार्यालय से जुलूस की शक्ल में प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और प्रखंड, अंचल अनुमंडल तथा थाना में व्याप्त भ्रष्टाचार लूट, शोषण, तानाशाही रवैया का आरोप लगाकर नारेबाजी करते रहे। एवं अंचल तथा प्रखंड कार्यालय के समक्ष नारेबाजी व प्रदर्शन के पश्चात प्रखंड मुख्यालय के गेट पर सभी लोग धरने में बैठ गए। वहीं इस प्रदर्शन कार्यक्रम में बगोदर विधायक नागेंद्र महतो भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि आज झारखंड में कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रखंड व अंचल तथा अनुमंडल में लूट भ्रष्टाचार व्याप्त है, आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी भय दोहन कर आम लोगों को परेशान करने का काम कर रही है। झारखंड की सरकार भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए हैं। झारखंड के मंत्री अधिकारी बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जा रहे हैं कई जेल में है तो कोई जेल जाने के रास्ते में खड़े हैं। गरीब बुजुर्ग दिव्यांग को पेंशन नहीं मिल रहा है, भूमिहीन गृह विहीन लोगों को आवास मुहैया कराने में सरकार विफल नजर आ रही है, मैया सम्मान योजना को लेकर लगातार घोषणाएं फैल होते नजर आ रही है, झारखंड की मौजूदा हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है, इसे भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा झारखंड राज्य को केंद्र की अटल बिहारी की सरकार ने बनाया है तो भाजपा ही इस राज्य को संवारेगा, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर सरकार का कमान पूरी तरह से फैल है, भ्रष्ट अधिकारी अपनी कार्य शैली में सुधार लाए अन्यथा भाजपा सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। सरिया में अंचलाधिकारी का बालू पर तो ध्यान रहता है लेकिन वहीं दूसरी और अवैध पत्थर उत्खनन और लूट पर नजर नहीं रहती है। क्योंकि वहां से साठ गांठ जो रहता है। ऐसे अधिकारी अपने कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा जनता उन्हें सुधारने के लिए तैयार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय यादव व संचालन पवन पांडे ने किया। विधायक के अलावा कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नकुल मंडल, पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, हरिहर मंडल, हेमलाल मंडल उर्फ छोटू मंडल, रंजीत मंडल, टिंकू साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सरिया बाजार की नालियों से परेशान हैं लोग

**सरिया :** बरसात के मौसम में अक्सर नालियों का पानी घरों में घुस जाने की शिकायत आते रहती है। जिससे लोग परेशान रहते हैं यह समस्या जल निकासी प्रणाली की अव्यवस्था तथा अन्य के कारण होती है। इससे न सिर्फ घरों में गंदगी फैलती है बल्कि कई तरह के संक्रामक रोगों के बढ़ने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है। यही स्थिति बन गई है सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 स्थित शिव मोहल्ला का जहां नालियों में गंदे कचरे के फस जाने के कारण नालियां जाम हो चुकी है। नालियों से निकला हुआ गंदा पानी सड़क तथा घरों में घुस रहा है। इस संबंध में स्थानीय निवासी मुकेश मंडल की माने तो नालियों की साफ सफाई में कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। नालियों में कचरा जमा होने से जल का प्रवाह बाधित हो गया है। जिससे दर्जनों लोगों के घरों में नाली का गंदा पानी घर में घुस रहा है। जबकि बरसात का आना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि नालियों का गंदा पानी घरों में घुसने से संक्रामक रोगों का बढ़ाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। घर के लोग नाक पर रुमाल लेकर अंदर बाहर होने को मजबूर हैं। घरों में पानी घुसने से दीवार फर्नीचर व अन्य सामग्री को भी नुकसान हो रहा है।उन्होंने बताया कि सरिया नगर पंचायत द्वारा होल्डिंग टैक्स की वसूली की जाती है परंतु साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था नहीं होने के कारण इस प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। संबंधित विभाग को चाहिए कि बरसात के पूर्व नालियों के साफ-सफाई करें जिससे कि नालियों में जमा गंदा जल तथा बरसात में बरसाती पानी को निकालने में सुविधा हो तथा लोग गंदगी से बच सके। वहीं इस संबंध में नगर प्रबंधक शशि प्रकाश ने बताया कि सरिया के गंदे नालियों की सफाई उनके संज्ञान में है। जल्दी नालियों की सफाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401, 56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-10/2025-26, 1st Call
e-Tender Ref No:-RCD/SID/AP/RAN/10/2025-26 Date:- 21.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/Reconstruction of Road from Gajhandi (Bishnugarh Narki Road) to Jhumra (Rahawan Jhumra Raod) via Karikhurd, Karmo, Jarkunda, Cheliyatand, Chatrochatti, Tiskonpi, Allondi, Dharmidham Road including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Bokaro Districtin the State of Jharkhand. (Tetative Length 28.0 K.m.) *Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 28.00 K.m |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amountof Rs 50,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and EarnestMoney Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & eGovernance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 25.06.2025,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 05.07.2025 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 05.07.2025 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 07.07.2025 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance PlanningRCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.
Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar), Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department,Ranchi
PR 355835 Road(25-26)#D

## आपातकाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

आपातकाल में सबसे अधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। संघ पर प्रतिबंध लगा। सभी प्रमुख प्रचारक और दायित्ववान अधिकारी या तो गिरफ्तार हुये अथवा भूमिगत रहकर समाज जागरण के अभियान में सक्रिय रहे। आपातकाल के इक्कीस महीनों में 1.30 लाख से अधिक लोग जेल में रहे, उनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एक लाख से अधिक थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी सत्ता बनाये रखने के लिये 25 जून 1975 को लागू आपातकाल किया था जो 21 मार्च 1977 तक रहा। इन पौने दो वर्षों तक भारत का प्रत्येक नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहा। सर्वोच्च न्यायालय को भी इस संबंधी किसी विषय पर विचार करने से रोक दिया गया था। भारत के सभी विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारियाँ 25 और 26 जून की मध्य रात्रि से आरंभ हो गई थीं। आपातकाल में पुलिस और प्रशासन का सर्वाधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। पूरे देश में संघ कार्यालयों पर छापे पड़े और प्रचारकों के घरों तक की तलाशी ली गई। सरसंघचालक बालासाहब देवरस की गिरफ्तारी 30 जून को हुई। वे प्रवास पर जाने के लिये निकले थे। उन्हें नागपुर स्टेशन से गिरफ्तार किया गया । संघ को देश में प्रशासनिक स्तर पर किसी भी अप्रत्याशित निर्णय का अनुमान था। इसका स्पष्ट संकेत तीन माह पहले दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मिल गया था। 15 और 16 मार्च 1975 को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चर्चा का विषय ही संविधान में आपातकाल और लोकतंत्र विषय था। इस चर्चा में उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री कोका सुब्बाराव भी एक वक्ता थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि- ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जब राष्ट्रपति और मंत्रिमंडल संवैधानिक लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए एकजुट हों। (इस कार्यक्रम का उल्लेख पीजी सहस्त्रबुद्धे और माणिकचंद्र वाजपेई द्वारा लिखित पुस्तक इमरजेंसी स्ट्रगल स्टोरी में है) समय के साथ 12 जून को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय आ गया। लगभग सभी विचारक इंदिरा के स्वभाव और कार्यशैली से परिचित थे। इसीलिए संघ ने अपनी वैकल्पिक नीति तैयार कर ली थी। सरसंघचालक जी को अपनी गिरफ्तारी का अनुमान था। उन्होने पहले ही संघ संचालन की भावी रूपरेखा का निर्धारण कर दिया था। इस विषम परिस्थिति में उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से धैर्य से काम करने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि- इस स्थिति असाधारण है, इसमें स्वयंसेवकों का कर्तव्य है कि वे अपना संतुलन न खोएं। उन्होंने संभवतः सरकार्यवाह माधवराव जी मुले को वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का संकेत कर दिया था। इसीलिए संघ पर प्रतिबंध और संघ के अधिकारियों की देश व्यापी गिरफ्तारी होने केबाद भले नियमित शाखा या शिक्षण प्रशिक्षण या प्रबोधन रुक गया हो लेकिन संघ का जनसंपर्क, जन जागरूकता का काम निरन्तर रहा। सरसंघचालक जी की गिरफ्तारी हुई और 4 जुलाई 1975 को संघ पर प्रतिबंध लगा। संघ पर प्रतिबन्ध लगाने का सबसे बड़ा कारण स्वयंसेवकों की ध्येयनिष्ट कार्यशैली है। स्वयंसेवक सीधे जन सामान्य से जुड़े रहते हैं। मंहगाई विरोधी जेपी आंदोलन में संघ शक्ति की भूमिका से भी इंदिरा का प्रशासन अवगत था। इसलिए आपातकाल लागू होने के पहले चरण में सभी विपक्षी राजनीतिक दलों के कार्यालयों और प्रमुख नेताओं के घर पुलिस के छापे पड़े और दूसरे चरण में पुलिस ने देशभर में संघ कार्यालयों और कार्यकताओं के घरों पर टूट पड़ी। जो जहां जैसा मिला, उसे पकड़कर जेल में डाल दिया गया। संघ पर प्रतिबंध और लगातार गिरफ्तारियों के बाद भी संघ कार्यकर्त्ता बहुत धैर्य और योजना से काम करते रहे। योजना पूर्वक प्रतिदिन किसी न किसी नगर में कुछ न कुछ घटता। कभी परचे फेककर गिरफ्तारी दी जाती और कभी नारे लगाकर। एक टोली जेल जाती तो वह दूसरी टोली को तैयार करके जाती। जिस प्रकार सरसंघचालक जी ने अपनी गिरफ्तारी के पूर्व संघ संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था बना दी थी उसी प्रकार नानाजी देशमुख ने लोक संघर्ष समिति की वैकल्पिक व्यवस्था बना दी थी। लोक नायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलने वाले मंहगाई विरोधी आंदोलन की पूरी व्यवस्था यही समिति कर रही थी। नानाजी देशमुख ने अपनी गिरफ्तारी होने से पूर्व इस समिति की व्यवस्था सुन्दर सिंह भंडारी को सौंप दी थी। इसलिए नानाजी की गिरफ्तारी के बाद भी इस समिति का कार्य भी निरन्तर रहा।

# कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 'तानाशाही' के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी।
25 जून 2025 को कांग्रेस की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, "कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए।"
20 नवंबर, 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, "आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफी नहीं मांगी। खासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफसोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर खामोश ही रही।"
माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। " पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है।" पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दर्शाता है।
आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मयार्दाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा, "हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें?" मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, "मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था।"
मई 2004 में इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था।
बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। कांग्रेस सांसदों ने प्रस्ताव विरोध में कहा कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए?
निर्लज्जता की पराकाष्ठा देखिए जिस कांग्रेस के नेता ने केवल अपनी सत्ता कायम रखने के लिए आपातकाल लगाया, इन दिनों उसी पार्टी के नेता संविधान रक्षक होने का दावा करते घूमते हैं। 2024 के आम चुनाव से इंदिरा गांधी के पोते राहुल गांधी लगातार संविधान की एक किताब को सार्वजनिक रूप से लहराकर यह दावा करते रहते हैं कि कांग्रेस ही संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक संरक्षक है, जबकि सच्चाई यही है कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान के आत्मा को क्षति पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिसंबर 2024 को लोकसभा में संविधान पर विशेष बहस के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, उन्होंने (राजनाथ सिंह) 1975 (आपातकाल) के बारे में बात की तो सीख लीजिए न आप भी... आप भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगिए... आप भी बैलेट पर चुनाव कर लीजिए... दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। यानी अपनी गलती के लिए माफी मांगने की बजाय सामने वाले को नसीहत देना कांग्रेस की पुरानी फितरत है। प्रियंका ने भी वही किया जो उनकी पार्टी के नेता करते आए हैं।
नैयर लिखते हैं कि, "युद्ध के बाद के जर्मनी ने हिटलर के अत्याचारों के लिए माफी मांगी थी। यहां तक कि जर्मनी ने इसके लिए हजार्ना भी भरा था। ऐसे अत्याचारों के लिए कोई माफी नहीं दी जा सकती, लेकिन लोगों को सामान्य तौर पर लगता है कि बच्चों को एहसास होगा कि उनके पूर्वजों ने गलती सुधारने की कोशिश की थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमृतसर स्वर्ण मंदिर गए थे और उन्होंने ब्लू स्टार ऑपरेशन के लिए माफी मांगी थी।"
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जून, 2024 को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जो शब्द कहे थे, उससे कांग्रेस के मूल स्वरूप और चरित्र को जानना और समझना सरल हो जाता है। योगी ने कहा था कि, उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था और आज भी कांग्रेस में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।
आपातकाल के 45 साल बाद विदेशी धरती पर राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि इमरजेंसी का निर्णय गलत था। लेकिन देशवासियों से उन्होंने या कांग्रेस के किसी नेता ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी। कांग्रेस नेता गाहे-बगाहे आपातकाल पर गुमराह करने और बेशर्मी से इस अमानवीय फैसले को सही साबित करते रहते हैं। लेकिन वे अपनी पार्टी के नेता द्वारा लिए गए एक घोर अलोकतांत्रिक और संविधान का गला घोंटने वाले निर्णय, अमानुषिक और तानाशाही रवैये के लिए माफी मांगने का नैतिक और राजनीतिक साहस जुटा नहीं पाते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# रेअर अर्थ पर आत्मनिर्भरता जरूरी

**हरीश शिवनानी**

आज रेयर अर्थ पर चीन का दबदबा वैश्विक चुनौती है। भारत सहित कई देशों को अपनी आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बार मोदी सरकार ने रेयर अर्थ पर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं। यह आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी भी है। भारत और अमेरिका सहित अनेक देश इस कवायद में लगे हुए हैं। रेअर अर्थ धरती के गर्भ में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज हैं। इनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं।
रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक,औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक,आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए दुर्लभ खनिज ही चाहिए। इसके अलावा रिन्यूवल एनर्जी, विंड टर्बाइन और सोलर पैनल, सुपर कंडक्टर, हाइ प्लग्स, मैग्रेट, इलेक्ट्रिक पॉलिसिंग, ऑयल, रिफाइनरी में केटिलिस्ट, हाइब्रिड कलर कंपोनेंट एवं बैटरी, लैजर, एयरोस्पेस के लिए भी ये ह्यअनिवार्य तत्वह्ल हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है।
यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नए ग्लोबल मैप के मुताबिक यूं तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका,मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। वहीं चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक लिथियम भंडार हैं तो यूक्रेन में टाइटेनियम और लिथियम और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं।
दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें रेअर माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं।
भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते। भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है-करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं। लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है।
ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग यह काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 2270 टन और पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 53,748 मीट्रिक टन मैग्नेट आयात किए। इनका करीब अस्सी फीसदी चीन से ही आयात हुआ।
इस हालात को देखते हुए भारत ने अपने दुर्लभ खनिजों को रणनीतिक संपत्ति की तरह देखना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के चलते भारत ने पिछले 13 वर्षों से जापान के साथ चल रहे समझौते को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड द्वारा खनन किए गए दुर्लभ खनिज, विशेषकर नियोडिमियम जापान भेजे जाते थे, लेकिन भारत ने तय किया है कि वह अपने घरेलू उद्योगों की जरूरतों को प्राथमिकता देगा और चीन पर निर्भरता कम करेगा।
इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी पर केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की आधिकारिक पुष्टि के बाद जोधपुर में रेअर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास है।
बालोतरा में 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ मृदा तत्व ऑक्साइड मिलने की संभावना है। भारत का लक्ष्य है कि 2026 तक वह 450 मीट्रिक टन नियोडिमियम का उत्पादन करे और 2030 तक इसे दोगुना कर दे। भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए यह अब अनिवार्य हो गया है कि दुर्लभ तत्वों की तकनीक में अपने धुर प्रतिद्वंद्वी देश पर निर्भरता को घटाते हुए आत्मनिर्भरता के प्रयास किए जाएं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7471

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7470 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# आम आदमी पार्टी के वजूद पर सवाल

**मनोज कुमार मिश्र**

14 फरवरी,2014 को 49 दिन की सरकार जाने के कुछ ही दिनों बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) के अरविंद केजरीवाल के बाद दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया ने अपने मयूर विहार, फेज- दो के घर पर मुझे मिलने के लिए बुलाया। करीब घंटे भर उनसे विभिन्न विषयों पर बात होती रही। उनकी पूरी बातचीत का निचोड़ यह था कि हम और हमारी पार्टी सत्ता के लिए बने हैं। पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोटी है। हम तो भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन को अपने साथ लाकर मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाना चाहते हैं, वे इसके लिए तैयार नहीं हैं (वैसे डॉ. हर्षवर्धन ने इसे पूरी तरह से निराधार बताया)।
इस बातचीत के बाद सिसोदिया से अलग मिलने का मौका न मिला लेकिन बाद के घटनाक्रम ने एक बात तो साबित कर दी कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। भाजपा और कांग्रेस विरोधी अनेक बुद्धिजीवियों के प्रभाव में आकर केजरीवाल ने 2014 में देश भर में लोकसभा चुनाव लड़ना तय किया। भारी पराजय के बाद अपने लोगों के गुस्सा से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर जेल गए। 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बावजूद रामलीला मैदान में दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता से जनादेश उनकी सेवा करने के लिए मिला है, वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। तब से लेकर अब तक उनके बयान और दावों में कितनी बार और क्यों बदलाव हुआ, यह लंबा किस्सा है। हर रोज मीडिया की सुर्खियों में रहने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली में सत्ता से बाहर होने और खुद चुनाव हारने के बाद गाहे-बगाहे दिल्ली में सार्वजनिक रूप से दिख जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे राज्यसभा के सदस्य बनने के जुगाड़ में हैं। लेकिन उनके घर बैठने से दिल्ली विधानसभा चुनाव के कुछ ही महीनों में आआपा के वजूद पर ही सवाल उठने लगे हैं। जो हालात बनते जा रहे हैं उसमें केजरीवाल की तुलना विदेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन चलाकर सीधे छात्र आंदोलन से असम गण परिषद राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा चुनाव जीतकर 1985 में असम के मुख्यमंत्री बने प्रफुल्ल कुमार महंत से की जाने लगी है। आज की तारीख में महंत की असम की राजनीति में कोई चर्चा तक नहीं होती है। 2011 के दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी अण्णा हजारे के आंदोलन में शामिल अनेक नेताओं ने हजारे के मना करने के बावजूद 26 अक्टूबर, 2012 को आम आदमी पार्टी के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ना तय किया।
अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में 2013 का विधानसभा चुनाव लड़ा गया। पहले ही चुनाव में बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा ने करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ महज आठ सीटें मिली। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई। नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधानसभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा।
2014 के लोकसभा चुनाव में आआपा ने देश भर में चुनाव लड़ना तय किया। खुद केजरीवाल भाजपा के प्रधानमंत्री के घोषित उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बनारस चुनाव लड़ने पहुंच गए। वे तो बुरी तरह से हारे ही आआपा के ज्यादातर प्रमुख नेता लोकसभा चुनाव लड़े और पराजित हुए। केवल पंजाब में चार सीट आआपा जीत पाई। बाद में उसमें से दो सांसद आआपा से अलग हो गए और 2019 के लोकसभा चुनाव में केवल अभी के मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनाव जीते। 2024 में उसे केवल पंजाब में ही तीन सीटें मिली। 2014 के चुनाव में केजरीवाल ने बड़ा सपना देखा था, वे परिणाम से इतने आहत हुए थे कि कार्यकताओं का गुस्सा शांत करने के लिए जबरन जमानत तुड़वाकर जेल गए। इतना ही नहीं एक-एक करके पार्टी के दिग्गजों-पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, प्रो. आनंद कुमार इत्यादि को पार्टी से बाहर किया। बाद में कुमार विश्वास समेत अनेक दिग्गज नेता बाहर हुए। कहा गया कि आआपा में वही रह सकता है जो केजरीवाल के किसी फैसले पर सवाल न उठाए। बावजूद इसके आआपा को कई बड़ी सफलता मिल गई।
कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वादे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले।

## दैनिक पंचांग

**25 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.52 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | सिंह | 09.08 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.20 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.46 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.02 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.07 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.53 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.26 बजे से |
| | | मेष | 00.57 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | वृष | 02.37 बजे से |
| | | मिथुन | 04.35 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 176 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 16.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 10.41 बजे को समाप्त। **योग** गण्ड 06.00 बजे तदनन्तर वृद्धि 02.39 बजे रात्र को समाप्त। **करण** चतुष्पद 05.29 बजे, नाग 16.02 बजे तदनन्तर किस्तुघ्न 02.40 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 23'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872386
**जूलियन दिन** 2460851.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 28
**विशेष** आषाढ़ अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### क्रॉस कंट्री दौड़ का हुआ आयोजन




**पाकुड़** : ज़िले में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस एवं नशा मुक्ति को लेकर मंगलवार को सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क स्थित वीआईपी रोड से बैंक कॉलोनी स्टेडियम तक क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन हुआ। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने कहा कि अभियान के तहत जिले में 1 जून से 26 जून तक जिले में नशे के विरुद्ध अनेक जान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जनसाधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और इनसे बचना है, बल्कि इस अभियान को नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप देना है ।ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़कर अपना योगदान दे सकें। अभियान के तहत जिले में 1 जून से 26 जून तक अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साथ ही बताया कि ओलंपिक दिवस का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। मौके पर ओलम्पिक संघ के सचिव रणवीर कुमार सिंह, खेल समन्वयक विवेक रजक, पर्यटन विशेषज्ञ दीपन लाहिरी, मनीष कुमार,अक्षय बाउरी, प्रोन्नति रानी दास,अंकिता राय,श्यामल सोरेन,नारायण रॉय,जगबंधु दास, मो. शकील अहमद उपस्थित थे।

### सरकार में भ्रष्टाचार और लुट का बोलबाला : अभय सिंह

**पटमदा**: पटमदा और बोड़ाम प्रखंड में भाजपा के हल्ला बोल प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार,गिरती विधि व्यवस्था को लेकर जन आक्रोश रैली सह प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया गया ।14 सूत्री मांग पत्र अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास को सौंपा गया ।कार्यक्रम प्रभारी अभय सिंह, मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल,प्रधान चंद्र महतो के नेतृत्व में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। मांग पत्र में वृद्धा पेंशन, लचर चिकित्सा व्यवस्था, प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, धान क्रय राशि का भुगतान, आय, जाति, राशन वितरण में बिचौलिए से मुक्ति, मैया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित कई महत्वपूर्ण मांग रखी गई। कार्यक्रम ने मुख्य अतिथि अभय सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप बेसरा,संदीप मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल, प्रधान चंद्र महतो, मंटू चरण दत्ता, कृपासिंधु महतो, विश्वजीत कुंभकार,सना रतन सिंह, मुरारी मोहन पाल, किसान महतो, बिमल मंडल, प्रभाष माहली सहित सैकड़ों भाजपाई और महिलाएं शामिल हुई।

### भ्रष्टाचार चरम पर चुनावी वादे भूल गई सरकार : मधु गोराई

**ईचागढ़**: कुकड़ू प्रखंड में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हेमन्त सोरेन सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री मधु गोराई ने किया, जिसमें भाजपा प्रखंड अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, वरीय नेता सचिदानंद महतो और सुमन मुखर्जी सहित कई नेता शामिल रहे। प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था की बदहाली, बिजली-पानी की लचर व्यवस्था, अवैध बालू-पत्थर-कोयला खनन और बढ़ती बेरोजगारी को लेकर गहरा रोष जताया।

# पुलिस ने देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : पुलिस अनुमंडल कार्यालय कक्ष में आज 24 जून 2025 को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि कि दिनांक 23 जून 2025 को रात्रि 8:00 बजे एसपी अमित कुमार सिंह के आदेशानुसार पुअनि ब्रजेश कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा डीबीएल गंगा पुल साहिबगंज के पास एंटी क्राइम चेकिंग किया जा रहा था, तभी एसपी को गुप्त सूचना मिली कि शोभनपुर दियारा डीबीएल गंगा पुल के पास एक व्यक्ति अवैध देशी कट्टा के साथ सड़क किनारे खड़ा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संध्या गश्ती दल के टीम द्वारा थाना प्रभारी मुफ्फसिल को दूरभाष पर अवगत कराते हुए शीघ्र रूप से शोभनपुर दियारा गांव के पास डीबीएल गंगा पुल सड़क के किनारे पहुंचा तो एक व्यक्ति को हरा टी-शर्ट एवं चेकदार लूंगी में पहने हुए खड़ा पाया गया। पुलिस गाड़ी को देख कर उक्त व्यक्ति वहां से भागने लगा तब पुलिस बल के द्वारा उस व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ा गया और नाम व पता का पूछताछ किया गया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सनाउल हक उम्र 29 वर्षीय, पिता फैजुल हक, शोभनपुर दियारा, थाना मुफ्फसिल बताया। पकड़ाए उक्त व्यक्ति के कमर में बाएं तरफ से एक लोडेड देशी कट्टा को खोसा हुआ पाया गया। उक्त देशी कट्टा का कागजात की मांग की गई परंतु उसके द्वारा कोई वैध कागजात एवं संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस द्वारा देशी कट्टा को खोल कर देखा गया तो उसके अंदर 3 नोट 3 (303) का जिंदा कारतूस पाया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि उक्त व्यक्ति किसी बड़े अपराध को कारित करने के लिए पूर्ण तैयारी के साथ सड़क किनारे सुनसान जगह पर घात लगाकर खड़ा था। इसके बाद विधिवत जब्ती सूची बनाया गया तथा पकड़े व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए उक्त हथियार को खरीदे गए स्त्रोत के बारे में बताया। आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापामारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन, पुअनि मदन कुमार थाना प्रभारी मुफ्फसिल, पुअनि ब्रजेश कुमार, पुअनि ददन कुमार, हवलदार चूड़का हेंब्रम, आरक्षी 36 सरयू मुर्मू, आरक्षी 173 सुदर्शन महतो शामिल थे।

## गंगा नदी जनित आपदा से निपटने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं को ध्यान में रखते हुए साहेबगंज जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से तैयार है। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन के द्वारा क्रय किए गए अत्याधुनिक राहत एवं बचाव उपकरणों का गहन निरीक्षण एवं अवलोकन डीसी हेमंत सती के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सभी उपकरणों की कार्यक्षमता, उपयोगिता एवं संचालन प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन उपकरणों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से उपयोग में लाने हेतु बचाव दल को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत प्रदान की जा सके। निरीक्षण किए गए उपकरणों में निम्नलिखित मुख्य सामग्रियाँ शामिल थीं, रेस्क्यू बोट, फ्लेमलेस कुकिंग सिस्टम-बिना आग के खाना पकाने की तकनीक, कैंपिंग टेंट-आपदा प्रभावितों के लिए त्वरित आश्रय, पोर्टेबल सोलर पावर स्टेशन-विद्युत संकट में ऊर्जा का वैकल्पिक स्त्रोत, लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, थ्रो बैग-जल आपदा से बचाव के आधुनिक उपकरण, ओअर्स, रोलॉक्स, पैडल-नाव संचालन हेतु, डीसीपी अग्निशमन यंत्र-आगजनी की स्थिति में तत्काल उपयोग, टूल किट, कुल्हाड़ी, कैट हुक, चेन आरा मशीन-मार्ग अवरोध हटाने हेतु, रेडियो वॉकी सेट-संचार सुविधा बनाए रखने के लिए, पोंचो, गम बूट, सेफ्टी ग्लव्स, सुरक्षा हेलमेट-राहत दल की सुरक्षा हेतु, कंबल, पार्क पिकेट, हेड टॉर्च, इमरजेंसी लाइट, कम्पास, नेविगेशन लाइट, जीपीएस सेट -राहत, बचाव व दिशा-निर्देशन में सहायक उपकरण थे। इसके अलावा अन्य आपातकालीन सामग्रियाँ भी पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित रखी गई हैं, जिनका उपयोग किसी भी संकट की घड़ी में किया जा सकेगा। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आपदा प्रबंधन सिर्फ एक विभागीय कार्य नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम** : बिरसानगर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी नानी के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए बाहर से आया था और घटना के वक्त छत पर टहल रहा था। बिरसानगर थाना अंतर्गत टीचर्स कॉलोनी के समीप रमणी फ्लैट निवासी संजय नारायण सिंह के भांजे नीतीश कुमार सिंह की सोमवार रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नीतीश बिहार के भोजपुर जिले का रहने वाला था और नासिक में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी नानी के श्राद्ध कर्म में भाग लेने के लिए जमशेदपुर आया था। रविवार को श्राद्ध कर्म संपन्न हुआ था। सोमवार की शाम वह फ्लैट की छत पर टहल रहा था, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## मोबाइल में गेम खेल रहे नाबालिक को चाकू मार कर की निर्मम हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**राजमहल** : थाना क्षेत्र के स्थित सूर्य देव घाट परिसर में बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहे एक नाबालिग की चाकू से मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार भागलपुर निवासी मंगल रविदास के 16 वर्षीय पुत्र करण रविदास अपने दोस्तों के साथ सूर्य देव घाट परिसर में गेम खेल रहा था। इसी दौरान पीछे से एक युवक आया और चारों ओर घूमने के बाद पहचान कर करण रविदास के पर चाकू से कई बार हमला कर दिया। जिसे दोस्तों द्वारा आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।

जहां मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू द्वारा बालक को मृत बताया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, एसआई बिट्टू कुमार साहा, एसआई महादेव उरांव सहित अन्य पुलिस छावनी में अस्पताल परिसर में तब्दील हो गया। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है। मृतक के एक दोस्त ने बताया कि हमलोग गेम खेल रहे थे इसी दौरान पीछे से आकर उज्जवल नामक एक युवक ने चाकू से वार कर दिया। मृतक करण रविदास राजमहल बालू प्लॉट स्थित अपने फुआ के घर में बचपन से ही रहकर पढ़ाई लिखाई करता था। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही राजमहल विधायक प्रतिनिधि सह जेएमएम के युवा मोर्चा जिला सचिव मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, पंकज घोष सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों का जमावड़ा होने लगा।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।

## साहिबगंज में युवक-युवती को बनाया बंधक प्रेम प्रसंग को लेकर रातभर की पिटाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र के पुआल पंचायत स्थित वास्को गांव में एक युवक और युवती को सोमवार देर रात से बंधक बनाकर रखा गया है। देर रात दोनों को पकड़ने के बाद गांव वालों ने पंचायत लगाकर दोनों को रस्सी से बांधा और जमकर पिटाई की। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इस दौरान गांव वालों की ओर से दोनों को छोड़ने के लिए पैसे की भी डिमांड की गई। कहा तो ये जा रहा है कि रात में 25 हजार रुपये से शुरू हुई डिमांड मंगलवार दोपहर तीन लाख तक जा पहुंची। जानकारी के मुताबिक, युवक उमेश सिंह जो छोटा कुसमी गांव का रहने वाला है और ऑटो चलता है, अपनी प्रेमिका से मिलने वास्को गांव आया था। इसी दौरान देर रात डेढ़ बजे गांव वालों ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। बताया ये जा रहा है कि महिला चार बच्चों की मां है और उसके पति को पहले ही पत्नी के प्रेम प्रसंग में शामिल होने का शक था। पति ने अपनी पत्नी को बारात में जाने की गलत जानकारी दी। इसके बाद पत्नी ने अपने प्रेमी को देर रात घर बुला लिया। पति छुपकर सारी हरकत देख रहा था और मौका देखकर पत्नी के साथ उसके प्रेमी को पकड़ लिया ।इसके बाद गांव वालों ने दोनो को बंधक बनाकर बीच सड़क पर बैठा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पिटाई भी की। छोड़ने के लिए पैसे की डिमांड तक की गई। पुलिस को जब इस बात की जानकारी मिली तो वो मौके पर पहुंची और दोनों को गांव वालों के चंगुल से छुड़ाने की पूरी कोशिश की। घटना को लेकर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि पुलिस लगातार गांव वालों को समझाने की कोशिश कर रही है। दोनों को मुक्त कराने की कोशिश जारी है, मामले में कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यालयों में भ्रष्टाचार के कारण सड़क, बिजली पानी पीएम आवास जैसी योजनाओं का कार्य ठप : अनंत ओझा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : प्रदेश भाजपा के आह्वाहन पर भाजपा नगर व ग्रामीण ने संयुक्त रूप से मंगलवार को हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर, कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजमहल पूर्व विधायक अनंत ओझा के नेतृत्व में गांधी चौक से आक्रोश रैली निकालकर शहर भ्रमण करते हुए सदर ब्लॉक पहुंचा और अपनी मांगों को लेकर डीसी के नाम बीडीओ सह सीओ बासुकिनाथ टुडु को ज्ञापन सौंपा। वही भाजपा कार्यकर्ता हाथों में बैनर तख्ती पोस्टर लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर भ्रमण किया। ब्लॉक परिसर पहुंचकर नुक्कंड सभा के जरिए प्रदेश सरकार पर खूब हमला किया। वही पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा कि ब्लॉक में भ्रष्टाचार बंद हो, पश्चिम पूर्वी रेलवे फाटक समीप जल्द ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए, बालू, गिट्टी, खनिज संपदा का लुट बंद हो, जिला में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज का निर्माण जल्द कराया जाए, शहर की जर्जर सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए, कार्यालयों में हो रहा भ्रष्टाचार बंद हो, कानून व्यवस्था बेहतर किया जाए, चोरी हत्याएं लुट की वारदात बढ़ते जा रहा है, लोगों को बिजली बेहतर दी जाए, शहरी पेयजलापूर्ति कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करके साफ पीने का पानी मुहैया कराए, जमीन का रजिस्ट्री व म्यूटेशन चालू किया जाए, खासमहाल की भूमि में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए, विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन दिया जाए, मईया सम्मान योजना का लाभ सभी महिलाओं को दिया जाए, जिला में पूर्व से स्वीकृत योजनाओं का कार्य शुरू किया जाए, स्कूलों में शिक्षकों और अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए, अबूआ से आवास का लाभ दिया जाए, युवाओं को रोजगार दे। मौके पर रामानंद साह, सुनील सिंह, मनोज यादव, संजय पटेल, मनोज पासवान, गरिमा साह, धर्मेंद्र कुमार, पंकज चौधरी, राजेश गौंड, अनुराग राहुल, विक्रम दास, अवधेश यादव, चंद्रभान शर्मा, अनंत सिन्हा, मनी सिंह, गौतम पंडित सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार का हुआ आयोजन, विधायक ने लोगों की सुनी फरियाद



**बरहरवा**: प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। नगर पंचायत बरहरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांगता पेंशन, आवास, अंचल, राशन कार्ड एवं थाना आदि से संबंधित समस्या को लेकर उपस्थित हुए। जिसे बरकत खान ने बारी-बारी से सुनकर संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप करके निदान करवाया। बरहरवा नगर के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से डिप बोरीग करवाने हेतु मांग की विधायक प्रतिनिधि ने आवेदन की अनुशंसा कर कार्यपालक पदाधिकारी बरहरवा नगर पंचायत को आवश्यक कारवाई हेतु अग्रसारित किया एवं जल्द से जल्द बोरिंग करने के निर्देश दिया ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। बिंदुपाड़ा पंचायत के फरीदपुर ग्राम के ग्रामीणों ने 100 केवीए बिजली का ट्रांसफार्मर बदलने हेतु आवेदन विधायक प्रतिनिधि को दिया, वहीं विधायक प्रतिनिधि ने विद्युत विभाग के एसडीओ को आवेदन अनुशंसा कर भेजा और जल्द से जल्द 100 केवीए बिजली का ट्रांसफार्मर लगाने को कहा। मौके पर सैफ आलम, हीरालाल साहा, अनन्त लाल भगत, नेहाल अख्तर, कालू, शमशेर अली, छोटेलाल रामानी, अजीत कुमार राय सहित दर्जनों ग्रामीण एवं नगर के लोग उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में जेएसएलपीएस कर्मी पिता और पुत्र घायल



**साहिबगंज**: गोपलाडीह गाँव के पास मंगलवार के अपराह्न डस्ट में पड़कर मोटरसाइकिल का पहिया फिसलने से मोटरसाइकिल दुर्घटना में जेएसएलपीएस कर्मी पिता और उनका 15 वर्षीय पुत्र घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिला के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत करणपुरा गाँव निवासी 46 वर्षीय कदरु पहाड़ीया जो जेएसएलपीएस के कर्मी हैं, कुसमा गाँव से काम निपटाकर गोपलाडीह के रास्ते अपने 15 वर्षीय पुत्र सुजित पहाड़ीया के साथ मोटरसाइकिल से प्रखंड कार्यालय आ रहा था तभी गोपलाडीह गाँव के पास मोटरसाइकिल का पहिया डस्ट में पड़कर फिसल गया जिससे मोटरसाइकिल दुर्घटना हो गई। घटना में पिता पुत्र दोनों घायल हो गया। घायल पिता पुत्र का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में डॉ. दिलीप कुमार ने किया।

### नियमित टीकाकरण को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**तालझारी**: प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में मंगलवार को प्रभार प्रभारी डॉ रंजन कुमार के अध्यक्षता में जिला स्तरीय नियमित टीकाकरण रिव्यु दल के द्वारा नियमित टीकाकरण कार्य योजना का एक दिवसीय समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जिला स्तरीय रिव्यू कमेटी में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार मिश्रा, विश्व स्वास्थ्य संगठन साहिबगंज के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ धारुन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विकास शर्मा, वीसीसीएम अभिषेक कुमार, तालझारी प्रखंड के विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर बासुकीनाथ यादव, सुबोध कुमार शर्मा के द्वारा तालझारी प्रखंड का नियमित टीकाकरण कार्य योजना का बारीकी से समीक्षा किया गया। इस दौरान डॉ रंजन कुमार के द्वारा सभी एएनएम एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वस्थ कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विजय राम, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के स्वास्थ कर्मी, एएनएम, सहिया साथी सहित अन्य उपस्थित थे।

### रोज अबुआ राज में जनता लूट का शिकार होती जा रही है : बिरंची नारायण



**बोकारो** : हेमंत सोरेन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था,लचर बिजली पानी की व्यवस्था,नगर निकाय चुनाव ,अवैध बालू, पत्थर, कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज चास प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि कानून व्यवस्था चरमरा गई है, सरकारी योजनाओं को लेकर सरकार विफल है वृद्धा, विधवा सहित सभी पेंशन बंद है अबुआ राज में राज्य की जनता रोज लुट की शिकार हो रही हैं हेमंत सोरेन सरकार में बालू का अवैध खनन कर तस्करी किया जा रहा है। सरकार एक भी बालू घाट का नीलाम नहीं कर पाई। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बेरोजगारी बढ़ गई है। बिजली पानी की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश है। रोज अबुआ राज में जनता लूट का शिकार होती जा रही है हेमंत सरकार में फैले भ्रष्टाचार, चरमराई कानून व्यवस्था, बदहाल बिजली-पानी की स्थिति और अवैध बालू-पदलालों, बिचौलियों और भ्रष्ट तंत्र को संरक्षण देने वाली सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लगातार संघर्षरत है राज्य में अपराधी बेखौफ है दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे है कल ही जिस तरह से दिनदहाड़े दुकान में लूट की गई ये गिरती कानून व्यवस्था का उदाहरण है।

# भारत से 10 अरब डॉलर के उत्पाद मंगाने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम जारीः वॉलमार्ट सीईओ

**नई दिल्ली ।**

वॉलमार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वैश्विक) डग मैकमिलन ने मंगलवार को कहा कि उनकी कंपनी अपने वैश्विक परिचालन के लिए भारत से 10 अरब डॉलर का सामान मंगाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत में आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि वॉलमार्ट ने पिछले कुछ वर्षों में भारत से अपनी खरीद बढ़ा दी है और वह इस प्रगति से उत्साहित है। पिछले कुछ वर्षों में आप देख सकते हैं कि स्थिति कैसे बदल रही है और यह वास्तव में व्यापक और अधिक दिलचस्प होती जा रही है। बेंटनविले मुख्यालय वाली खुदरा दिग्गज कंपनी ने 2027 तक भारत से 10 अरब अमेरिका डालर के उत्पाद मंगाने का लक्ष्य रखा है जिसका उद्देश्य परिधान, खाद्य, खिलौने और अन्य श्रेणियों में निर्यात को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में हम यहां से सीमित श्रेणियों के उत्पाद ले रहे थे, लेकिन अब हम इसका विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं। सीईओ ने कहा कि इसमें काफी वृद्धि हुई है और अब हमारा लक्ष्य इसे प्रति वर्ष 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है, जो वास्तव में एक बड़ा आंकड़ा है और आपूर्तिकर्ता समुदाय के साथ मिलकर हम इसे प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं। डग मैकमिलन दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। यहां उन्होंने वॉलमार्ट की भारत में विकास गाथा का उल्लेख किया जिसमें निर्यात, डिजिटल नवाचार, समावेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण व समुदायों को सशक्त बनाना शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने कुछ विक्रेताओं से भी बातचीत की जिन्हें आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम वॉलमार्ट वृद्धि के तहत प्रशिक्षित किया गया है।




# एक्मे सोलर की राजस्थान में 300 मेगावाट की सीकर परियोजना चालू

**नई दिल्ली ।**

एक्मे सोलर होल्डिंग ने राजस्थान में सीकर सौर परियोजना में 60 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता जोड़ते हुए अपनी 300 मेगावाट की इस परियोजना शुरु कर दी है। कंपनी ने मंगलवार को घोषणा की कि इस तिमाही के शुरू में कंपनी ने परियोजना की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 240 मेगावाट को आंशिक रूप से चालू कर दिया। इस उपलब्धि के साथ एक्मे सोलर की कुल परिचालन क्षमता बढ़कर 2,890 मेगावाट हो गई है। बयान के अनुसार एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड ने अतिरिक्त 60 मेगावाट क्षमता चालू करने के बाद राजस्थान में एक्मे सीकर सौर परियोजना में अपनी 300 मेगावाट की पूरी अक्षय ऊर्जा क्षमता चालू कर दी है। भारत के सबसे अधिक सौर विकिरण क्षेत्रों में से एक राजस्थान के बीकानेर में 1300 एकड़ में फैली यह परियोजना 220 केवी पर बीकानेर-2 सबस्टेशन से जुड़ी है। इससे प्रतिवर्ष करीब 78 करोड़ यूनिट (एमयू) नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।



# आदानी डिफेंस बनी सेना की आंख और ढाल

- 'ऑपरेशन सिन्दूर' में अहम भूमिका पर बोले गौतम अदाणी
- अदाणी समूह की 33वीं वार्षिक आम सभा
- मुंबई एयरपोर्ट ने अपोलो समूह से जुटाए 750 मिलियन डॉलर

**मुंबई ।**

गौतम अदाणी ने ऑपरेशन सिन्दूर में अदाणी डिफेंस की भूमिका पर गर्व जताते हुए कहा कि हमारी ड्रोन टेक्नोलॉजी भारतीय सेना की आंखें और आक्रमण की तलवार बनी। यह बयान उन्होंने मंगलवार को अदाणी समूह की 33वीं वार्षिक आम सभा में दिया।

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिन्दूर ने हमें याद दिलाया कि शांति मुफ्त नहीं मिलती। यह हमारे सैनिकों की बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा से अर्जित होती है। जब देश को ज़रूरत होती है, हम वहीं खड़े होते हैं।

हमारी एंटी-ड्रोन प्रणाली ने सैनिकों और नागरिकों दोनों की रक्षा की। गौरतलब है कि यह सैन्य अभियान 7 मई को कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था।

मुंबई एयरपोर्ट ने जुटाए 750 मिलियन डॉलर

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएल), जो अदाणी समूह के अधीन है, ने न्यूयॉर्क स्थित एपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के नेतृत्व में निवेशकों के एक समूह से 750 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस राशि का उपयोग पुराने कर्ज चुकाने और एयरपोर्ट के विस्तार कार्यों के लिए किया जाएगा। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के सीईओ अरुण बंसल ने कहा, इस फंडिंग से हमें ऑपरेशनल लचीलापन मिलेगा और हम यात्रियों को और बेहतर अनुभव देने की दिशा में तेजी से काम कर सकेंगे। मुंबई एयरपोर्ट अब अगले पांच वर्षों में करीब ₹10,000 करोड़ का निवेश करेगा, जिससे इसकी वार्षिक क्षमता 54.8 मिलियन से बढ़कर 229 मिलियन यात्रियों तक पहुंच जाएगी।

इसके अलावा, अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने इसी महीने बार्कलेज, फर्स्ट अबू धाबी बैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय बैंकों से भी 750 मिलियन डॉलर जुटाए थे, जिसमें से 400 मिलियन कर्ज चुकाने और बाकी देशभर के छह एयरपोर्ट्स के विकास में उपयोग किया जाएगा।

गौतम अदाणी इस समय 64.5 बिलियन की संपत्ति के साथ भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

# जूपीटर वेगंस का साल 2029 तक 10,000 करोड़ की सालाना कमाई का लक्ष्य



- कंपनी का शेयर 372 पर, टारगेट प्राइस 431 रुपए तय

**नई दिल्ली ।**

रेलवे और सड़क ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी जूपीटर वेगंस को लेकर एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग ने होल्ड रेटिंग जारी रखी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी के पास तेज़ी से बढ़ने की पूरी तैयारी है और वह साल 2029 तक 10,000 करोड़ की सालाना कमाई का लक्ष्य लेकर चल रही है। फिलहाल कंपनी का शेयर 372 पर कारोबार कर रहा है और इसका टारगेट प्राइस 431 रुपए तय किया गया है, यानी इसमें करीब 16 फीसदी का संभावित मुनाफा हो सकता है। जूपीटर वेगंस का बड़ा हिस्सा रेलवे के फ्रेट वैगनों से जुड़ा है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से व्हीलसेट की कमी के कारण ऑर्डर की डिलीवरी में दिक्कतें आ रही हैं। यह समस्या रेलवे की व्हील फैक्ट्री से सप्लाई में कमी के कारण हुई है। कंपनी को उम्मीद है कि यह परेशानी जुलाई 2025 तक खत्म हो जाएगी। अभी कंपनी की कमाई का 60 फीसदी हिस्सा प्राइवेट ग्राहकों से आता है, जहां ऑर्डर की रफ्तार अच्छी बनी हुई है। साथ ही सरकार की तरफ से साल के अंत में नए वैगन टेंडर की उम्मीद भी जताई गई है। जूपीटर की सहायक कंपनी जेईएम ने इंदौर में अपना पहला इलेक्ट्रिक लाइट कमर्शियल वाहन लॉन्च किया है। यह गाड़ी भारत के लॉजिस्टिक सेक्टर को टारगेट करती है। कंपनी ने बताया कि अगले वित्त वर्ष में करीब 500 गाड़ियां बेचने का लक्ष्य है। इसके अलावा 2 टन और 3 टन की दो और गाड़ियां अगले दो साल में लॉन्च होंगी।

# रतन टाटा ने जिन शेयरों का वसीयत में नहीं किया जिक्र वह अब ट्रस्टों में बंटेंगे

*लिस्टेड और अनलिस्टेड शेयरों के मामले को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुलझाया*

**मुंबई।** मशहूर उद्योगपति रतन टाटा की वसीयत के मुताबिक ही संपत्तियों और चीजों का बंटवारा हुआ था, लेकिन जिन शेयरों के बारे में वह अपनी वसीयत में लिखकर नहीं गए, उनका क्या होगा? इसको लेकर जब यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचा तो कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश दिया है कि रतन टाटा के लिस्टेड और अनलिस्टेड दोनों तरह के शेयरों पर अब मालिकाना हक रतन टाटा एंडाउमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडाउमेंट ट्रस्ट का होगा। जस्टिस मनीष पिटाले की बेंच ने यह फैसला सुनाया। जस्टिस मनीष पिटाले ने कहा कि रतन टाटा ने अपनी वसीयत में जिन चीजों का जिक्र नहीं किया था, उन पर मालिकाना हक उनकी ओर से स्थापित संस्थानों का होना चाहिए। बेंच ने कहा कि रतन टाटा एंडाउमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडाउमेंट ट्रस्ट की स्थापना रतन टाटा ने ही की थी। कोर्ट ने कहा कि लिस्टेड और अनलिस्टेड शेयर्स, जिनके बारे में रतन टाटा ने वसीयत में उल्लेख नहीं किया उनको उनके ही दोनों ट्रस्टों में समान रूप से बांटा जाता है। इस मामले में याचिका दायर की गई थी और कोर्ट से मांग की गई थी कि रतन टाटा के शेयरों के मालिकाना हक पर फैसला लिया जाए।

दरअसल बेंच में मुख्य सवाल यह उभरा कि रतन टाटा ने इन शेयरों के बारे में अपनी ओरिजिनल वसीयत में कुछ नहीं कहा था, लेकिन 22 दिसंबर, 2023 को संशोधन किया गया था। उसमें इसे शामिल किया गया। इसके बाद संशोधित वसीयत में कहा गया कि रतन टाटा की अन्य सभी संपत्तियां दो हिस्सों में बांटकर रतन टाटा की ही दो ट्रस्टों को दे दी जाएं। इनमें ही लिस्टेड और अनलिस्टेड शेयरों को भी शामिल कर लिया गया।

बता दें रतन टाटा का 9 अक्तूबर, 2024 को निधन हो गया था। उनका कोई पारिवारिक वारिस नहीं था और वे अविवाहित थे। रतन टाटा का नाम देश के औद्योगिक जगत में सम्मान से लिया जाता है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार के भारतीय रुपया सात पैसी की बढ़त के साथ ही 86.05 रुपये पर बंद हुआ। रुपये में ये बढ़त तेल की कीमतों में गिरावट से आई हैं। इससे पहले आज सुबह डॉलर के मुकाबले रुपया 64 पैसे मज़बूत होकर 86.11 पर पहुंचा, जो सोमवार को 86.75 पर बंद हुआ था। यह 13 मई के बाद रुपया की सबसे बड़ी शुरुआती तेज़ी रही है। हालांकि जून महीने में अब तक रुपया कुल 0.61 फीसदी गिर चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान और इजराइल के बीच पूर्ण सीज़फायर की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।





## 25 साल में बैंक जमा पर सबसे कम ब्याज

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा इस साल रेपो रेट में, अभी तक एक फ़ीसदी की कटौती कर दी गई है। जिसके कारण बैंकों की ब्याज दरें लगातार घटती चली जा रही हैं। 25 साल में पहली बार भारतीय जमा कर्ताओं को बैंक से सबसे कम ब्याज मिल रहा है। जिसके कारण बैंकों में जमा कर्ताओं का रुझान घटता चला जा रहा है। यदि यही हाल रहा।बैंक से लोन लेने वालों की मांग बढ़ती है। ऐसी स्थिति में बैंकों को नगदी संकट से जूझना पड़ेगा। बैंकों में आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती चली जा रही है। निवेदक जमा राशि पर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने के लिए अब म्युचुअल फंड, शेयर सोना चांदी एवं अन्य माध्यमों की तलाश कर रहे हैं। जो आगे चलकर बैंकों के अस्तित्व के लिए बड़ा संकट हो सकता है।

## यूपीआई से फेल ट्रांजेक्शन पर मिलेगा तुरंत रिफंड

- 15 जुलाई से लागू होगा नया नियम

**मुंबई ।** यूपीआई 15 जुलाई से नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) नया चार्जबैक नियम लागू करने जा रहा है, जिसके तहत अगर किसी लेनदेन में पैसा खाते से कट गया लेकिन भुगतान नहीं हुआ, तो ग्राहक को तुरंत रिफंड मिल जाएगा। अब इसके लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अगर यूपीआई ट्रांजेक्शन फेल होता है लेकिन खाते से पैसा कट जाता है, तो यूजर को तुरंत पैसा वापस मिल जाएगा। वहीं यूजर बैंक से पैसा वापस मांग सकेगा, जिससे गलत ट्रांसफर के मामलों में तेजी से समाधान मिलेगा। अब बैंक एनपीसीआई की पूर्व अनुमति के बिना भी कुछ अस्वीकृत चार्जबैक को फिर से उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे। एनपीसीआई की नई व्यवस्था के तहत पुराने मामलों की भी दोबारा जांच की जा सकेगी। जिन ग्राहकों के चार्जबैक दावे पहले खारिज हो चुके हैं, उन्हें भी समाधान की उम्मीद मिलेगी।

## ऑपरेशन सिंदूर को याद कर गौतम अदाणी ने कहा, भारत अपने दुश्मनों को उसी भाषा में जबाव देना जानता

**अहमदाबाद।**

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना कर कहा कि उनके साहस ने हमें याद दिलाया कि शांति कभी मुफ्त नहीं मिलती, बल्कि अर्जित की जाती है। अदाणी एंटरप्राइजेज की सालाना आम बैठक (एजीएम) को संबोधित कर चेयरमैन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे बहादुर पुरुष और महिला सैनिक वर्दी में खड़े थे। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि भारत शांति की कीमत जानता है। लेकिन अगर कोई हमें आंख दिखाता है, तब हम उसको उसी भाषा में जवाब देना जानते हैं। गौतम अदाणी ने कहा, मैं आज यहां एक अध्यक्ष के रूप में नहीं, बल्कि एक नागरिक के रूप में खड़ा हूं। मैं हमारी सीमाओं, हमारे परिवारों और हमारी गरिमा की रक्षा करने वालों के मौन बलिदानों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि अदाणी डिफेंस के ड्रोन भी ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे। गौतम अदाणी ने कहा, जहां तक अदाणी डिफेंस की बात है, तब ऑपरेशन सिंदूर ने आह्वान किया और हमने पूरा किया। हमारे ड्रोन ने आसमान में आंख की तरह काम किया और हमले के दौरान तलवार भी बने। अदाणी समूह के चेयरमैन ने 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटना के पीड़ितों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, हम एयर इंडिया के विमान की दुखद घटना में मारे गए लोगों के लिए दुख में अपना सिर झुकाते हैं। कई सपने एक पल में हमेशा के लिए खामोश हो गए।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

### तनाव बढ़ने से गंवाई सुबह की 1000 अंकों की बढ़त

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर की खबर से बाजार में तेजी आई और ये 1000 अंक ऊपर पहुंच गया पर कुछ देर बाद ही सीजफायर टूटने और तनाव बढ़ने से बाजार धारणा प्रभावित हुई जिससे निवेशकों ने निकासी शुरु कर दी और बाजार नीचे आने लगा। इससे कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सत्र के शुरुआती समय की 1100 अंकों की बढ़त खोकर केवल 158.32 अंक की बढ़त के साथ ही 82,055.11 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी केवल 72.45 अंक की हल्की तेजी के साथ 25,044.35 के स्तर पर रहा। सेंसेक्स में अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आये जबकि पावर ग्रिड, ट्रेंट, एनटीपीसी, मारुति, एचसीएल टेक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरे।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में 1.4 फीसदी की तेजी दर्ज की गई, जबकि निफ्टी मेटल में 1.2 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। इलके अलावा, निफ्टी बैंक, ऑटो, प्राइवेट बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में भी तेजी देखी गई। इनमें से प्रत्येक में 0.7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर गिरावट वाले शेयरों में निफ्टी मीडिया में 1 फीसदी की कमी आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 1.50 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं गत दिवस सोमवार को शेयर बाजार में 1,874.38 करोड़ रुपये की तेजी आई जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,591.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बाजार में संघर्ष विराम की घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के कारण आई शुरुआती बढ़त कुछ समय में ही हवा हो गयी क्योंकि सीजफायर टूटने की खबरों से निवेशकों में घबराहट आई और उन्होंने अपनी रकम निकालना शुरु कर दिया।

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग काफी ऊपर बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजार मध्य सत्र के कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए। उधर, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 3.20 फीसदी गिरकर 69.13 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं आज सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इजरायल-ईरान युद्ध विराम की घोषणा के बाद बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,534.61 पर खुला। खुलते ही इसमें तेजी बढ़ गई। यह 922.27 अंक की बढ़त लेकर 82,819.06 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी मजबूत शुरुआत के साथ 25,179.90 पर खुला। यह 263.45 अंक की बढ़त के साथ 25,235.35 पर कारोबार कर रहा था। वहीं मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बेंचमार्क निफ्टी और सेंसेक्स सूचकांक में गत दिवस गिरावट रही थी। सीजफायर की घोषणा के बाद एशिया के शेयर बाजारों में 2.5 फीसदी तक की बढ़त देखी गई। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 2.5 फीसदी की तेजी आई। जबकि ताइवान में 2 फीसदी की तेजी आई।

## अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई ने फिर खरीदे 4.95 करोड़ डॉलर के बॉन्ड

**नई दिल्ली ।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने कहा कि उसकी इकाई अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड (एईएमएल) ने अपने ऋण दायित्व कम करने गिरवी रखे हुए 4.95 करोड़ डॉलर के ऋण बॉन्डफिर खरीद लिए हैं। एईएमएल ने कहा कि आंतरिक नकदी प्रवाह के जरिये वित्तपोषित 4.95 करोड़ डॉलर का नवीनतम लेनदेन फरवरी, 2020 में जारी कंपनी के 100 करोड़ डॉलर के बॉन्ड को संदर्भित करता है जो 2030 में देय थे। कुल 100 करोड़ डॉलर के इन ऋणपत्रों में से कंपनी ने नवंबर, 2023 में 12 करोड़ डॉलर के बॉन्ड पहले ही वापस खरीद लिए थे। कंपनी ने कहा कि इस लेनदेन के बाद गिरवी रखे हुए बॉन्ड की बकाया मूल राशि अब 83.05 करोड़ डॉलर है।

## नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों को देना होगा 1,225 रुपए तक यूडीएफ

**मुंबई ।** भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) ने निर्माणाधीन नवी मुंबई हवाई अड्डे पर 1,225 रुपये तक का उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) लगाने की अनुमति दे दी है। इस हवाई अड्डे का विकास नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनएमआईएएल) द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष के अंत में चालू होने वाले इस हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले यात्रियों को घरेलू उड़ानों के लिए 620 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 1,225 रुपये उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) के रूप में देने होंगे। एईआरए के 42 पृष्ठ के आदेश के अनुसार, हवाई अड्डे पर उतरने वाले यात्रियों के लिए घरेलू और विदेशी उड़ानों के लिए यूडीएफ क्रमशः 270 रुपये और 525 रुपये होगा। यूडीएफ शुल्क को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तदर्थ आधार पर अनुमोदित किया गया है। एईआरए ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक या नियमित शुल्क के अंतिम निर्धारण तक अंतरिम उपाय के रूप में तदर्थ यूडीएफ लगाने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।

# अदाणी समूह ने देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट सफलतापूर्वक चालू किया

### भारत को ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन हब बनने की तैयारी

**अहमदाबाद ।** अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) ने भारत में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक बड़ी पहल कर गुजरात के कच्छ जिले में देश का पहला ऑफ-ग्रिड 5 मेगावॉट ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट सफलतापूर्वक चालू किया है। यह प्लांट पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलता है और इसमें बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगा है, जिससे यह बिजली की मुख्य लाइन से पूरी तरह फ्री रहकर काम करता है। यानी यह प्लांट बिना किसी बाहरी सप्लाई के सिर्फ अपनी पैदा की गई हरित ऊर्जा से हाइड्रोजन बना सकता है।

यह प्रोजेक्ट भारत के राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के मकसद से जुड़ा हुआ है, इसका उद्देश्य ऊर्जा के साफ और स्वदेशी स्रोतों को बढ़ावा देना है। अदाणी समूह का यह प्रोजेक्ट देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ऊर्जा आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी अहम है। बात दें कि ये प्लांट अपने आप में खास है क्योंकि यह 100 प्रतिशत ग्रीन है और सोलर एनर्जी से चलता है। इसमें एक बंद सर्कुलर इलेक्ट्रोलाइजर सिस्टम लगाया गया है जो सौर ऊर्जा में आने वाले उतार-चढ़ाव के अनुसार तुरंत प्रतिक्रिया देता है। यानी जब सोलर एनर्जी कम या ज्यादा हो, तब भी यह सिस्टम काम करता रहता है। यह तकनीक प्लांट को ज्यादा सुरक्षित, फ्लैक्सिबल और किफायती बनाती है।

यह प्लांट तकनीकी रूप से यह दिखाता है कि भारी प्रदूषण फैलाने वाले क्षेत्रों जैसे रिफाइनरी, खाद कारखानों और भारी वाहनों में भी हाइड्रोजन का स्वच्छ रूप से उत्पादन और इस्तेमाल संभव है। अदाणी ग्रुप का यह प्रोजेक्ट आने वाले समय में इसतरह के बड़े इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स के लिए एक शानदार उदाहरण बनेगा। यह पायलट प्रोजेक्ट अदाणी के अगले बड़े ग्रीन हाइड्रोजन हब का रास्ता तैयार करता है, इस गुजरात के मुंद्रा में तैयार किया जाएगा। इस हब के जरिये भारत का हाइड्रोजन उत्पादन काफी बढ़ेगा और देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी।

दरअसल अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल), अदाणी एंटरप्राइजेज की क्लीन यूनिट है। यह ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव प्रोडक्ट जैसे ग्रीन अमोनिया, ग्रीन मेथनॉल और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल के निर्माण और आपूर्ति में काम करती है। मुंद्रा में यह कंपनी सोलर सेल, मॉड्यूल, विंड टरबाइन और इलेक्ट्रोलाइजर भी बना रही है, जिससे भारत और विदेशी बाजारों की जरूरतें पूरी हो सकें।


बात दें कि हाइड्रोजन दुनिया का सबसे हल्का और सबसे साफ एनर्जी साधन है। इसके जलने पर सिर्फ पानी की भाप निकलती है, यानी कोई प्रदूषण नहीं होता। यही वजह है कि दुनिया भर में ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्जा के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है।

## एसएंडपी ने भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली ।** ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी एसएंडपी ने मंगलवार को भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग्स एजेंसी ने इसकी वजह सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतें आदि को बताया है। हालांकि एसएंडपी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की भी आशंका जताई है। एसएंडपी ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक ऊर्जा बाजार पर लंबे समय तक असर पड़ने की आशंका कम ही है। भारत अपनी जरूरत का 85-90 प्रतिशत तेल आयात करता है और आधी प्राकृतिक गैस विदेशों से मंगवाता है। एसएंडपी ने बीते महीने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर में 20 अंकों की कमी कर इसे 6.3 प्रतिशत बताया था। एजेंसी ने इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को बताया था। एसएंडपी का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस महीने जताए गए अनुमान से मिल रहा है। रिजर्व बैंक ने भी भारत की विकास दर वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 6.5 प्रतिशत बताई थी। एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में ये भी आशंका जताई है कि अमेरिका के टैरिफ प्लान से व्यापार, निवेश और वैश्विक विकास को नुकसान होगा।

# पटना, बक्सर,किशनगंज मोतिहारी में बारिश, 31 जिलों में अलर्ट

## नवादा के ककोलत वाटर फॉल में फिर आया सैलाब,पूरा इलाका पानी में डूबा, सीढ़ियां टूटीं





**पटना।** बिहार में मानसून की एंट्री को आज एक सप्ताह पूरा हो गया है। मंगलवार को बक्सर, मोतिहारी, किशनगंज और पटना में बारिश हुई। 20 जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पटना समेत 11 जिलों में यलो अलर्ट हैं। इधर, झारखंड में लगातार हो रही बारिश से नवादा के गोविंदपुर पहाड़ियों में स्थित ककोलत वाटर फॉल में एक बार फिर सैलाब आ गया। इस वजह से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया। सीढ़ियों से भी पानी का बहाव हो रहा है। अचानक आए सैलाब से कई जगह रेलिंग टूट गई है। प्रशासन ने यहां 30 जून तक टूरिस्ट की एंट्री पर रोक लगाई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, आने वाले 10 दिनों में उत्तर बिहार में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। आकाशीय बिजली गिरने को लेकर भी अलर्ट है। इधर, नेपाल में लगातार हो रही बारिश के बाद कोसी का जलस्तर बढ़ने लगा है। वहीं, मुजफ्फरपुर में बागमती नदी भी उफान पर है, जिससे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। पटना में बादल छाए हैं। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो रही है, लेकिन कहीं भी तेज बारिश नहीं हो रही है। पटना में अगले एक सप्ताह तक भारी बारिश की संभावना नहीं है। इसका कारण- ट्रफ लाइन है। अभी ट्रफ लाइन दक्षिण बिहार में है। इससे दक्षिण बिहार से हवाएं पूरब से होते हुए उत्तर तक जा रही हैं। यही कारण है कि पटना में भारी बारिश के आसार नहीं है। मौसम वैज्ञानिक आनंद शंकर बताते हैं, 'मानसून आने के बाद जिस इलाके से ट्रफ लाइन गुजरती है, वहां अधिक बारिश होती है। दक्षिण बिहार के पास ट्रफ लाइन रहने के कारण गया, नवादा, जमुई से लेकर उत्तर बिहार और पूर्वी बिहार में भारी बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में औरंगाबाद, रक्सौल, मुंगेर समेत 7 जिलों में बारिश हुई। अररिया में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। फारबिसगंज में 132.4 मिमी बारिश हुई। किशनगंज में 78 मिमी बारिश हुई। औरंगाबाद में ठनका से एक व्यक्ति की मौत हुई है। बांका में 3 लोग झुलस गए। प्रदेश में पिछले दो दिनों में ठनका गिरने से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। 6 झुलसे हैं। नवादा सदर अस्पताल में बारिश के बाद जलजमाव से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन काउंटर, दवा काउंटर और सिविल सर्जन कार्यालय के सामने पानी भर गया। वहीं, झारखंड में लगातार हो रही तेज बारिश का असर बिहार में देखने को मिल रहा है। नवादा के ककोलत वाटर फॉल में एक बार फिर पानी बढ़ गया है। नेपाल में लगातार हो रही बारिश का असर बिहार में भी दिख रहा है। पानी छोड़े जाने के बाद मुजफ्फरपुर में बागमती नदी उफान पर है। जिसके कारण जिले के कटरा पीपा पुल पर भारी वाहनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अगर ऐसी ही हालत रही तो 20 से ज्यादा गांव के लोगों का कटरा प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट जाएगा। जिसके बाद लोगों को कटरा पहुंचने के लिए 50 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी या फिर आने-जाने के लिए नाव ही एक विकल्प बचेगा। संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए आसपास के इलाकों में लोगों के बीच दहशत का माहौल है। 2 लाख की आबादी प्रभावित हो सकती है। वहीं, झारखंड में पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है। जहानाबाद और नालंदा में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नदियों का जलस्तर बढ़ने 6 स्थानों पर तटबंध और बांध क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## लूट का विरोध करने पर दुकानदार को मारी गोली



**मुजफ्फरपुर।** में बेखौफ अपराधियों ने लूट का विरोध करने पर दुकान में घुसकर दुकानदार को गोली मार दी। बुलेट पेट में लगी है। हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मौके से 2 खोखा और एक बाइक बरामद हुआ है। घायल दुकानदार की पहचान सरैया के ब्रह्मपुरा निवासी अशोक साह(56) के तौर पर हुई है। वर्तमान में बसैठा में दुकान चलाते हैं। पूरा परिवार यहीं रहता है। घटना पारू थाना क्षेत्र के बसैठा बाजार की है। बहु स्वीटी कुमारी ने बताया, 'सोमवार रात करीब 9:30 बजे मेरे ससुर अशोक साह और देवर विक्की दुकान पर बैठे हुए थे। इस दौरान दो बाइक से चार अपराधी पहुंचे। हथियार के बल पर दोनों को बंधक बना लिया। पैसा के बारे में पूछने लगे। ससुर काउंटर से पैसा निकाल कर देने लगे। इस बीच कहासुनी हो गई।' स्थानीय लोगों की सूचना सरैया अनुमंडल के एसडीपीओ कुमार चंदन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से 2 खोखा मिला है। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी खंगाला जा रहा है।

## अपराधियों के बीच पुलिस नाम का खौफ नहीं बचा है



**गया।** जी के लटुआ में 9 साल की बच्ची से गैंगरेप मामले में कांग्रेस ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी एसपी रामानंद कौशल से मुलाकात की। पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजेश राम ने कहा, 'बिहार सरकार का इकबाल अब खत्म हो गया है। अपराधियों के बीच पुलिस नाम का खौफ नहीं बचा है। सरकार टायर्ड के साथ रिटायर्ड हो चुकी है। अब प्रदेश ब्यूरोक्रेट और सुपर मंत्री चला रहे हैं। मुख्यमंत्री को खुद नहीं पता होता कि उन्होंने क्या फैसला लिया है। फैसले उनके अफसर ले रहे हैं।'डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का बयान, 'बिहार पुलिस अपराधियों को गोली का जवाब गोली से देगी।' इस पर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बातों की गोली से सरकार नहीं चलती। जनता अब सबकुछ जान चुकी है। सरकार के खोखले वादों और लीपापोती से ऊब चुकी है। कांग्रेस ने एसपी सिटी से मांग की है कि पीड़िता को त्वरित मुआवजा और सुरक्षा मिले। केस का स्पीडी ट्रायल हो। अपराधियों में पुलिस का भय बना रहे दोनों आरोपी नाबालिग है। इस सवाल का कांग्रेस अध्यक्ष ने गोलमोल जवाब देते हुए सिर्फ इतना कहा कि पीड़िता को न्याय, मुआवजा और सुरक्षा मिले। पुलिस की गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि अपराधियों में भय बना रहे। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी, रजनीश उर्फ झुना, नेत्री रिया, पार्षद शिशु समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने बीमार पति की हत्या की






**रोहतास।** में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद भाग रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। भागने के दौरान गिर कर एक आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया। मामला रोहतास के डिहरी नगर थाना क्षेत्र के इदगाह मोहल्ले का है। मृतक की पहचान मोहम्मद अशरफ के रूप में हुई है। वारदात के पीछे पत्नी का अवैध संबंध था, जिसका पति विरोध करता था। दरअसल, मो. अशरफ की पत्नी रेशमा खातून का मोहम्मद इश्तेखार हसन के साथ पिछले 8 साल से अफेयर चल रहा था। इस अवैध रिश्ते के बारे में जब पति को जानकारी हुई हो तो उसने यह बात अपने परिवार में बताई। साथ ही पत्नी को फटकार लगाई थी। जिससे नाराज होकर पत्नी ने एक हफ्ते पहले अपने प्रेमी के साथ मिलकर मर्डर की पूरी प्लानिंग की और मौके की तलाश में जुट गए।

अशरफ की तबीयत खराब हुई तो पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर गला घोंट कर मार डाला। उनकी प्लानिंग इसे बीमारी से हुई मौत बताने की थी।रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने बताया कि, 'महिला का प्रेमी कोलकाता में रह रहा था। कोलकाता जाने के बाद भी वो महिला के संपर्क में था। दोनों की बातें होती थीं। बेटे के शोर मचाने पर पकड़े गए आरोपी SP ने बताया- 'रेशमा खातून अपने पति को मारना चाहती थी। इस बीच मोहम्मद अशरफ को टाइफाइड हुआ। जिसका फायदा उसकी पत्नी ने उठाना चाहा। प्लानिंग के तहत मोहम्मद इश्तेखार हसन अपने एक दोस्त जमशेद को लेकर 22 जून की रात में डेहरी आया और स्टेशन पर रुक कर रेशमा के फोन का इंतजार करने लगा।' 'देर रात जब सभी खाना खाकर सोने लगे तो रेशमा ने अपने किराएदार के साथ-साथ दोनों बच्चों को कहा कि अशरफ की तबीयत खराब है जिसे लेकर वह एक कमरे में है और आसपास कोई शोरगुल न करे। 'रात करीब 1 बजे महिला ने अपने प्रेमी और उसके दोस्त को घर पर बुला लिया। तीनों ने मिलकर घर के कमरे में सो रहे अशरफ की गला दबाकर हत्या की। अशरफ के चिल्लाने पर बगल के कमरे में सो रहे बेटों की नींद खुली और उन्होंने शोर मचाया, जिससे लोग जुट गए।'

## बोरिंग की मोटर चालू करते समय किसान की मौत



**शेखपुरा।** में सोमवार शाम सिंचाई के लिए मोटर चालू करने वाले किसान की करंट से मौत हो गई। हादसे में 50 वर्षीय किसान मनोज यादव की मौत हो गई। घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिसमा गांव से सामने आई है। वह अपने खेत में धान के बिचड़े की बुवाई कर रहे थे और सिंचाई के लिए बोरिंग की मोटर चालू कर रहे थे। इसी दौरान टोका जोड़ते वक्त अचानक करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें तुरंत शेखपुरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज यादव मेहनती, ईमानदार और शांत स्वभाव के किसान थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि खेतों में बिजली की लाइनें काफी जर्जर हैं और बार-बार शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाएं होती हैं। उन्होंने मामले की जांच और मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। पोस्टमॉर्टम के बाद कार्रवाई की बात नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल भेजा गया है।

# कारगिल युद्ध में शहीद हुए हवलदार के परिवार का सम्मान

## बेटा बोला- शहादत पर गर्व, 26 साल बाद भी नहीं मिली सरकार की दी गई जमीन





**पूर्णिया।** कारगिल ब्रिगेड से फौजियों का एक दल सोमवार को कारगिल युद्ध में शहीद हुए हवलदार रतन कुमार के पूर्णिया स्थित घर पर पहुंचा। कारगिल से आए इंडिया आर्मी की चार सदस्यीय टीम ने शहीद के परिजनों को सम्मानित किया। भारतीय सेना का ये सम्मान पाकर शहीद का परिवार भावुक हो गया। सूबेदार अमितवा दास के नेतृत्व में टीआईएफसी राकेश ठाकुर, हवलदार रणजीत सिंह और हवलदार अजय मिश्रा की चार सदस्यीय टीम पहुंची। इन्होंने 26वें कारगिल विजय दिवस को लेकर देश के लिए बलिदान देने वाले शहीद जवान हवलदार रतन कुमार की पत्नी मीना देवी, बेटे रूपेश कुमार सिंह और मंजेश कुमार सिंह को विजय प्रतीक के रूप में मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जवानों के आगे परिवार का दर्द छलक उठा। इन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीद जवान हवलदार रतन कुमार के शहादत के 26 साल होने वाले हैं। शहीद के परिवार को मिलने वाली 5 एकड़ जमीन सरकार की ओर से दान में मिली थी। 10 सीओ बदल गए, मगर आज तक 3 एकड़ जमीन पर हक नहीं मिल सकी। शहीद की पत्नी मीना देवी ने कहा कि ये पल भावुक भरा है। देश के लिए बलिदान देना सभी के नसीब में नहीं बेटे रूपेश कुमार सिंह ने कहा कि बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि आज हमारे घर पर सेना के पदाधिकारी आए हुए हैं। पापा जब शहीद हुए तो मेरी उम्र बहुत कम थी। ये बाते कम समझ में आती थी। देश के लिए बलिदान देना गर्व की बात है और ये सब के नसीब में नहीं होता है। बीच में एक घटना हुई थी। मैंने इसकी सूचना दी थी। फिर तुरंत मुझे परेशानी का समाधान मिल गया। सरकार की ओर से जमीन दी गई थी, जो आज तक मुझे नहीं मिला है। सरकार से निवेदन है कि मेरी इस परेशानी को देखा जाए। मेरे पास जमीन की रसीद है। हम बाहुबली से उलझना नहीं चाहते हैं।सूबेदार अमितवा दास ने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल दिवस है। भारतीय सेना छब्बीसवां कारगिल विजय दिवस आयोजित कर रही है, जिसके उपलक्ष्य में घर-घर शौर्य सम्मान महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत घर घर जा कर शहीदों के परिजनों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह दिया जा रहा है। इसी के तहत उनके नेतृत्व में कारगिल ब्रिगेड से फौजियों का चार सदस्यीय टीम फ्लावर मील शांति नगर स्थित शहीद जवान हवलदार रतन कुमार के घर पहुंचा। शहीद की पत्नी मीना देवी, बेटे रूपेश कुमार सिंह और मंजेश कुमार सिंह को विजय प्रतीक के रूप में मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही स्वजनों का हालचाल जाना गया है। परिवार वालों से संवाद करके उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली गई। समस्याओं पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कारगिल में देश की रक्षा में बलिदान देने वाले सभी वीर सपूतों को देश कभी नहीं भुला सकता है। देश मे सवर्ण अक्षरों उनका नाम लिखा हुआ है, वीर सपुतों पर देश को गर्व है। इसी कड़ी में शहीद गणेश प्रसाद यादव के परिजनों को भी पटना में सम्मानित किया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### नवादा में ओझा की गला रेतकर हत्या



**नवादा।** के कादिरगंज ओपी के आंती गांव में 25 वर्षीय ओझा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। मंगलवार की सुबह उसकी सिरकटी लाश आंती गांव के बधार में स्थित गेहूं लगी खेत से बरामद की गई। मृतक की पहचान हृदय राजवंशी(50) के रूप में हुई है। मृतक के पिता ने दिलीप तांती ने बताया कि वह ओझा गुणी का काम करता था। सोमवार की देर रात हृदय राजवंशी को रात फोन आया। फोन के बाद वह घर से निकल गए और फिर नहीं लौटे। जिसके बाद परिजन उनकी तलाश में निकले लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों को गांव के बधार में उसका शव मिला। शव की जांच में पता चला कि उनके गर्दन, कंधे और पेट में चाकू से कई वार किए गए थे। किसी से कोई दुश्मनी नहीं मृतक के भाई और बेटे ने बताया कि हृदय राजवंशी कई सालों से ओझा-गुनी का काम करते थे। उनकी किसी से कोई दुश्मनी या पुरानी रंजिश नहीं थी। रात में किसका फोन आया, यह भी परिजनों को नहीं पता। पुलिस ने शव के पास से मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। घटना के बाद रोह थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अनुसंधान के बाद ही हत्या के कारण और आरोपियों की पहचान हो पाएगी। जांच में जुटी पुलिस सदर एसडीपीओ ने बताया कि शव की पहचान हो गई है। मृतक ओझा गुणी का काम करता था। उसकी बहन की शादी आंती गांव में है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### डुमरांव में पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन




**डुमरांव।** नगर परिषद क्षेत्र में जल जीवन हरियाली योजना के अंतर्गत पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण कार्य चल रहा है। नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में स्थित पुराने कुओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने इस पहल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में लंबे समय से उपेक्षित कुओं की पहचान की गई है। इन कुओं की साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही चारदीवारी और ग्रिल लगाए जा रहे हैं। कुओं पर आकर्षक पेंटिंग भी की जा रही है। नगर परिषद को इस कार्य के लिए विशेष आर्थिक मदद मिली है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सभी काम निर्धारित समय में पूरे किए जाएं। इस पहल से न केवल कुओं का उपयोग फिर से शुरू होगा, बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

### डुमरांव में एसडीपीओ ने किया बैंकों का निरीक्षण



**डुमरांव।** में एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने मंगलवार सुबह 11 बजे बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा समेत करीब एक दर्जन बैंकों का निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और सायरन की कार्यप्रणाली की जांच की। उन्होंने सुरक्षा गार्ड से विस्तृत जानकारी ली। बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। बाहर घूम रहे संदिग्ध लोगों और उनके वाहनों की भी जांच की गई। एसडीपीओ की अचानक जांच से बैंक में अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने बैंक अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रखने की अपील की। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बैंकों में गहन जांच के निर्देश भी दिए गए।

### पत्नी को मनाने ससुराल पहुंचा तो बेइज्जत कर भगाया

**समस्तीपुर।** के पटोरी इलाके में एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना धर्मपुर बादि गांव की है। बताया जा रहा है कि युवक ने दो साल पहले लव मैरिज की थी। सोमवार की देर रात पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद पति ने जहर खाकर जान दे दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान धर्मपुर बादि गांव के रहने वाले कैलाश सिंह के बेटे चिंटू कुमार उर्फ भोला के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया और शव को परिजन को सौंप दिया। भाई बोला- 2 साल पहले इंटरकास्ट मैरिज की थी घटना के संबंध में मृतक के भाई चिल्लू कुमार का बताना है कि उसके भाई ने साहपुर उंडी गांव की एक लड़की से 2 साल पहले लव मैरिज अंतरजातीय विवाह की थी। उनका भाई बेरोजगार था। इधर-उधर मजदूरी कर घर चलाता था । शुरू में तो सब ठीक रहा लेकिन पिछले कुछ महीनों में आर्थिक तंगी के कारण भोला का उसकी पत्नी से हमेशा विवाद होने लगा। विवाद को लेकर पिछले सप्ताह भोला की पत्नी मायके शाहपुर गांव चली गई थी। पत्नी के जाने से नाराज चिंटू सोमवार को अपना ससुराल पहुंचा था, लेकिन ससुराल में भी दोनों के बीच काफी कहासुनी हुई। चिल्लू कुमार ने आरोप लगाया कि मनाने के दौरान कहासुनी के बाद भोला के ससुरालवालों ने उसे बेइज्जत कर वहां से निकाल दिया।



# ये हैं दुनिया की 5 सबसे कठिन डिग्रियां

अगर आप अपने करियर को ऊंचाइयों तक ले जाना चाहते हैं और शानदार कमाई करना चाहते हैं, तो इस आर्टिकल में बताए गई कठिन डिग्रियों में से किसी एक को चुन सकते हैं। हालांकि, इन डिग्रियों को हासिल करना आसान नहीं होता, लेकिन मेहनत और लगन से इन्हें पूरा करके आप अपने भविष्य को सुरक्षित और शानदार बना सकते हैं। अगर आप करियर में ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं और अच्छी कमाई का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए सही डिग्री चुनना बेहद जरूरी है। दुनिया में कई डिग्रियां ऐसी हैं, जिन्हें पूरा करना आसान नहीं होता है, लेकिन एक बार हासिल करने के बाद इनका स्कोप और सैलरी पैकेज जबरदस्त मिलता है। कठिनाई के बावजूद, इन डिग्रियों की डिमांड हमेशा बनी रहती है। तो आइए दुनिया की 10 सबसे कठिन डिग्रियों के बारे में जानते हैं, जिन्हें पाकर आप लाखों की कमाई कर सकते हैं।

## बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी

अगर आप डॉक्टर बनना चाहते हैं, तो MBBS दुनिया की सबसे कठिन डिग्रियों में से एक मानी जाती है। इसमें लंबे समय तक पढ़ाई, इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग करनी होती है। लेकिन इस फील्ड में करियर बना लिया, तो कमाई की कोई सीमा नहीं होती।

## इंजीनियरिंग

इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स काफी कठिन होता है, खासकर तब जब आप टॉप ब्रांच जैसे कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पढ़ाई कर रहे हों। इसमें थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट्स और इंटर्नशिप का कॉम्बिनेशन होता है, जो इसे और भी चैलेंजिंग बना देता है।

## चार्टर्ड अकाउंटेंसी

CA कोर्स दुनिया के सबसे कठिन कोर्सों में से एक है। इसमें कई स्तर के एग्जाम होते हैं और पास करने की दर भी काफी कम होती है। लेकिन अगर आप इसे पूरा कर लेते हैं, तो बड़े कॉरपोरेट हाउस में लाखों-करोड़ों के पैकेज पर जॉब पा सकते हैं या खुद की फर्म शुरू कर सकते हैं।

## एस्ट्रोनॉमी और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग

अगर आपको अंतरिक्ष और विमानन विज्ञान में रुचि है, तो यह डिग्री आपके लिए है। लेकिन यह बहुत ही कठिन होती है, क्योंकि इसमें गणित, भौतिकी और तकनीकी ज्ञान की गहरी समझ जरूरी होती है। नासा, इसरो जैसी एजेंसियों में काम करने का सपना देखने वालों के लिए यह एक बेहतरीन करियर ऑप्शन है।



# लॉ के बाद जज बनने और वकालत करने के अलावा भी हैं ढेर सारे विकल्प

यदि आप अपनी बातों को प्रभावी ढंग से सामने वाले के सामने रख सकते हैं और जिसे भारत के कानून के बारे में नई-नई बात जानने की उत्सुकता बनी रहती है, आपके मन में अक्सर किसी व्यवस्था को लेकर उदगार पैदा होते हैं और आप समझते हैं कि यदि आपके हाथ में कानून होता तो इसे ठीक करने की कोशिश करते , तो फिर लॉ का क्षेत्र आपके लिए ही है। अगर आप लॉ के बाद इसमें करियर बनाने की सोच रहे हैं तो आपको बता दें कि इसमें काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

लॉ में करियर लंबे समय से युवाओं के बीच पॉपुलर रहा है और अब इसमें विकल्पों के बढ़ने आपके लिए मनमाफिक विकल्प चुनना भी आसान हो गया है। दरअसल कानूनी पेचिदगियों और समाज के विस्तार के चलते कानून के जानकार प्रोफेशनल्स की जरूरत हर जगह बढ़ गई है। आज के समय में आम लोगों अपने अधिकारों के प्रति काफी जागरूक हैं, वे कानूनी प्रक्रियाओं को समझना चाहते हैं, ऐसे में लॉ में करियर बनाने वालों का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। साथ ही हर दिन किसी नई खोज या तकनीकी विकास के चलते पुराने और प्रचलित कानूनों में संशोधन करने की जरूरत होती है। और इस लिहाज से भी कानून के जानकारों की मांग में में इजाफा हुआ है।

## लॉ का ये है पाठ्यक्रम

लॉ से सम्बंधित 2 पाठ्यक्रम होते हैं पहला, 10+2 के बाद पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड लॉ पाठ्यक्रम और ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम। पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड लॉ पाठ्यक्रमों में भी अब पाँच प्रकार के पाठ्यक्रम हो गए हैं - आर्ट्स के छात्रों के लिए बीए एलएलबी, साइंस के छात्रों के लिए बीएससी एलएलबी, कॉमर्स के छात्रों के लिए बीकॉम एलएलबी, कंप्यूटर साइंस के छात्रों के लिए बीसीए एलएलबी और मैनेजमेंट के छात्रों के लिए बीबीए एलएलबी। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आपको क्लैट यानि कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट से गुजरना होगा, जो वर्ष में एक बार होता है। आपकी रैंकिंग के आधार पर आपको कॉलेज अलॉट किए जायेंगे। देश में कई ऐसे सरकारी विश्वविद्यालय हैं, जहाँ केवल लॉ की ही पढ़ाई होती है। ग्रेजुएशन के बाद के लॉ पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय अपना-अपना एंट्रेंस टेस्ट संचालित करते हैं।

## इस तरह बनें लायर



वह समय ख़त्म हो गया, जब आप लॉ की परीक्षा पास कर काला कोट पहन कर सीधे वकालत में सकते हैं। लॉ के बाद आपको बार काउन्सिल ऑफ़ इंडिया द्वारा संचालित आल इंडिया बार एग्जामिनेशन यानि एआईबीई देना होगा, जिसके बाद ही आप वकालत के लिए योग्य घोषित कर दी जाएंगी। इसके बाद आपका रजिस्ट्रेशन बार काउन्सिल ऑफ़ इंडिया में हो जायेगा और तब आप वकील के तौर पर काम करने की योग्यता प्राप्त कर लेंगीं।

## एकेडमिक्स में जाएं

यदि आपका ध्येय केवल एक वकील की तरह भारत के किसी भी न्यायलय में वकालत को अपना करियर बनाना है, तो इसमें एलएलएम (लॉ में पोस्ट ग्रैजुएट) की कोई भूमिका नहीं है। इसके लिए आपकी एलएलबी की डिग्री ही पर्याप्त है। एलएलएम और पीएचडी मुख्य रूप से वे महिलाएं करती हैं, जो लॉ के क्षेत्र में एकाडेमिक्स में जाना चाहती हैं और आगे चलकर किसी लॉ कॉलेज में एक लेक्चरर के रूप में अपना करियर बनाना चाहती हैं। अगर आप किसी कानून विशेष में स्पेशलाइजेशन करना चाहती हैं, तो पीजी और पीजी डिप्लोमा स्तर पर स्पेशलाइजेशन के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं।

## एनवायरमेंटल लॉयर

अगर आप प्रकृति के संरक्षण के बारे में गंभीरता से सोचती हैं तो एन्वायरमेंटल लॉयर बनने के बारे में सोच सकती हैं। इसके जरिए आप प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने से जुड़ी चीजों को बचाने की बात कह सकती हैं। इसके तहत आप पब्लिक इंट्रस्ट लिटिगेशन भी डाल सकती हैं। इसके अलावा एन्वायरमेंटल लॉयर्स की जरूरत एनजीओज में भी होती है, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान पर आवाज उठाते हैं।

## साइबर लॉयर

टेक्निकल एडवांसमेंट के दौर में साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं और इन पर काबू पाने के लिए साइबर लॉयर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर फर्जी ई-मेल भेजना, सोशल अकाउंट हैक करना, कंपनियों के साथ फ्रॉड, खातों से फर्जी तरीके से पैसे निकालना, एसएमएस हैकिंग, मोबाइल क्लोनिंग जैसे मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए कंप्यूटर और नेटवर्क सिक्योरिटी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसे देखते हुए आप कंप्यूटर एंड डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट बनने के बारे में भी सोच सकती हैं।

## पेटेंट एंड कॉपीराइट लॉयर

कई बार लोग अवैध रूप से किसी अन्य व्यक्ति की खोज को अपना नाम दे देते हैं, इससे सुरक्षा देता है पेटेंट एंड कॉपीराइट लॉ। कानूनी तौर पर अगर कोई थर्ड पार्टी मूल प्रॉडक्ट को बनाना चाहती है, तो उसे इसके लिए लाइसेंस लेने की जरूरत होती है और उस पर रॉयल्टी शुल्क देना पड़ता है। बौद्धिक संपदा यानी Intellectual Property बिजनेस के उभरते हुए क्षेत्रों में से एक है और इसमें यंग प्रोफेशनल्स की अच्छी खासी मांग है।

## लेबर लॉयर

कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों के अधिकार लेबर लॉ के तहत आते हैं। अक्सर कंपनियों में काम कर रहे इंप्लॉई अपने अधिकार और अन्य विवादों को लेकर अदालत में पहुंच जाते हैं। लेबर लॉ से जुड़े मामलों में इजाफा होने की वजह से इसमें भी आपके लिए आपके लिए अच्छी संभावनाएं हो सकती हैं।



## इंटरनेशनल लॉयर

अगर आपकी अंग्रेजी अच्छी है और आपकी अंतरराष्ट्रीय घटनाओं में रुचि है तो आप इंटरनेशनल लॉयर बनने के बारे में भी सोच सकती हैं। इसके तहत विभिन्न राष्ट्रों के राष्ट्रीय हितों से जुड़ी समस्याओं का कानूनी तरीके से हल निकाला जाता है।

## कॉरपोरेट लॉयर

देश में कंपनियों के बढ़ते प्रसार के बीच आजकल कॉरपोरेट लॉ का स्कोप भी काफी अच्छा है। इसके तहत कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स अपने यहां रखती हैं, जो उन्हें अपनी कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में सलाह दे सकें। कॉरपोरेट लॉयर्स के तौर पर अच्छा तजुर्बा हासिल होने पर अच्छा पे-पैकेज भी मिलता है।

## ये हैं जरूरी गुण

- बेहतर संवाद क्षमता
- अच्छी मेमोरी
- हाजिरजवाब
- तार्किक और चीजों का विश्लेषण करने में निपुण
- धैर्यवान होने का गुण
- समस्याओं के अनूठे हल निकालने में सक्षम
- कानूनी पहलुओं की अच्छी जानकारी
- समर्पण और कड़ी मेहनत



# बीसीए के बाद अच्छी जॉब के लिए बेहतरीन करियर ऑप्शंस



**बीसीए, एक पॉपुलर अंडरग्रेजुएट कोर्स है, जिसे कंप्यूटर साइंस और आईटी फील्ड में करियर बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, इस कोर्स को करेने के बाद, आगे क्या करें सोच कर आप भी परेशान चल रहे हैं, तो चलिए हम आपको यहां बीसीए के बाद के कुछ बेहतरीन करियर ऑप्शंस के बारे में बताते हैं।**

अगर आपने अंडरग्रेजुएट कोर्स बीसीए कर लिया है और अब समझ नहीं आ रहा कि आगे क्या करें, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। भले ही, अक्सर स्टूडेंट्स बीसीए के बाद क्या करें? इस सवाल को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं, पर आपको इतना सोचने की जरूरत अब तो बिल्कुल भी नहीं है, क्योंकि बीसीए के बाद आपके पास करियर के कई बेहतरीन विकल्प होते हैं, जिनमें उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरियां और प्राइवेट सेक्टर में हाई-सैलरी जॉब्स शामिल हैं। सही करियर ऑप्शन का चुनाव आप अपने स्किल्स, इंटरेस्ट और करियर गोल्स के आधार पर कर सकते हैं।

इसी क्रम में आइए हम आपकी दुविधा को दूर करते हैं। दरअसल, इस आर्टिकल में हम आपको बीसीए के बाद मिलने वाले टॉप करियर ऑप्शंस के बारे में विस्तार से बताएंगे, जिससे आप अपने फ्यूचर के लिए सही फैसला ले सकें और आगे जाकर आप एक अच्छी जॉब व हाई सैलरी पा सकें। बीसीए के बाद बेहतरीन करियर ऑप्शंस -

## MCA (Master of Computer Applications)

अगर आप अपनी तकनीकी स्किल्स को और मजबूत करना चाहते हैं, तो MCA करना एक बेहतरीन ऑप्शन है। यह कोर्स आपको सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे एडवांस्ड टॉपिक्स सिखाता है। रही बात इस कोर्स के बाद जॉब ऑप्शंस की तो आप इससे सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, डेटा साइंटिस्ट, आईटी कंसल्टेंट आदि बन सकते हैं। इसमें आपको लगभग रू 5-12 लाख प्रति वर्ष का पैकेज भी मिल सकता है।

## MBA (Master of Business Administration)

अगर आप मैनेजमेंट और लीडरशिप में करियर बनाना चाहते हैं, तो स्कआपके लिए सही रहेगा। खासकर IT Management, Business Analytics और Digital Marketing में MBA करने से आपको कॉर्पोरेट सेक्टर में अच्छी जॉब मिल सकती है। इस जॉब में आपको शुरुआत में कम से कम रू 6-15 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिल सकता है।

## डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में बनाएं करियर

बीसीए के बाद डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में करियर बनाना आज के समय में बहुत अच्छा विकल्प है। इस फील्ड में जॉब्स की डिमांड तेजी से बढ़ रही है और सैलरी भी काफी अच्छी है। बीसीए करने के बाद, आप डेटा साइंटिस्ट, एआई इंजीनियर, मशीन लर्निंग डेवलपर आदि बन सकते हैं। बात अगर सैलरी पैकेज की करें तो आपको रू 8-20 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिल सकता है।

## डिजिटल मार्केटिंग और SEO में हाथ आजमाएं

अगर आपको क्रिएटिविटी और मार्केटिंग में रुचि है, तो डिजिटल मार्केटिंग एक बेहतरीन करियर ऑप्शन हो सकता है, जो आप बीसीए करने के बाद आराम से कर सकते हैं। कंपनियां अपने बिजनेस को ऑनलाइन प्रमोट करने के लिए डिजिटल मार्केटर्स को हायर कर रही हैं। ऐसे में, आपको डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, SEO एक्सपर्ट, कंटेंट मार्केटर की पोस्ट मिल सकती है। साथ ही, रू 4-12 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिल सकता है।



# इंग्लैंड / भारत पहले टेस्ट का पांचवां दिन : बेन डकेट ने खेली शतकीय पारी, बारिश के चलते रुका मैच




**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट का आज पांचवां दिन है। भारत को जीत के लिए 10 विकेट की जरूरत है जबकि इंग्लैंड को एक दिन में जीत के लिए 350 रन बनाने होंगे। जैक क्रॉली और बेन डकेट क्रीज पर हैं। डकेट ने 121 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर लिया, जो टेस्ट क्रिकेट में उनका छठा शतक है। हालांकि बारिश के चलते मैच रूक गया है और इंग्लैंड ने बिना कोई विकेट गंवाए 181 रन बना लिए हैं।

भारत ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) की शतकीय पारियों से दूसरी पारी में 364 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए। दिन का खेल खत्म होने पर बेन डकेट नौ और जाक क्राउली 12 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने पहली पारी में 471 रन और इंग्लैंड ने पहली पारी में 465 रन बनाए थे।

जसप्रीत बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से इंग्लैंड को 465 रन पर आउट करने के बाद भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 90 रन बनाकर पहले क्रिकेट टेस्ट के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन अपनी कुल बढ़त 96 रन तक पहुंचाई। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (नाबाद 47, 75 गेंद, सात चौके) और साई सुदर्शन (30) ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े लेकिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (18 रन पर एक विकेट) ने दिन का खेल खत्म होने से कुछ समय पहले सुदर्शन को जैक क्राउली के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

बारिश के कारण जब समय से पहले दिन का खेल समाप्त किया गया तब कप्तान शुभमन गिल छह रन बनाकर राहुल का साथ निभा रहे थे। इससे पहले बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड पर भारत को छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। हैरी ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) एक रन से शतक से चूक गए जबकि ओली पोप ने 106 रन बनाए। बुमराह ने जोश टंग (11) को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया लेकिन इससे पहले निचले क्रम में क्रिस वोक्स (55 गेंद में 38 रन) ने तेजी से रन जुटाकर मेजबान टीम को भारत के 471 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया।

दूसरी पारी में भारत की शुरुआत खराब रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल सिर्फ चार रन बनाने के बाद चौथे ओवर में ब्राइडन कार्स की गेंद पर विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज राहुल और सुदर्शन ने इसके बाद पारी को संभाला। राहुल ने वोक्स पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि पहली पारी में बिना रन बनाए पवेलियन लौटे सुदर्शन ने कार्स पर चौके से टेस्ट क्रिकेट में अपने रनों का खाता खोला। राहुल और सुदर्शन दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी की।

राहुल ने 10वें ओवर में कार्स पर भी दो चौके मारे और फिर शोएब बशीर पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सुदर्शन ने बेन स्टोक्स पर चौका मारा लेकिन 24 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब जोश टंग की गेंद पर बेन डकेट ने बैकवर्ड प्वाइंट पर उनका कैच टपका दिया। सुदर्शन इसका फायदा नहीं उठा पाए और स्टोक्स की गेंद पर शॉर्ट मिड विकेट पर क्राउली को कैच दे बैठे। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाए। टीम ने सुबह के सत्र में 28 ओवर में 118 रन बनाए जबकि दूसरे सत्र में 23.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 138 रन जुटाए। प्रसिद्ध ने शॉर्ट गेंद पर जेमी स्मिथ (40) और ब्रूक को आउट किया लेकिन अपनी 20 ओवर की गेंदबाजी में रन गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे।

गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ छह ओवर गेंदबाजी की जिससे उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं। बुमराह पूरी पारी के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच में अब तक भारत का क्षेत्ररक्षण उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। ब्रूक को 82 रन पर बुमराह की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने दूसरा जीवनदान दिया। ब्रूक हालांकि इन मौकों का फायदा उठाकर शतक नहीं बना सके और 88वें ओवर में 99 रन के स्कोर पर प्रसिद्ध की गेंद पर शार्दुल को कैच दे बैठे। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली थी लेकिन टीम इसका अच्छा इस्तेमाल नहीं कर पाई। टेस्ट शतक (भारत के खिलाफ 2018 में) जड़ चुके वोक्स ने सत्र के अंत में प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर मिड विकेट और थर्ड मैन पर छक्के मारे। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया जबकि सिराज ने ब्राइडन कार्स (22) की पारी का अंत किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 209 रन से की। भारत ने सुबह के सत्र में कल के शतकवीर ओली पोप (106 रन, 137 गेंद, 14 चौके) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (20) के विकेट चटकाए। दूसरे दिन की तरह तीसरे दिन भी प्रसिद्ध, शार्दुल और सिराज की तिकड़ी अपने साथी तेज गेंदबाज बुमराह की तरह सटीक गेंदबाजी करने में नाकाम रही। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले बुमराह की नोबॉल पर आउट होने वाले ब्रूक को 46 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी ओवर में ब्रूक ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया जिससे भारतीय टीम की हताशा बढ़ गई जिसने अब तक मैच में कई कैच टपकाए हैं।

# नवम्बर में नहीं होगी क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज ने कथित तौर पर अपनी शादी को स्थगित कर दिया है, जो मूल रूप से 19 नवंबर 2025 को होनी थी। इस महीने की शुरुआत में लखनऊ में एक भव्य समारोह में सगाई करने वाले इस जोड़े ने शादी के लिए वाराणसी के ताज होटल को बुक किया था। लेकिन नवंबर के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के साथ रिंकू की पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण योजनाओं में बदलाव हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी अब फरवरी 2026 में होगी।

रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई इसी महीने 8 तारीख को हुई थी। यह एक निजी कार्यक्रम था जिसमें परिवार और करीबी सदस्य मौजूद थे। सगाई समारोह में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, अभिनेता जया बच्चन और भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। रिंकू ने सोशल मीडिया पर समारोह के दिल को छू लेने वाले पलों को साझा करते हुए बताया कि इस जोड़े ने इस पल का कितना लंबा इंतजार किया था।

हाल ही में 2025 के आईपीएल सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेट में एक जाना-माना नाम बन गए हैं। पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज ने 2024 के आम चुनाव में अपनी सीट पक्की की। वाराणसी के करखियांव गांव की रहने वाली प्रिया कई सालों से राजनीति में सक्रिय हैं और पहली बार अपने पिता (तुफानी सरोज) के 2022 के चुनाव प्रचार के दौरान लोगों की नजरों में आईं।

# आईसीसी ने ऋषभ को अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने के लिए फटकारा

**लीड्स (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत को अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फटकार लगायी है हालांकि वह प्रतिबंध से बच गये। आईसीसी ने ऋषभ को फटकार लगायी है और उनके खाते में एक नकारात्मक अंक जोड़ा गया है। इस मैच में ऋषभ की गेंद बदलने की अपील को अंपायर ने जांच के बाद खारिज कर दिया था जिससे नाराज होकर उन्होंने गेंद को फेंक दिया था। इसी कारण ऋषभ को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। पंत को प्लेयर्स एंड प्लेयर्स सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से जुड़ा है।

फटकार के भारतीय उपकप्तान के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक जोड़ा गया है। 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पहली पारी के 61वें ओवर के अंत में हुई, जब अंपायरों ने गेंद बदलने की मांग पर गेज से की जांच की और इसे नहीं बदलने का फैसला किया। भारतीय खिलाड़ी ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंककर अंपायरों के फैसले पर असहमति दिखाई। ऋषभ ने हालांकि अपने इस अपराध को स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की आगे जरुरत नहीं रही।

# यशस्वी को मिली ब्रेडमैन के विशिष्ट क्लब में जगह

**लीड्स (एजेंसी)।** यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और उसकी ओर से पांच शतक लगे। इस मैच में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे भारतीय टीम के यशस्वी जायसवाल को अपने अच्छे प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाज डॉन ब्रेडमैन के विशिष्ट क्लब में जगह मिली है। यशस्वी ने पहली पारी में शतक लगाया। इससे वह इंग्लैंड के खिलाफ कम से कम 500 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों में औसत के मामले में महान बल्लेबाज डॉन ब्रेडमैन, स्टीवी डेंप्स्टर, वॉरेंस रो और जॉर्ज हेडली के विशिष्ट क्लब में जगह बनाने में सफल हुए।




यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 159 गेंदों में 101 रन बनाए। इस प्रकार यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा औसत से टेस्ट रन बनाने के मामले में ब्रेडमैन का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी का औसत 90.33 रहा जबकि ब्रेडमैन का औसत 89.78 का है। हालांकि, दूसरी पारी में यशस्वी सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। इससे उनका औसत गिरकर 81.70 हो गया।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा औसत वाले बल्लेबाजों में शीर्ष पर ब्रेडमैन हैं।

ब्रेडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 89.78 की औसत से 5,028 टेस्ट रन बनाए थे। वहीं दूसरे नंबर पर स्टीवी डेंप्स्टर हैं।

डेंप्स्टर ने अंग्रेजों के खिलाफ 88.42 की औसत से 619 रन बनाए थे जबकि यशस्वी सूची मेंतीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 6 टेस्ट मैच की 11 पारियों में कुल 817 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 81.70 का रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में अब तक 3 शतक और इतने ही अर्धशतक लगाये हैं। लॉरेंस रो इस सूची में चौथे नंबर पर हैं। रो ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 74.20 की औसत से 742 रन बनाए हैं। सूची में वह चौथे नंबर पर हैं। वहीं पांचवें नंबर पर जॉर्ज हेडली है1 हेडली ने इंग्लैंड के खिलाफ 71.23 की औसत से 1852 टेस्ट रन बनाए हैं।

# पहले टेस्ट के पांचवें दिन भी काली पट्टी बांधकर खेले खिलाड़ी

लीड्स । भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी । भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था । वह 77 वर्ष के थे । उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं। दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा।' दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे । इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया । गौर हो कि भारत ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) की शतकीय पारियों से दूसरी पारी में 364 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए । पांचवें दिन इंग्लैंड ने बैन डकेट और जाक क्राउली की मदद से बिना विकेट गंवाए 108 रन बना लिए हैं ।



# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हो सकती है आर्चर की वापसी



लीड्स । इंग्लैंड के रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेल सकते हैं । आर्चर अब अपनी चोट से उबर गये हैं और व डरहम में ससेक्स की ओर से काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं । एक रिपोर्ट के अनुसार, ''आर्चर ससेक्स के लिये लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे हालांकि उनका नाम काउंटी चैम्पियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था । अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट के लिए उन्हे शामिल किया जा सकता है ।'' आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से फर्स्ट क्लास क्रिकेट से बाहर हैं । आर्चर ने साल 2021 से ही इंग्लैंड के लिए लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेला है, ऐसे में 4 साल बाद उनकी टीम में वापसी इंग्लैंड के लिए विशेष होगी । इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में ही कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं । उन्होंने कहा था, ''कई बार वह मुझे संदेश भेजता है । मैंने उसे यही सलाह दी कि जल्दबाजी नहीं करे । वह चोटों से काफी परेशान रहा है । उसकी वापसी इंग्लैंड के लिये महत्वपूर्ण होगी । उम्मीद है कि वह टेस्ट क्रिकेट में चयन के लिये उपलब्ध होगा ।'' आर्चर अपने करियर में चोटों से खासे परिशान रहे हैं । इसी कारण वह आईपीएल में भी काफी कम खेल पाये हैं । वह अगर दूसरे टेस्ट में वापसी करते हैं तो इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण जरुर बेहतर होगा ।

# वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकट से हराया, सीरीज भी जीती

**एंटवर्प (एजेंसी)।** केव हिल, 24 जून (वेब वार्ता)। कप्तान हेली मैथ्यूज (65 रन/एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली है।

दक्षिण अफ्रीका के 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 32 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। किआना जोसेफ (छह) और रीलेआना ग्रिमोंड (पांच) रन बनाकर आउट हुई। संकटमोचक के रूप में बल्लेबाजी करने आयी शमैन कैंपबेल ने कप्तान हेली मैथ्यूज के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 82 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। 16वें ओवर मैरीजान कप्प ने शमैन कैंपबेल को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। कैंपबेल ने 38 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से (42) रनों की पारी खेली। 18वें ओवर में सुने लूस ने हेली मैथ्यूज को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। हेली मैथ्यूज ने 50 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से (65) रनों की पारी खेली। शिनेल हेनरी 11 गेंदों में (20) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 148 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से मैरीजान कप्प ने दो विकेट लिये। सुने लूस और ए खाका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मैच में 65 रन बनाने और एक विकेट लेने वाली हेली मैथ्यूज को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार देर रात टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 147 रन का स्कोर खड़ा किया। कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने 24 गेंदों में (28), तेजमिन ब्रिट्स (20) और सुने लूस ने (13) रन का योगदान दिया। मियान स्मिट ने 38 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 59) रनों की पारी खेली। एन डी क्लार्क (पांच) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज की ओर से करिश्मा रामहैरक और ऐफी फ्लेचर ने दो-दो विकेट लिये। एस हेक्टर और हेली मैथ्यूज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



# बांग्लादेश ने श्रीलंका दौरे के लिए घोषित की टीम, लिटन की वापसी




ढाका । बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है । इस टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की वापसी के अलावा चार अन्य खिलाड़ियों को भी जगह मिली है । ये एकदिवसीय सीरीज 2, 5 और 8 जुलाई को होगी । पहले दो मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे जबकि अंतिम मैच पल्लेकेले में खेला जाएगा । मुख्य चयनकर्ता गाजी अशरफ हुसैन ने कहा कि लिटन को हाल ही में बांग्लादेश की टी20 टीम के कप्तान के रूप में नियुक्त किए जाने के कारण टीम में जगह दी गयी हालांकि उनका फार्म पिछले कुछ समय से खराब रहा है । अशरफ ने कहा, लिटन खराब दौर से गुजर रहे थे पर समय के साथ सब ठीक हो जाता है । वह टी20 कप्तान हैं, इसलिए हम अगले टी20 विश्व कप तक उनके बारे में विचार कर सकते हैं । अगर किसी को फॉर्म में आना है तो उसे मैदान पर समय बिताना होगा । हमें लगता है कि लिटन अपनी फॉर्म को एकदिवसीय से टी20 में ले जा सकते हैं । वहीं टीम में शामिल नए खिलाड़ियों में मोहम्मद नईम, शमीम हुसैन, तनवीर इस्लाम और हसन महमूद हैं । शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नईम ने अंतिम बार सितंबर 2023 में एकदिवसीय खेला था, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर को पहली बार एकदिवसीय टीम में जगह मिली है । तनवीर ने अबतक छह टी20 मैच खेले हैं ।

**टीम इस प्रकार है :** मेहदी हसन मिराज (कप्तान), तनजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, मोहम्मद नईम, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, लिट्टन दास, जेकर अली, शमीम हुसैन, रिशाद हुसैन, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिज़ुर रहमान, तनजीम हसन, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा, हसन महमूद ।

# दिनेश कार्तिक ने बुमराह की तुलना कोहिनूर से की

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह कोहिनूर हीरे की तरह कीमती खिलाड़ी हैं । कार्तिक ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए जिससे वह पहली पारी में 465 रन ही बना पायी । कार्तिक ने बुमराह की गेंदबाजी को देख कर ही उनकी तुलना बेशकीमती कोहिनूर हीरे से की है । कार्तिक ने बुमराह के लिए कहा, वह कोहिनूर हीरे की तरह कीमती है । वह सभी प्रारूपों में टीम के लिए महत्वपूर्ण है । वह किसी भी प्रारूप, गेंदबाजी चरण और किसी भी प्रकार के हालातों में अपना काम बखूबी करेगा । सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसके पास वह दिमाग है जो जानता है कि बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है और उसने इसे बहुत अच्छी तरह से समझा है । 200 से अधिक विकेट लेने वाले किसी भी गेंदबाज को देखा जाये तो उसका औसत सबसे अच्छा है, और यह आपको बताता है कि वह बहुत विशेष है । बुमराह ने टेस्ट में 14 वीं बार पांच विकेट लेकर कपिल के रिकॉर्ड की बराबरी की है । बुमराह एकमात्र खिलाड़ी रहे जिनके सामने मेजबान इंग्लैंड के बल्लेबाज दबाव में रहे ।

# पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोशी का निधन, बीसीसीआई ने शोक व्यक्त किया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया । वह 77 वर्ष के थे और लंदन में रह रहे थे, वहीं उन्होंने सोमवार को अंतिम सांसें लीं । दोशी ने साल 1979 से लेकर 1983 तक भारतीय टीम की ओर से 33 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैच खेलकर कुल 126 विकेट लिए थे । उन्होंने टेस्ट में 114 और एकदिवसीय में 22 विकेट लिए । 32 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले दोशी उन नौ भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में भी पांच विकेट लिए थे । तब किम ह्यूज की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत आई थी और उसमें देशी जबरदस्त प्रदर्शन कर खासे लोकप्रिय हुए थे । दोशी क्रिकेट से संन्यास के बाद लंदन में बस गये थे । दोशी ने साल 1980 के दशक में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। गुजरात के राजकोट में जन्मे दोशी ने सौराष्ट्र और बंगाल के अलावा इंग्लैंड में वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर की ओर से भी प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला । उन्होंने 238 प्रथम श्रेणी मैचों में 898 विकेट हासिल किए । उन्होंने 59 लिस्ट ए मुकाबलों में 75 विकेट लिए । उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है । उनके बेटे नयन दोशी ने सरे और सौराष्ट्र के लिए खेल है । दोशी के निधन की खबर से क्रिकेट जगत में शोक व्याप्त है , कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनके परिवार के प्रति संवेदना जतायी है । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है । बीसीसीआई के पूर्व सचिव निरंजन शाह ने कहा, यह मेरे लिए बेहद दर्दनाक और व्यक्तिगत क्षति है ।

# कुंबले ओर हरभजन में से किसी एक को बाहर करना होता था सबसे कठिन: गांगुली

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि उनके लिए कप्तान के तौर पर सबसे अधिक कठिन फैसला स्पिनर अनिल कुंबले और हरभजन सिंह में से किसी एक का चयन रहा है। गांगुली ने बताया है ये दोनो ही इतने बेहतर थे कि किसी एक को बाहर करने का फैसला मजबूरी में करना पड़ता था। साथ ही कहा कि बाहर किये जाने पर ये दोनो ही सवाल भी करते थे कि हमें किस प्रकार बाहर किया था जिसका जवाब देना कठिन होता था। गांगुली के अनसार ये दोनो ही चैंपियन थे और टीम में ऐसे खिलाड़ी होने ही चाहिए।

गांगुली ने हाल ही में कहा, मैं टीम के हित में लिए गए कठिन फैसलों को खिलाड़ियों को आसानी से समझा देता था पर कुंबले और हरभजन उनके लिए परेशानी पैदा कर देते थे। उन्होंने कहा, कई बार कुंबले और हरभजन में से किसी एक को चुनना सबसे कठिन काम था। भारत में ऐसा नहीं हुआ। उपमहाद्वीप में ऐसा नहीं हुआ पर जब आप हरी पिचों पर चले गए, जहां हमें एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जरूरत होती थी, तो मुझे कुंबले और हरभजन से किसी एक को ही रखना पड़ता था।

उन्होंने आगे बताया, कई बार ऐसा हुआ है जब वे दोनों साथ में खेले, लेकिन, हां, वह मुश्किल हिस्सा था। आप जिसे आराम देना चाहते थे, वह बहुत खुश नहीं होता था। बिल्कुल नहीं। उनका पहला सवाल होता था, मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? ईमानदारी से कहूं तो, आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत होती है जो आपको बताएं, मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? ये वे खिलाड़ी नहीं थे, जिन्हें आप कहते कि आप नहीं खेल रहे हैं और वे पांच दिन की छुट्टी पाकर खुश हो जाएंगे। आप टीम में ऐसे खिलाड़ी चाहते थे जो आकर आपसे कहें और पूछें कि मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? ये परिस्थितियां मेरे अनुकूल हैं, चाहे वे अनुकूल हों या नहीं हों। इस पूर्व कप्तान ने कहा, यही उनका मानना ??है कि वे भारत के लिए मैच जीतेंगे, उन हालातों में भारत के लिए मैच जीतेंगे। अनिल और हरभजन दोनों ही थे। हां। इतनी क्षमता, इतना आत्मसम्मान, प्रदर्शन पर इतना गर्व है, लेकिन मैं खुश था, क्योंकि दिन के अंत में, मेरे पास दो खिलाड़ी थे जो पूरी तरह चैंपियन थे। गांगुली की गिनती ऐसे कप्तान के तौर पर होत है जिन्होंने टीम को आक्रामक बनाया और जीत की आदत डाली। उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दिये।



## कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से होगी शुरू, महामारी के चलते 2020 से थी बंद

### - रूट में किया बदलाव, इस बार यात्रा टनकपुर, चंपावत होते हुए आगे बढ़ेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पांच साल के लंबे इंतजार के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हो रही है। साल 2020 में महामारी के कारण यह यात्रा बंद कर दी गई थी, लेकिन अब 30 जून से यह यात्रा दोबारा शुरू हो रही । यह यात्रा अगस्त तक चलेगी और हर साल की तरह इस बार भी उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख पास से शुरू होगी। कैलाश पर्वत हिंदू, बल्कि बौद्ध, जैन और तिब्बती में भी बेहद पवित्र माना जाता है। बौद्ध धर्म में इसे डेमचोक का निवास माना जाता है, वहीं जैन धर्म में यह पहला तीर्थंकर ऋषभदेव से जुड़ा है। तिब्बती मान्यता में कैलाश को स्वास्तिक पर्वत के रूप में पूजा जाता है। इसके साथ ही मानसरोवर झील भी पवित्र मानी जाती है, जहां भक्त स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा प्राचीन काल से चली आ रही है। यह यात्रा आध्यात्मिक शांति, आत्ममंथन और भगवान शिव के दर्शन के लिए की जाती है। हर साल सैकड़ों श्रद्धालु इस यात्रा को तय कर मानसरोवर झील के दर्शन और स्नान करते हैं। हाल ही में नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय की एक अहम बैठक की, जिसमें यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया गया। इस बार यात्रा का संचालन कुमाऊं मंडल विकास निगम कर रहा है। यात्रा की शुरुआत दिल्ली से होगी और फिर यात्री पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे से होते हुए कैलाश मानसरोवर जाएंगे। इस बार यात्रा का रूट में थोड़ा बदलाव किया है। पहले यह काटगोदाम और अल्मोड़ा होते हुए जाती थी, लेकिन अब यह टनकपुर, चंपावत होते हुए आगे बढ़ेगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक अनुभव भी है। ऊंचे पर्वतों, कठिन रास्तों और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच यह यात्रा भक्तों को आस्था, साहस और आत्मचिंतन का अद्भुत अवसर प्रदान करती है।

## टेस्ट में आए कम नंबर तो बाप ने कर दी बेटी की हत्या

सांगली (एजेंसी)। क्या आप सोच सकते हैं कि कोई पिता अपनी बेटी की हत्या सिर्फ इस कारण कर सकता है कि उसके टेस्ट में नंबर कम आए थे। जी हाँ ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र के सांगली से सामने आया है, जहां एक पिता ने नीट मॉक टेस्ट में कम नंबर आने पर बेटी की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय साधना भोंसले के नीट प्रैक्टिस टेस्ट में कम नंबर आए। इससे नाराज पिता ने उसकी पिटाई डंडे से कर दी। इसी बीच साधना के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सांगली के उषाकल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। उसकी इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतका साधना के 10वीं बोर्ड एग्जाम में 92.60 फीसदी अंक आए थे। पिछले एक साल से वह मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट नीट की तैयारी में लगी हुई थी। इस बीच हुए टेस्ट में उसके नंबर कम आए और इस कारण उसके पिता धोंडीराम भोंसले जो कि खुद एक स्कूल प्रिंसिपल हैं ने इस कदर उसे पीटा कि उसे गंभीर चोटें आ गईं। अब मां की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी का गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतका साधना की मां ने 22 जून को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि उसके पति ने कम नंबर आने पर पीट-पीटकर बेटी की हत्या कर दी है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार पिता ने बेटी को पीटने की बात स्वीकार कर ली है।

## बहराइच में तेंदुए का आंतक, आंगन में सो रहे ग्रामीण पर किया हमला

बहराइच (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में बहराइच के ग्रामीण इलाकों में वन्यजीवों के हमले बढ़ गए हैं कि अब मच्छरदानी में भी ग्रामीण नहीं सुरक्षित है। एक बुजुर्ग किसान घर के बरामदे में सो रहे थे। तभी तेंदुए ने उन पर हमला किया। लेकिन गनीमत रही की फौरन लोग दौड़ पड़े जिससे बुजुर्ग की जान बच गई। जानकारी के मुताबिक गांव बनकटी में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव के निवासी बलदेव सिंह मच्छरदानी लगाकर घर में सो रहे थे। तभी अचानक घर में घुसे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान सिंह तेंदुए से भिड़ गए और शोर मचाने लगे। उनका शोर सुनकर घर के लोग और ग्रामीणों ने तेंदुआ जंगल की ओर भाग दिया। घायल बलदेव सिंह को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने बताया कि तेंदुए के हमले से शरीर पर कई जगह जख्म हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी ने घायल बलदेव को तत्काल एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की और ग्रामीणों को तेंदुए के पकड़ने का आश्वासन दिया।

## लंदन से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में 5 यात्री, 2 केबिन क्रू हुए बेहोश

मुंबई (एजेंसी)।, एयर इंडिया की एक फ्लाइट में फिर चौंकाने वाली घटना हुई है। दरअसल लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट में सवार पांच यात्री और दो केबिन क्रू बेहोश हो गए हैं। यह विमान मुंबई में उतरा था। इस घटना ने एक बार फिर हड़कंप मचा दिया है। हाल ही में अहमदाबाद-लंदन विमान हादसे में 242 यात्रियों की मौत हो गई थी। हादसाग्रस्त विमान एयर इंडिया का था। इसके बाद एयर इंडिया के विमानों को लेकर कई शिकायतें सामने आ रही हैं। इस बीच सोमवार को AI130 फ्लाइट लंदन के हीथ्रो से मुंबई आ रही थी। इस यात्रा के दौरान पांच यात्रियों और दो क्रू मेंबर ने उड़ान के अलग-अलग चरणों में चक्कर आने और जी मिचलाने की शिकायत की। यह घटना मुंबई एयरपोर्ट पर हुई। हालांकि AI130 फ्लाइट मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गई। मुंबई एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक, विमान के मुंबई में सुरक्षित उतरने के बाद मेडिकल टीम तत्काल चिकित्सा सहायता देने के लिए तैयार थी। विमान के मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के बाद, दो यात्रियों और दो केबिन क्रू, जो अभी भी अस्वस्थ महसूस कर रहे थे, को आगे की जांच के लिए मेडिकल वार्ड में ले जाया गया। उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम घटना की जांच कर रहे हैं और नियामक को इसकी जानकारी दे दी है।

# अब सरकार सांसदों से संपर्क और संवाद के लिए बनाएगी संसदीय मैत्री ग्रुप !

### प्राक्कलन समितियों के सम्मेलन में स्पीकर ओम बिरला ने दी जानकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार अलग-अलग पार्टी के संसदों से संपर्क और संवाद के लिए संसदीय मैत्री ग्रुप बनाने पर विचार कर रही है। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दुनियाभर में भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सफलता के बाद संसदीय मैत्री समूह बनाने के बारे में सोच विचार किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने इसकी जानकारी दी।

मुंबई में प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि कई देशों में ऐसे संसदीय समूह होते हैं और वे हमें भी ऐसे ग्रुप बनाने के लिए कह रहे हैं। अब हम इस पर काम कर रहे हैं। संसदीय मैत्री ग्रुप को लेकर आने वाले संसद सत्र में सभी दलों के साथ चर्चा की जाएगी। संसदीय मैत्री ग्रुप संसदीय कूटनीति को मजबूत करने से लेकर कई मुद्दों पर बेहतर सहयोग के लिए काम करते हैं।

अलग-अलग पार्टी के सदस्य वाले इन मैत्री समूहों का विचार उन प्रतिनिधिमंडलों की यात्राओं के दौरान भी सामने आया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर दुनियाभर के अलग-अलग देशों में गए थे।

ओम बिड़ला ने भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारिका का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि देशभर की प्राक्कलन समितियों के प्रयासों से सरकारी धन के अनावश्यक खर्च को रोका गया है। अब हमारी कोशिश है कि प्राक्कलन समितियों के सभी सदस्य टेक्नोलॉजी जैसे एआई, डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल करें ताकि समीक्षा और अच्छी हो सके। टेक्नोलॉजी पारदर्शिता और जवाबदेही लाती है। इसके लिए हम सदस्यों को ट्रेनिंग भी देंगे।

23 साल बाद हो रहे इस सम्मेलन में संसद और राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों की प्राक्कलन समितियों के सभापति और सदस्य शामिल हुए। बिरला ने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत कुछ राज्यों की प्राक्कलन समितियों की 90-95 फीसदी तक सिफारिशों को सरकार ने लागू किया है। कुछ राज्यों में यह 60 फीसदी से कम है, हिमाचल प्रदेश में यह 15 फीसदी ही है। बिड़ला ने सभी समितियों को एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा करने का सुझाव दिया ताकि आंकड़ा हर राज्य में बढ़ सके।

इस सम्मेलन में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्राक्कलन समिति सरकार पर अंकुश रखने की एक मजबूत व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि हमारी कई समितियां पोस्टमार्टम समितियां हैं, जो कि घटना के बाद विचार करती हैं लेकिन प्राक्कलन समिति डायनामिक तरीके से काम करती हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि ये केवल समितियां नहीं बल्कि एक तरह से छोटा विधानमंडल है और उसे भी कई अधिकार मिले हुए हैं। संसद की प्राक्कलन समिति के सभापति संजय जायसवाल ने कहा कि संसद की प्राक्कलन समिति 10 अप्रैल 1950 को बनी और अब तक समिति ने 1033 रिपोर्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, आधारभूत ढांचे जैसे विषयों प्रस्तुत की हैं।

## लालू के बड़े लाल बनेंगे कॉमर्शियल पायलट, विमान उड़ाते नजर आएंगें



पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव अब विमान उड़ाते दिख सकते हैं। एविएशन क्षेत्र में रुचि रखने वाले तेजप्रताप को उड्डयन प्रशिक्षण निदेशालय की परीक्षा में सफलता मिली है। 18 कैंडिडेट्स परीक्षा में पास हुए हैं। इसमें तेजप्रताप का भी नाम है। उनका कॉमर्शियल पायलट की ट्रेनिंग के लिए चुनाव हुआ है। तेजप्रताप लंबे समय से एविएशन फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते थे। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तेज प्रताप ने पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की थी कि उन्हें भी देश की सेवा करने का मौका दें। तेजप्रताप ने फोटो शेयर की। इसमें वे पायलट की सीट पर बैठे दिख रहे हैं। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री जी एक बार देश की सेवा करने का मौका दीजिए। तेजप्रताप ने पोस्ट में लिखा कि माननीय प्रधानमंत्री जी, वंदे मातरम। विपदा की इस घड़ी में हम समस्त देशवासी एक साथ हैं। मैं, तेजप्रताप यादव, बतौर वायुयान चालक भी अपने दायित्वों का निर्वाह करने में सक्षम हूं। सीमा पर सुरक्षा प्रहरियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शत्रुओं के नापाक इरादों को नेस्तनाबूत करने की प्रबल इच्छा रखता हूं। आप से अनुरोध है कि हम नागरिकों को भी भारत माता की सेवा करने का मौका दिया जाए। देश और देश के नागरिकों की रक्षा में यदि मेरे प्राण भी निकल जाएं, तो मैं स्वयं को सौभाग्यशाली समझूंगा।'

## न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने लांच किया बेंगलुरु कैंपस

एजेंसी

पटना : अपने छात्रों की शानदार सफलता को देखते हुए, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसटी) ने बेंगलुरु में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी एजुकेशन के लिए अपने नए कैंपस को लॉन्च किया है। न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के 93 प्रतिशत सेकंड-ईयर अंडरग्रेजुएट छात्रों को रेजरपे, सर्वम एआई और जूमकार जैसी बड़ी टेक फर्म्स और डीआरडीओ जैसे रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन में इंटर्नशिप मिली है। कुछ छात्रों ने अपना दूसरा साल पूरा होते-होते दो इंटर्नशिप्स कर ली हैं, जो भारत के अंडरग्रेजुएट इकोसिस्टम में एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही यह एनएसटी के हैंड्स-ऑन, इंडस्ट्री फर्स्ट लर्निंग मॉडल का प्रमाण भी है।

भारत के टॉप टेक एवं स्टार्टअप हब इलेक्ट्रॉनिक सिटी में स्थित नए कैंपस को व्यावहारिक एवं जॉब-रेडी टेक एजुकेशन की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहाँ 2,500 छात्र पढ़ सकेंगे, साथ ही 1,000 छात्रों के रहने की व्यवस्था होगी। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स एवं टेक एंटरप्रेन्योरशिप में स्पेशलाइजेशन को ध्यान में रखकर तैयार एनएसटी के एकेडमिक मॉडल में क्लासरूम लर्निंग को रियल-वर्ल्ड इंडस्ट्री एक्सपोजर के साथ मिलाया जाता है। इससे सुनिश्चित होता है कि यहाँ ग्रेजुएट होने वाले हर छात्र के पास व्यावहारिक कौशल, मजबूत पोर्टफोलियो और जॉब-रेडी एक्सपीरियंस हो।

छात्रों को ऑन-कैंपस मेकर्स लैब फॉर रोबोटिक्स, अत्याधुनिक एआई मॉडल्स एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर और उद्योग जगत के अग्रणी लोगों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम तक पहुँच मिलेगी। इसके पाठ्यक्रम का आकार देने वाली हस्तियों में अश्विन के (आईसीपीसी वर्ल्ड फाइनलिस्ट, क्रेड के पूर्व टेक लेड), सौमित्र मिश्रा (मेक माई ट्रिप के फॉर्मर प्रिंसिपल इंजीनियर) और सिद्धार्थ मलिक (इसरो के पूर्व वैज्ञानिक) शामिल हैं।

# सफल हो रहा ऑपरेशन सिंधु: अब तक ईरान से 2003 लोगों को सुरक्षित निकाला



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंधु को जबरदस्त सफलता मिल रही है। ऑपरेशन के तहत अब तक 2003 लोगों सुरक्षित वतन वापसी हुई है। 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई नागरिक को लेकर एक विमान सोमवार को शाम 7-15 बजे नई दिल्ली पहुंचा। यह विमान ईरान के मशहद से लोगों को लेकर आया था और ऑपरेशन सिंधु का हिस्सा था। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इसके साथ ही अब तक 2003 भारतीय नागरिकों को ईरान से सुरक्षित वापस लाया जा चुका है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई को मशहद से निकाला गया और वे सभी सोमवार को शाम सात बजकर 15 मिनट पर एक विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंचे। भारत के निकासी अभियान 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इजराइल से जॉर्डन की राजधानी ले जाए गए कुल 161 भारतीय भी अम्मान से एक विशेष उड़ान से नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नागरिकों के आधी रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने की उम्मीद है। इससे पहले, शनिवार को 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत मशहद से 285 भारतीय नागरिकों को लेकर एक विशेष विमान दिल्ली पहुंचा। ये सभी यात्री बिहार, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से थे।

इसी तरह से ऑपरेशन सिंधु के तहत मशहद से एक और निकासी विमान 21 जून को शाम साढ़े चार बजे ईरान से 310 भारतीय नागरिकों के साथ नई दिल्ली पहुंचा था, जिसके बाद वहां से सुरक्षित निकाले जाने वाले भारतीयों की तादाद 827 पहुंच गई थी, जो कि अब 2000 से ज्यादा हो चुकी है। ईरान और इजरायल में जंग से मिडि-ईस्ट में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में भारत ने तय किया है कि दोनों देशों में फंसे अपने नागरिकों को वह सुरक्षित स्वदेश लाएगा।

भारत ने 18 जून को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की थी। ईरान से सुरक्षित रूप से निकाले गए 110 भारतीय नागरिकों का पहला समूह 19 जून को भारत पहुंचा था। कई लोगों ने वहां की भयावह स्थिति के बारे में अपनी आपबीती बताई। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इन लोगों के दिल्ली हवाई अड्डा पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

# अब महाराष्ट्र में हिंदी को तीसरी भाषा बनाने का फैसला रुका



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लाने का फैसले पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। महाराष्ट्र में पहली से पांचवीं कक्षा के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर लागू किया जाना था। लेकिन सोमवार रात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद इस पर रोक लग गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक अंतिम फैसले से पहले साहित्यिक दिग्गजों, विषय विशेषज्ञों और नेताओं से विचार-विमर्श किया जाएगा। माना जा रहा है कि स्थानीय निकाय चुनावों के निकट आने के चलते प्रदेश सरकार ने यह फैसला रोका है।

यह दूसरी बार है जब प्रदेश सरकार को तीसरे भाषा के रूप में हिंदी को लागू करने को लेकर पीछे हटना पड़ा है। इसी साल अप्रैल में एक सरकारी निर्णय जारी हुआ था। इसमें कहा गया कि हिंदी तीसरी भाषा होगी और यह कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए अनिवार्य होगी। हालांकि मनसे और अन्य लोगों के विरोध के बाद सरकार ने यह फैसला रोक दिया। 17 जून को राज्य ने एक संशोधित आदेश जारी हुआ। इसमें सरकार ने तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य हिंदी शब्द को हटा दिया। इसके बदले छात्रों को किसी अन्य भाषा का विकल्प चुनने का अवसर दिया, बशर्ते कम से कम 20 छात्रों ने उसके लिए विकल्प चुना हो। महाराष्ट्र में यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। कक्षा एक से पांचवीं तक में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने को लेकर यहां काफी विरोध हो रहा है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने इस फैसले का विरोध किया है। गौरतलब है कि आगामी स्थानीय चुनाव के लिए भाजपा और शिवसेना (शिंदे) मनसे को अपने साथ लाना चाहते हैं। विपक्ष ने कहाकि यह कदम भाजपा का है। वह प्रदेश में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में थोपना चाहती है। सिर्फ राजनीतिक तबकों ही नहीं, बल्कि साहित्य से जुड़े लोग भी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। साल 2021 में अपनी कविता के लिए राज्य पुरस्कार से सम्मानित कवि हेमंत दिवाते ने कहाकि अगर हिंदी लागू की गई तो वह अपना पुरस्कार लौटा देंगे।

## छत्तीसगढ़ में झकझोर देने वाला कांड: 115 दिनों में 30 पत्नियों को उतार दिया मौत के घाट



रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां पिछले 115 दिनों में, 30 महिलाओं की उनके पतियों ने हत्या कर दी है। इसका मतलब है कि हर चार दिन में एक हत्या हो रही है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया पर पत्नियों को हत्यारा कहा जा रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस के रिकॉर्ड एक अलग ही कहानी बताते हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि वहां कितनी भयावह स्थिति है। धमतरी में एक युवा जोड़े की शादी को सिर्फ तीन महीने हुए थे। 7 जून को पति ने अपनी पत्नी के साथ एक फोटो पोस्ट की और प्यार जताया। तीन दिन बाद, उसने दरांती से उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपी पति धनेश्वर पटेल ने अपनी पत्नी पर चरित्र को लेकर शक होने पर उसकी हत्या करने की बात कबूल की है। एक और मामला बालोद का है। 22 मार्च को एक सड़क दुर्घटना हुई थी। एक स्कूल टीचर की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन जांच में पता चला कि उसके पति शीशपाल और उसके दोस्त ने मिलकर हत्या की थी और उसे दुर्घटना का रूप दिया था। एक पुलिस अधिकारी योगेश पटेल ने बताया, आरोपी के एक परिचित कयामुद्दीन ने पूछताछ में बताया कि हत्या की योजना पहले से बनाई गई थी। छत्तीसगढ़ में पत्नियों की हत्या के 30 मामलों में से 10 से ज्यादा शक या जलन की वजह से हुए। 6 मामले नशे में हुए। दो मामले यौन संबंध बनाने से इनकार करने पर हुए। बाकी मामले घरेलू हिंसा, दहेज विवाद या वैवाहिक तनाव के कारण हुए। एक समाजशास्त्री प्रोफेसर सोशल मीडिया पर चल रही गलत बातों की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा, यह गुस्सा पितृसत्तात्मक समाज की वजह से है। पुरुषों ने हजारों हत्याएं की हैं, लेकिन अगर कोई महिला ऐसा करती है, तो पूरे जेंडर को दोषी ठहराया जाता है। हत्या तो हत्या होती है। जेंडर से इसकी गंभीरता नहीं बदलनी चाहिए। कुछ सनसनीखेज मामलों के आधार पर महिलाओं को लेबल करना हमारी पुरुष-प्रधान मानसिकता को दर्शाता है। पत्नियों को ट्रोल करना न केवल गलत है, बल्कि खतरनाक भी है।

# आर्मी के गद्दार जवान ने खोले राज: ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने पर पाकिस्तान देता था पैसे

अमृतसर (एजेंसी)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले भारतीय सेना के जवान गुरप्रीत सिंह और उसके साथी साहिल मसीह को पिछले दो महीनों में दो लाख रुपये मिले थे। यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की गई है, जिसे गुरप्रीत ने अपने साथी साहिल के बैंक खाते में डलवाया।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने भी अमृतसर में डेरा डाल लिया है। सोमवार की शाम को गुरप्रीत और साहिल को जेआइसी (ज्वाइंट इंटेरोगेशन सेंटर) में उनसे पूछताछ की। इस घटना से स्पष्ट है कि जासूसी का यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक व्यापक नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहराई से जांच कर रही हैं ताकि इस जासूसी के पीछे के सभी तत्वों का पता लगाया जा सके।

यह भी पता चला है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी गुरप्रीत ने आईएसआई को कई सैन्य ठिकानों की जानकारी भेजी थी। उधर, कोर्ट ने दोनों आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है और मंगलवार को इन्हें फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसएसपी मनिंदर सिंह ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि गुरप्रीत सिंह ने जम्मू के अलावा दिल्ली कैंट और मेरठ कैंट में भी अपनी ड्यूटी की है। पुलिस को संदेह है कि वह लंबे समय से आईएसआई के एजेंट राणा जावेद के संपर्क में था। उसने जम्मू के साथ-साथ दिल्ली, मेरठ और पंजाब के कई सैन्य ठिकानों की जानकारी राणा जावेद के माध्यम से आईएसआई को दी है।

धालीवाल निवासी गुरप्रीत का राणा जावेद के साथ गांव के नशा तस्कर अर्जन नामक व्यक्ति ने संपर्क करवाया था। वह इस समय दुबई में रह रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अर्जन का जल्द ही एलओसी जारी किया जाएगा। गिरफ्तार किए गए गुरप्रीत सिंह का पिता गांव के ही गुरुद्वारा साहिब में सेवादार है। दोनों आरोपित फताहपुर जेल में बंद हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**